वर्ष 10 | अंक 321 | लखनऊ, 12 जुलाई बुधवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

आमंत्रण मूल्य ₹3

उत्तर भारत में बारिश से हाहाकार

दिल्ली में बाढ़ के निशान से महज एक मीटर दूर यमुना, हिमाचल में रेड अलर्ट, उत्तराखंड में रोकी गई केदारनाथ यात्रा

नई दिल्ल (एजेंसी)। समूचा उत्तर भारत इस समय भारी बारिश की चपेट में आया हुआ है। उत्तर भारत के अधिकतर राज्यों में कई शहर बारिश की चपेट में है। अनेक स्थानों पर बाढ़ का कहर है। कई इलाकों में सड़कें और आवासीय इलाके घुटने तक पानी में डूबे हुए है। उत्तराखंड में भारी भूस्खलन हुआ है, जिसके संबंध में राज्य के मुख्मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर ट्वीट किया है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी-गंगोत्री राजमार्ग पर मलबे की चपेट में आने से 3 वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन वाहनों में चार लोग सवार थे जिनके घायल होने की दुखद सूचना मिली है। इस संबंध मे जिला प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल कार्रवाई शउरू कर दी है। घायलों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने एक बार फिर जनता से अपील करते हुए कहा कि समस्त देवतुल्य जनता से मेरा अनुरोध है कि भारी बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा करने से बचें। इसी बीच भारी बारिश के कारण केदार नाथ यात्रा को भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया है।

दिल्ली में यमुना का जलस्तर 206 मीटर के निशान को पार कर गया, जिससे बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। दिल्ली में नदी का पानी अनुमान से काफी पहले सोमवार शाम को खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया था। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बाढ़-निगरानी मंच के अनुसार, ÷हरियाणा द्वारा यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में अधिक पानी छोड़े जाने के कारण मंगलवार सुबह छह बजे तक ओल्ड रेलवे ब्रिज पर जलस्तर बढ़कर 206.28 मीटर हो गया। इसके मंगलवार दोपहर तक 206.65 मीटर तक बढ़ने की आशंका है। इसके बाद उम्मीद है कि नदी में पानी का स्तर धीरे-धीरे कम होता जाएगा। हिमाचल प्रदेश में सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी बारिश का कहर जारी है जहां बीते दो दिन में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन में 18 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने बारिश के मद्देनजर यहां रेड अलर्ट घोषित किया गया है। भारी बारिश के कारण जलविद्युत परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। बारिश ने सैंकड़ों करोड़ रुपये की संपत्ति को भी नष्ट कर दिया है। बारिश के कारण पूरे राज्य में शैक्षणिक संस्थानों को मंगलवार को भी बंद रखने का आदेश दिया गया है। भूस्खलन के बाद सोमवार को शिमला शहर से लगभग 16 किमी दूर शोघी के पास शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया। यहां मंडी में सिक्स माइल एरिया में भूस्खलन हुआ है जिसकी वजह से चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाइवे बंद किया गया है।

हथिनीकुंड बैराज पर पानी का बढ़ रहा प्रवाह

हथिनीकुंड बैराज पर पानी का प्रवाह सुबह 10 बजे बढ़कर 3,44,035 क्यूसेक था जो पूर्वाह्न 11 बजे बढ़कर 3,59,760 क्यूसेक हो गया। आमतौर पर, बैराज पर पानी की प्रवाह दर 352 क्यूसेक रहता है, लेकिन जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण इसका प्रवाह बढ़ जाता है। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकंड के बराबर होता है। बैराज से पानी दिल्ली पहुंचने में करीब दो से तीन दिन लग जाते हैं। दिल्ली सरकार ने मूसलाधार बारिश के कारण सोमवार को सभी स्कूलों को बंद रखने की घोषणा की थी और सरकारी अधिकारियों की रविवार की छुट्टी रद्द करते हुए उन्हें ड्यूटी पर रहने का निर्देश दिया था। अधिकारियों से सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके अलावा, त्वरित प्रतिक्रिया दल और नौकाएं तैनात की गई हैं।

यमुना में जलस्तर और बढ़ा, 'ओल्ड रेलवे ब्रिज' यातायात के लिए बंद

नयी दिल्ली। दिल्ली में यमुना का जलस्तर 206 मीटर के निशान को पार कर गया, जिससे बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का काम शुरू कर दिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को जानकारी दी कि 'ओल्ड रेलवे ब्रिज' को सड़क व रेल यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। दिल्ली में नदी का पानी अनुमान से पहले सोमवार शाम को खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया था। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बाढ़-निगरानी मंच के अनुसार, हरियाणा द्वारा यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में अधिक पानी छोड़े जाने के कारण सोमवार शाम पांच बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज पर जलस्तर बढ़कर 205.4 मीटर हो गया था और मंगलवार सुबह छह बजे तक ओल्ड रेलवे ब्रिज पर जलस्तर बढ़कर 206.38 मीटर पर पहुंच गया। इसके मंगलवार शाम तक 206.75 मीटर तक बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार, एहतियातन ओल्ड रेलवे ब्रिज को सड़क व रेल यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने के कारण यमुना बाजार के निवासियों के घुटनों तक पानी से होकर गुजरने के वीडियो सोशल मीडिया पुर भी प्रसारित हुए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में सोमवार को कहा था कि दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका नहीं है, लेकिन सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। केजरीवाल ने कहा था कि नदी के 206 मीटर के निशान को पार करते ही निचले इलाकों से लोगों को निकालना शुरू कर दिया जाएगा। नदी में जलस्तर के 206 मीटर के 'निकासी स्तर' (इवेक्यूएशन मार्क) के पार जाते ही निचले इलाकों से लोगों को निकालना शुरू कर दिया जाता है। पूर्वी दिल्ली जिले के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने के बाद सोमवार रात को वहां से लोगों को निकालना शुरू किया गया। उन्होंने कहा, '' केवल प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को ऊंचे स्थानों पर बने शिविरों में स्थानांतरित किया गया है।''

संक्षिप्त

भारत में खतरे में नहीं है कोई भी धर्म : अजीत डोभाल

नई दिल्ली। मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव शेख डॉ. मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा से मुलाकात के बात भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत दुनिया में दूसरी और सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी का घर है। उन्होंने कहा कि भारतीय मुस्लिम आबादी इस्लामिक सहयोग संगठन के 33 से अधिक सदस्य देशों की संयुक्त आबादी के लगभग बराबर है। डोभाल ने कहा कि हिंदू धर्म और इस्लाम की गहरी आध्यात्मिक सामग्री ने लोगों को एक साथ लाया और एक-दूसरे की सामाजिक और बौद्धिक समझ लाने में मदद की।

विभागों के बंटवारे को लेकर खींचतान जारी

मुंबई। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार और पार्टी विधायकों के एक वर्ग के शामिल होने के नौ दिन बाद, बहुप्रतीक्षित राज्य मंत्रिमंडल विस्तार अभी तक नहीं हुआ है। इसको लेकर महाराष्ट्र में चर्चाओं का दौर जारी है। राज्य में सत्तारूढ़ शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सूत्रों ने बताया कि यह कदम विभागों के बंटवारे को लेकर अटका हुआ है।

ईडी डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल विस्तार अवैध

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा को तीसरा विस्तार देने का आदेश रद्द कर दिया। आदेश सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि तीसरी बार विस्तार कानून के तहत अमान्य है। प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल 31 जुलाई, 2023 को समाप्त होने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के पास कार्यकाल बढ़ाने का अधिकार नहीं है। बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता और मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव जया ठाकुर द्वारा दायर एक याचिका में प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के रूप में संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल के विस्तार के लिए केंद्र द्वारा पारित नवंबर 2021 के आदेश को रद्द करने की मांग की गई है।

600 मेगावाट क्षमता की ओबरा 'डी' तापीय परियोजना को मंजूरी, सस्ती मिलेगी बिजली

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

प्रदेश में विद्युत उत्पादन बढ़ाने और उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के क्रम में योगी सरकार ने सोनभद्र जिले में 1600 मेगावाट क्षमता की ओबरा 'डी' तापीय परियोजना की स्थापना के लिए मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में परियोजना के अंतर्गत 17985.27 करोड़ रुपये की लागत से 800 मेगावाट की दो इकाइयां स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। यह राज्य की पहली अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट होगी। कैबिनेट बैठक में कुल 16 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की प्रौद्योगिकी उन्नत होने के साथ इसकी कार्यक्षमता अधिक होती है। प्लांट में कोयले की खपत अपेक्षाकृत कम होती है। इससे बिजली पैदा करने की लागत कम होती है। उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली मिलती है। उन्होंने बताया कि बीती फरवरी में हुई यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच ओबरा में एक तापीय परियोजना स्थापित करने का समझौता हुआ था। इसी समझौते के तहत राज्य सरकार ने यह परियोजना सथापित करने का निर्णय किया है। ओबरा 'डी' तापीय परियोजना की स्थापना एनटीपीसी और उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के 50:50 अंशधारिता के संयुक्त उद्यम मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड (एमयूएनपीएल) के माध्यम से की जाएगी।

आर्टिकल 370 मामले में दो अगस्त से होगी सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 2 अगस्त से सुनवाई करेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने कहा कि याचिकाओं की सुनवाई सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर दैनिक आधार पर होगी।

सुनवाई 2 अगस्त को सुबह 10:30 बजे शुरू होने वाली है। अदालत ने यह भी कहा कि पक्ष इस मामले पर 25 जुलाई तक अपने लिखित दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को दिए निर्देश

आज क्या हुआ

पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय दो अगस्त से सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की सूची से अपना नाम हटाने के लिए आईएएस अधिकारी शाह फैसल द्वारा दिए गए आवेदन पर विचार की मंजूरी दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाकर्ताओं की सूची से अपना नाम हटाने के अनुरोध वाली, कार्यकर्ता शेहला राशिद शोरा की याचिका भी विचारार्थ स्वीकार की। सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने दस्तावेज दाखिल करने, पक्षों द्वारा लिखित दलीलें देने के लिए 27 जुलाई की समय सीमा तय की है।

क्या है मामला

याचिकाएं 5 अगस्त, 2019 के राष्ट्रपति के आदेश को चुनौती देती हैं, जिसने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। अनुच्छेद 370 को खत्म करने को चुनौती देते हुए कुल 23 याचिकाएं दायर की गई हैं। संविधान पीठ ने सभी पक्षों से 25 जुलाई तक ऑनलाइन मोड में अपनी प्रतिक्रिया देने को कहा है। पीठ ने कहा कि मामले से जुड़ी सभी फाइलें और दस्तावेज पेपरलेस मोड में जमा किये जाने चाहिए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि वह जम्मू-कश्मीर के हालात को लेकर केंद्र की ओर से दाखिल ताजा हलफनामे पर सुनवाई नहीं करेगा।

गाजियाबाद में बस ने कार को मारी टक्कर, 6 की मौत

गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज़

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल सुबह करीब 6 बजे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर एक स्कूल बस और एक कार के बीच जबरदस्त टक्कर हो गयी जिससे 6 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाज़ियाबाद के ट्रैफ़िक आरके कुशवाहा ने बताया कि बस गलत लेन में आ रही थी जिसके चलते यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि बस ड्राइवर को पकड़ लिया गया है। बताया जा रहा है कि सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। उधर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग़ाज़ियाबाद में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

खड़गे ने विपक्षी दलों के नेताओं को लिखा पत्र

अगली बैठक के लिए किया आमंत्रित

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली अगली एकता बैठक में भाग लेने के लिए शीर्ष विपक्षी नेताओं को आमंत्रित किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने शीर्ष विपक्षी दल के नेताओं को संबोधित एक पत्र में उन्हें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बुलाई गई 23 जून को पटना में आयोजित विपक्षी बैठक में उनकी भागीदारी के बारे में याद दिलाया। अपने पत्र में खड़गे ने लिखा कि बैठक एक बड़ी सफलता थी क्योंकि हम विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और एक साथ चुनाव लड़ने पर सहमत हुए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने में सक्षम हुए जो हमारी लोकतांत्रिक राजनीति को खतरे में डालते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने नेताओं को आगे याद दिलाया कि हम जुलाई में फिर से मिलने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इन चर्चाओं को जारी रखना और हमने जो गति बनाई है उसे आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

कई नए दल भी हो सकते हैं शामिल

2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष की पहली बैठक पटना में हुई, जिसमें 15 से ज्यादा पार्टियां शामिल हुई। बैठक में शामिल होने वालों में एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राकांपा प्रमुख शरद पवार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन समेत कई नेता शामिल थे। यह बैठक आगामी 2024 के आम चुनावों में भाजपा को हराने के लिए विपक्ष की रणनीति तैयार करने के लिए हो रही है।

गोरखपुर से लखनऊ जा रही वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

कई खिड़कियों के शीशे टूटे

वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की एक और घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को उत्तर प्रदेश में अज्ञात बदमाशों ने गोरखपुर-लखनऊ सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन को निशाना बनाया। गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस शनिवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलती है, जिसमें 550 से कुछ अधिक यात्री आते हैं। खबरों के मुताबिक, पथराव के कारण कोच संख्या सी1, सी3 और एक्जीक्यूटिव कोच की चार खिड़कियों के शीशे टूट गये हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पिछले दिनों अलग-अलग मार्गों पर कम से कम सात ऐसी पथराव की घटनाएं सामने आई हैं। हाल ही में 5 जुलाई को कर्नाटक के चिक्कमगलरू जिले में कदुर-बिरूर सेक्शन के बीच बेंगलुरु-धारवाड़ वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किया गया था। पत्थर सी5 कोच की सीट नंबर 43 और 44 और ईसी-1 कोच के शौचालय के शीशों पर लगे। घटना के कारण बाहरी शीशा क्षतिग्रस्त हो गया।

राहत | **50वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद बुधवार के कारोबारी सत्र के दौरान ऑनलाइन गेमिंग स्टॉक फोकस में रहेंगे**

सिनेमा हॉल में अब खाना सस्ता, ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगेगा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को नई दिल्ली में परिषद की 50वीं बैठक के समापन के बाद कहा कि वस्तु एवं सेवा कर परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कैसीनो पर पूर्ण मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया है। इस बात पर विचार-विमर्श हुआ कि क्या दांव के अंकित मूल्य, सकल गेमिंग राजस्व या केवल प्लेटफ़ॉर्म शुल्क पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाए।

ऑनलाइन गेमिंग स्टॉक फोकस में रहेंगे

50वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद बुधवार के कारोबारी सत्र के दौरान ऑनलाइन गेमिंग स्टॉक फोकस में रहेंगे। एक झटके में परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग के पूर्ण मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी दर लगाने का फैसला किया।

50 वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद बुधवार के कारोबारी सत्र के दौरान ऑनलाइन गेमिंग स्टॉक फोकस में रहेंगे।



जीएसटी की मुख्य बातें

- काउंसिल ने ऑनलाइन गेमिंग के मामले में कौशल और मौका के खेल के अंतर को खत्म करने का फैसला किया।
- ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी दर लगाई जाएगी।
- कर की दर प्रवेश बिंदु पर दांव के पूर्ण अंकित मूल्य पर लगाई जाएगी।
- जीएसटी कानून में बदलाव किया जाएगा कि ये तीनों सप्लाई लॉटरी और सट्टेबाजी की तरह कार्रवाई योग्य दावे नहीं हैं।
- जीएसटी कानून में संशोधन के बाद बदलाव लागू होंगे।

सिनेमा हॉल में परोसे जाने वाले खाने पर जीएसटी दर घटाई गई

फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक में सिनेमा हॉल में परोसे जाने वाले भोजन पर जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया। पहले जीएसटी दर 18 फीसदी थी।

अवैध निर्माण पर अधिकारी मौन

तानाशाही

जोन-7 सहायक अभियंता अवैध निर्माण पर बोले खबर चाहे जितनी चला ले मुझ पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला मेरी पहुंच शासन तक है

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ विकास प्राधिकरण का जोन-7 जो पुराना शहर में आता है, अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गिना जाता है। यहां पर ऐतिहासिक महत्व की एवं तमाम धरोहरें मौजूद हैं। साथ ही यह क्षेत्र घनी आबादी के रूप में बसा हुआ है, यहां पर अब कोई भी जगह खाली नहीं है, इसलिए यहां पर जब भी कोई इमारत बनती है, तो पुरानी इमारत तोड़कर ही बनती है, जिसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने तमाम नियमवाली बना रखी है, ताकि ऐतिहासिक धरोहरों की यथा स्थिति बनी रहे, और कोई अतिक्रमण ना होने पाए, और पुराना शहर अपने इतिहासिक महत्व को बरकरार रखते हुए सुनियोजित ढंग से विकसित होता रहे। इस जोन में चौक, ठाकुरगंज, सहादतगंज, तालकटोरा बाजार खाला आंशिक काकोरी आदि क्षेत्र आते हैं। इन क्षेत्रों में प्रवर्तन जोन-7 सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के संरक्षण में सैकड़ों अवैध निर्माण चल रहे हैं। समय समय पर पत्रकारों द्वारा इन अवैध निर्माणों की खबर विभिन्न प्लेटफार्म पर चलाई जाती है। जिस पर सहायक अभियंता का कहना है, कि खबर चाहे जितनी चला ले मुझ पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला मेरी पहुंच शासन तक है, और डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन में प्रदेश महासचिव ऐसे ही नही बना हूं। प्रवर्तन जोन-7 में अधिकारियों की संलिप्तता से चल रहे हैं, धुआंधार अवैध निर्माण, जनहित में जनता द्वारा कई बार अवैध निमाणो की शिकायत की गई। लेकिन अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और ना ही सहायक अभियंता पर जिम्मेदार अधिकारी मौन है। जिस तरह का माहौल प्रवर्तन जोन-7 में बना हुआ है, यह विकास प्राधिकरण पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है, यह प्राधिकरण है, या प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। प्रवर्तन जोन-7 में हो रहे अवैध निर्माणों पर सहायक अभियंता बात करने से सीधे मना करते हैं, और अपने अधीनस्थ अवर अभियंताओं से भी बात नही करने देते, कहतें हैं प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने मना किया है, प्रवर्तन से सम्बन्धित से अवैध निर्माण पर जवाब उपाध्यक्ष से मांगने को कहते हैं, अब क्या छोटे-छोटे अवैध निर्माणों का जवाब समाचार संकलन के लिए उपाध्यक्ष महोदय से लिया जाए। आज हम बात करेंगे बाजार खाला क्षेत्र में चल रहे पांच अवैध निर्माण पर प्रवर्तन जोन-7 के बाजार खाला क्षेत्र बिल्लौचपुरा लोहा मंडी फाटक में चल रहे अवैध निर्माण की शिकायत 13.6.2023 को जोनल अधिकारी से की गई। जिसके बाद अवर अभियंता विपिन कुमार राय ने बिल्डर को सलाह दी की जल्द से जल्द निर्माण को बाहर से कंप्लीट कराके पेंट कर दे। बिल्डर ने अवर अभियंता का आदेश का अक्षरशः पालन करते हुऐ, इमारत को बाहर से पेंट करवा दिया है।

विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव में दिया जा रहा पर्यावरण संरक्षण पर जोर

लखनऊ। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के संकल्प के साथ आयोजित किए जा रहे विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव कार्यक्रम की सराहना करते हुए पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के महत्व के बारे में ना केवल जानकारी प्राप्त होगी बल्कि वह इसे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने समाज और राष्ट्र के प्रति अहम भूमिका भी निभाएंगे। आज अपने आवास पर पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री ने चल रहे विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव कार्यक्रम को लेकर सामाजिक संस्था सोसायटी आफकरियर टेक्सोनोलॉजी (सोक्ट) के अध्यक्ष डॉ अगम दयाल एवं जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार से मुलाकात के दौरान यह बातें कहीं। इस दौरान विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों की पूरी जानकारी देते हुए डॉ. अगम दयाल ने बताया कि जनविकास महासभा एवं सामाजिक संस्था सोक्ट के माध्यम से विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव का प्रारंभ किया गया है।

मायावती बोलीं, वर्षा प्रभावित पीड़ित परिवारों की मदद करें सरकारें

आपदा

प्राकृतिक आपदा के चलते हजारों लोग हो चुके है बेघर

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में बारिश और बाढ़ से उपजे विकट हालात पर चिंता जताते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने केन्द्र और प्रभावित राज्यों की सरकारों से बैठक और आकलन के बजाय पीड़ित परिवारों की आगे बढ़ कर मदद करने की मांग की है। मायावती ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि '' यूपी सहित देश के अधिकतर राज्यों में भारी बारिश व बाढ़ के कारण आम जनजीवन काफी प्रभावित है। काफी जान-माल व पशुधन की हानि हुई है। शहरों का बुरा हाल है, किन्तु ग्रामीण इलाकों में लोगों के मकान गिरने व फसल की व्यापक बर्बादी आदि के कारण हालात काफी गंभीर व चिन्ताजनक है। उन्होंने कहा '' ऐसे विकट हालात में सभी सम्बंधित राज्य सरकारें पीड़ित परिवार वालों की हर प्रकार से मदद के लिए पूरी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेवारी को निभाए। केन्द्र की सरकार को भी आकलनों व बैठकों आदि से आगे बढ़कर राज्यों की मदद के लिए तत्काल आगे आना जरूरी, बीएसपी की यह माँग। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में बारिश और बाढ़ के प्रकोप के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्राकृतिक आपदा के चलते हजारों लोग बेघर हुए है और बड़े क्षेत्रफल पर कृषि योग्य भूमि जलमग्न होने से फसलों को नुकसान हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रतिकूल हालात से निपटने के लिए सभी जिलों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

सितंबर में होगा मिसेज यूपी,यूपी के 7 शहरों में होगा ऑडिशन

लखनऊ। विवाहित महिलाओं के लिए सितंबर में मिसेज उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। क्रीनीफाइड ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से होने वाली इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश की महिलाओं को हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इसके लिए यूपी के 7 शहर लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, आगरा, प्रयागराज, मेरठ और बरेली में ऑडिशन लिया जाएगा। यहां से जिन महिलाओं का चुनाव होगा उनको लखनऊ में होने वाले फाइनल में मौका मिलेगा। अभी तक यूपी में इसके दो सेशन हो चुके हैं। यह तीसरा सत्र होने जा रहा है। मिसेज यूपी की आयोजन मंडल में शामिल प्रीति यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता से जिनका चुनाव होता है उनको कई बड़े प्लेटफॉर्म मिलते हैं। उदाहरण के लिए पिछले साल इस प्रतियोगिता को जीतने वाली महिला को फीलिपिंस में आयोजित मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिल रहा है।

खबरें एक नजर में

कर्मचारियों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री वी.पी. मिश्र एवं महासचिव श्री शशि कुमार मिश्र ने बताया कि प्रदेश सरकार की मांगों पर उपेक्षा पूर्ण नीति के तहत प्रदेश के लाखों कर्मचारी आक्रोशित हैं। भीषण महंगाई के कारण नौकरी पेशा कर्मचारी परिवार भुखमरी की कगार पर है। कर्मचारियों की समस्याओं पर मुख्यमंत्री मुख्य सचिव एवं विभागीय संगठनों की मांगों पर वार्ता नहीं करते। स्थानांतरण नीति में बदलाव करके संगठनों के अस्तित्व को समाप्त करने के उद्देश्य से स्थानांतरण नीति में परिवर्तन कर कई विभागों के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री एवं जनपद अध्यक्ष/मंत्री के स्थानांतरण कर दिए गए हैं। मिश्र ने बताया कि सरकार की कर्मचारियों के प्रति उपेक्षा पूर्ण नीति के कारण आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ रहा है। मोर्चा ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि मोर्चा की मांगों पर बैठक करके 15 दिन के अंदर निर्णय न किया गया तो अगली बैठक में कड़े आंदोलन की घोषणा करने को बाध्य होना पड़ेगा।

तप हमारी चेतना को निखारता है: आचार्य श्री

लखनऊ। चारबाग जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज ने मंगलवार को मंगल प्रवचन में कहा कि असली तप हर परिस्थिति में मन की प्रसन्नता को बनाये रखना है। तप हमारी चेतना को निखारता है। कटु शब्द को सुनकर नजरअंदाज करना भी एक तप है। सुबह में मन्दिर जी में प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन सम्पन्न हुआ। आचार्य विशद सागर ने प्रवचन के दौरान कहा कि जो धर्म की शरण आता है वह शीघ्र ही भव से पार हो जाता है। इस मौके पर आचार्य श्री विशद सागर जी महाराज द्वारा ही रचित लघु प्रतिक्रमण पुस्तक का विमोचन सुनील जैन ने किया। उनके साथ में विकास जैन एवं पवन कुमार सेठी भी थे। यह पुस्तक एक पूजन की विधि है। इस मौके पर संजीव,विकास, सुनील जैन,प्रवेश जैन, दीपक जैन,माया जैन,अरुण प्रभा जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद थे।

आशीष मिश्रा की अंतरिम जमानत 26 सितंबर तक बढ़ी

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को फिर राहत दी है। आशीष की अंतरिम जमानत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। किसान आंदोलन के बाद 2021 में हुई हिंसा मामले में आशीष आरोपी है।इस हिंसा में आठ लोगों की जान चली गई थी।न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि मामले में सुनवाई जारी है । इसके बाद उन्होंने मामले को स्थगित कर दिया। शीर्ष अदालत ने 24 अप्रैल को कहा था कि मामले में निचली अदालत को रोजाना सुनवाई करने का निर्देश देना संभव नहीं है, क्योंकि इससे अन्य लंबित मामलकी सुनवाई प्रभावित हो सकती है। उच्चतम न्यायालय ने 14 मार्च को मामले की सुनवाई से जुड़ी जानकारी से उसे अवगत कराते रहने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने इस बात से इनकार किया था कि मामले की सुनवाई धीमी गति से चल रही है।

विद्यालय में बालिकाओं का प्रवेश शुल्क रहेगा शून्य: अजय दुबे

लखनऊ। कानपुर रोड स्थित मानसरोवर योजना में मंगलवार को द विद्यालय संस्कारों की पाठशाला प्ले ग्रुप स्कूल्स की चेन का उद्घाटन चेयरमैन हैदरगढ़ आलोक तिवारी, उत्तर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी तथा सुरेश चन्द्र तिवारी पूर्व एमडी उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग ने किया। इस मौके पर 11 शाखाओं का उद्घाटन वर्चुअल मोड में किया गया तथा हनुमान जी के विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने शिक्षाविद अजय दुबे को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि द विद्यालय नामचीन किड्स एजुकेशन संस्थानों को कड़ी चुनौती देगा क्योंकि यहां आधुनिक शिक्षा के साथ साथ संस्कारों का भी आदान-प्रदान होगा। पिछले 15 वर्षों से लाखों नौजवानों को रोजगार की राह दिखा चुके बालाजी कोचिंग इंस्टीट्यूट के निदेशक, शिक्षाविद अजय दुबे ने अब बचपन को भी संस्कारित करते हुए शिक्षित करने की ठान ली है।

सुभासपा-बीजेपी के गठबंधन पर राजभर व ब्रजेश पाठक में हुई वार्ता

लोकसभा चुनाव

भाजपा ने चुनाव में 80 की 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश में अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी तेज कर ली है। भाजपा ने चुनाव में 80 की 80 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है। इसलिए बीजेपी दूसरी पार्टियों को भी अपने गठबंधन से जोड़ना चाहती है। पिछले कुछ दिनों से बीजेपी के साथ यानी एनडीए में नए दलों के शामिल होने की चर्चा काफी जोरों पर है। जानकारी मिली थी कि सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने बीजेपी के साथ जुड़ने की बात कही थी और इसके लिए राजभर जल्द ऐलान भी कर सकते है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को सिर्फ1-2 सीटें मिलेगी। लेकिन अगर सुभासपा योगी कैबिनेट में शामिल हो जाएगी तो उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी। इन तमाम चर्चाओं के बीच ओम प्रकाश राजभर ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ मुलाकात की है। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात लखनऊ में मंगलवार को हुई है। इस मुलाकात के दौरान राजभर के साथ कुछ विधायक भी मौजूद थे। मुलाकात के बाद फिर से गठबंधन में चर्चा तेज हो गई।

सीएम बोले, इस वर्ष लगाए जाएंगे 35 करोड़ पौधे

ग्राम पंचायत स्तर पर एक हजार पौधे लगाए जाएं, अब तक लगे 131 करोड़ से अधिक लग चुके है पौधे

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव अब जनांदोलन का स्वरूप ले चुका है। विगत 06 वर्षों में 131 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है। इस कार्य में व्यापक जनसहयोग प्राप्त हुआ है। वर्ष 2017-18 में 5.72 करोड़, 2018-19 में 11.77 करोड़, 2019-20 में 22.60 करोड़, 2020-21 में 25.87 करोड़, 2021-22 में 30.53 करोड़ और 2022-23 में 35.49 करोड़ पौधे लगाए गए। यह सुखद है कि पौधे लगाने के साथ-साथ इनके संरक्षण का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

विगत 01 से 07 जुलाई तक आयोजित जागरूकता सप्ताह के दौरान आम जन में बड़ा उत्साह देखा गया। यह उत्साह इस वर्ष के वन महोत्सव को सफल बनाने का आधार बनेगा। आमजन की अधिकधिक सहभागिता से ही हरित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य पूरा हो सकेगा। विद्यालयों में प्रभात फेरी, स्लोगन, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, दीवार लेखन जैसे कार्यक्रम सतत जारी रखे जाने चाहिए।

प्रदेश में वर्षाकाल प्रारंभ हो चुका है। यह मौसम पौधरोपण के लिए आदर्श समय है। जागरूकता सप्ताह के सफल आयोजन के बाद अब हम 22 जुलाई को श्वन महोत्सव के रूप में वृहद पौधरोपण के कार्यक्रम से जुड़ना होगा। भरपूर उत्साह, उमंग के साथ विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण का नवीन रिकॉर्ड बनाने को तैयार हैं। इस वर्ष वृहद पौधरोपण अभियान में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य लेकर हर विभाग, हर संस्थान हर नागरिक को प्रयास करना होगा। वन विभाग द्वारा विभागवार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है।

मंडलवार लक्ष्य भी तय किए गए हैं। हर गांव में कम से कम 01 हजार पौधे लगाने का प्रयास हो। 15 अगस्त के दिन एक साथ 05 करोड़ पौधे लगाए जाने की तैयारी करें। पौधरोपण के लिए वन भूमि, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस-वे, हाई-वे 04 लेन सड़क, नहर, विकास प्राधिकरणों की भूमि, रेलवे की भूमि, चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान की भूमि के साथ-साथ, नागरिकों द्वारा निजी परिसरों का उपयोग किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदान के चारों ओर पौधारोपण किया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर न्यूनतम 01 हजार पौधे लगाए जाएं। शहरी वार्डों में भी पौधारोपण के लिए लक्ष्य निर्धारित करें।

छात्र अर्नव सिंह ने किया पेंटिंग का बेहतरीन प्रदर्शन

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मंगलवार को राजधानी गोमती नगर स्थित स्टेडी हाल स्कूल में कक्षा 8 के छात्र अर्नव सिंह ने सेव अर्थ, सेव लाइफ, सेव इनर्जी जैसी तमाम पेंटिंग का प्रदर्शन किया जिसमें आस पड़ोस के लोगों ने पेंटिंग की सराहना कर अर्नव को प्रोत्साहित किया।

उनकी इस बनायी पेंटिंग को लेकर स्कूल में भी उनकी खूब प्रशंसा हो रही और सोशल मीडिया पर भी उनकी पेंटिंग की खूब सराहना हो रही है।अर्नव की पेंटिंग को लेकर उनके परिजन काफी उत्साहित है और इसको लेकर अर्नव के उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे है।

ज्योति मौर्य मामले में कमांडेंट मनीष दुबे दोषी सिद्ध, सौंपी रिपोर्ट

प्रकरण

प्रकरण में ज्योति मौर्य की भूमिका को लेकर नियुक्ति विभाग को प्रेषित की जाएगी रिपोर्ट

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

बरेली में तैनात पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के प्रकरण में होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे को जांच में दोषी पाया गया है।

विभाग के प्रयागराज में तैनात डीआईजी संतोष कुमार ने अपनी जांच रिपोर्ट होमगार्ड के महानिदेशक बीके मौर्य को सौंप दी है। विभाग के सूत्रों का कहना है कि इस मामले की जांच में संबंधित होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे को दोषी पाते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गई है। सूत्र बताते हैं कि इस प्रकरण में जल्द ही कार्यवाही के आदेश जारी किए जाएंगे। हालांकि विभाग के अधिकारी इस मामले में अभी कोई औपचारिक वक्तव्य नहीं दे रहे हैं। प्रकरण में ज्योति मौर्य की भूमिका को लेकर नियुक्ति विभाग को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।

मालूम हो कि महिला पीसीएस अधिकारी के पति आलोक मौर्य ने बीते दिनों आरोप लगाया था कि मनीष दुबे ने उनकी पत्नी के साथ मिलकर उनकी हत्या की साजिश रची है। आलोक ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी और मनीष दुबे 2020 से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। आरोपों को लेकर मोबाइल फोन व्हॉट्सऐप पर की गई चैट (बातचीत) भी सार्वजनिक की थी। मुख्यमंत्री दरबार से मामले की जांच के निर्देश मिलने के बाद होमगार्ड मुख्यालय ने प्रयागराज में तैनात डीआइजी संतोष कुमार को मामले की जांच के आदेश दिए थे।

आप की छात्र विंग के जिलाध्यक्षों की सूची जारी

लखनऊ। आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार के क्रम में अपनी छात्र विंग, सीवाईएसएस यानि छात्र युवा संघर्ष समिति की पन्द्रह जनपदों के जिलाध्यक्षों की घोषणा करते हुए प्रथम सूची जारी कर दिया हैं।छात्र विंग के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह की स्वीकृति के बाद पन्द्रह जनपदों की यह प्रथम सूची जारी की गई हैं, अभी आगे भी घोषणा होगी। प्रथम सूची में आशीष राठौर को जिलाध्यक्ष अलीगढ़ नियुक्त किया गया हैं, ऐसे ही अमन यादव को जिलाध्यक्ष कानपुर नगर नियुक्त किया गया हैं, इमरान को जिलाध्यक्ष मुरादाबाद नियुक्त किया गया हैं, विशाल शर्मा को जिलाध्यक्ष आगरा नियुक्त किया गया हैं, गगन खन्ना को जिलाध्यक्ष लखीमपुर नियुक्त किया गया हैं, रवि प्रकाश शर्मा को जिलाध्यक्ष कुशीनगर नियुक्त किया गया हैं, आकाश यादव को जिलाध्यक्ष बलरामपुर नियुक्त किया गया हैं, शोयब को जिलाध्यक्ष मेरठ नियुक्त किया गया हैं, दिव्यांशु द्विवेदी को जिलाध्यक्ष महोबा नियुक्त किया गया है।

इण्टरनेशनल इन्टरफेथ कान्फ्रेन्स 14 जुलाई से , धर्मावलम्बी करेंगे प्रतिभाग

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

मंगलवार को सीएमएस अशर्फाबाद कैम्पस ने तीन दिवसीय इण्टरनेशनल इन्टरफेथ कान्फ्रेन्स का आयोजन आगामी 14 से 16 जुलाई तक कानपुर रोड ऑडिटोरियम किया जा रहा है।

इस मौके पर प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. जगदीश गांधी ने कहा कि धार्मिक समन्वय से ही सामाजिक एकता, विश्व एकता व विश्व शान्ति का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस आयोजन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. गांधी ने बताया कि इस सम्मेलन में देश विदेश की जानी मानी हस्तियां प्रतिभाग कर रही है इसके अलावा दिल्ली व लखनऊ से विभिन्न धर्मों के धर्माचार्य भी इस सम्मेलन की गरिमा बढ़ायेंगे। इस मौके पर इण्टरनेशनल इन्टरफेथ कान्फ्रेन्स की संयोजिका तृप्ति द्विवेदी ने कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन फॉर ए बेटर वर्ल्ड थीम पर आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य विभिन्न धर्मों के बीच समन्वय स्थापित करना है।

राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा के 14 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने की भेंट

शिष्टाचार भेंट

अधिकारी सकारात्मक सोच, सृजनात्मक तथा मानवता के साथ कार्य करें: राज्यपाल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के 14 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर परिवीक्षाधीन अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये राज्यपाल जी ने कहा कि आज सरकार तथा आम आदमी की आपसे बहुत अपेक्षायें हैं, आपका दायित्व है कि लोगों का कार्य त्वरित रूप से निस्तारित करें ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से दफ्तरों के चक्कर ना लगाने पड़ें। राज्यपाल जी ने प्रत्येक कार्य कानून के दायरे में करने तथा नियम का पालन करते हुए त्वरित रूप से निष्पादित करने का सुझाव दिया।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में हाल ही में आयोजित दो दिवसीय शिक्षा मंथन-2023 पर राज्यपाल जी ने चर्चा करते हुए नवोदित अधिकारियों को बताया कि इससे देश-प्रदेश से आये विद्वानों के विश्लेषण परक विचार-विमर्श प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्थानों में गणनीय बनाने की दिशा प्रशस्त करेंगे और ऐसे कार्यक्रमों में दिये गये सुझावों का अनुसरण अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में अमल करना चाहिए।

उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आप अपनी जिम्मेदारी को समझें और सेवा भाव से कार्य करें। साथ ही आपका यह प्रयास होना चाहिए कि श्रेष्ठ जीवन जीने वालों का अनुसरण करे और उनके द्वारा दिखाये गए पथ पर चलकर अपने देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करें।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सांस्कृतिक दल होंगे पुरस्कृत: जयवीर सिंह

पुरस्कार वितरण

प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार, 21 हजार एवं 11 हजार रूपये की प्रदान की जायेगी धनराशि

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों को वादयंत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु तैयार की गई कार्ययोजना के तहत एक सेट वाद्ययंत्र के क्रय हेतु 30 हजार रूपये की धनराशि दी जायेगी। वाद्ययंत्रों का उपयोग प्रदेश के सांस्कृतिक उन्नयन, सांस्कृतिक विरासत का रक्षण, पर्यटन संवर्द्धन, स्वच्छ भारत मिशन, सर्वशिक्षा अभियान, महिला सशक्तिकरण, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ तथा ग्रामीण संस्कृति को अच्छुण रखने एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु उपयोग किया जायेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण करने वाले दल को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान धारक को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 51 हजार, द्वितीय को 21 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 11 हजार रूपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी। इन टीमों के चयन हेतु एक प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी तथा पुरस्कारों के चयन हेतु एक समिति का गठन किया जायेगा जो पुरस्कारों हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण करेगी। डीएम, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की संस्तुति पर सराहनीय प्रस्तुतीकरण देने वाले टीम को पुरस्कार दिया जायेगा।

सरकार कॉमन सिविल कोड के बारे में विस्तार से बताए कि वो क्या चाहती है: मौलाना सैय्यद सायम मेंहदी नकवी

लखनऊ। ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सायम मेंहदी नकवी ने एक बयान जारी कर विधि आयोग को मुखातिब करते हुए कहा कि सरकार ने विधि आयोग बनाया ताकि कॉमन सिविल कोड के बारे में जानकारी हासिल करें। लॉ कमीशन ने 15 जुलाई तक लोगों से कॉमन सिविल कोड के बारे में अपने अपने विचार जाहिर करने को कहा है। मौलाना सायम मेंहदी ने कहा कि हम अपने विचार उस वक्त व्यक्त कर सकते हैं जब सरकार कॉमन सिविल कोड के बारे में विस्तार से बताये कि वो क्या चाहती है, और कॉमन सिविल कोड का मकसद क्या है। मौलाना ने कहा कि फिलहाल इतना लिखना मुनासिब होगा कि हमारे मुल्क हिन्दुस्तान में हिन्दुस्तान के कानून ने तमाम मजाहिद के लोगों को अपने अपने मजहब के मुताबिक मुकम्मल आजादी हैं।

भाजपा 2024 में भी करेगी फतह: भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा,जिस प्रकार 2014, 2017, 2019 व 2022 का चुनाव जीते थे। उसी तरह से 2024 का भी चुनाव बीजेपी जीतेगी। बिजली, पानी, सड़क और सुरक्षा को लेकर भारतीय जनता पार्टी का कमिटमेंट है और उसी के आधार पर वह आगे चल रही है। मंगलवार को काशी व गोरखपुर क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने आजमगढ़ में मीडिया से वार्ता के दौरान कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार चार चुनाव हार चुकी है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने 400 सीटें जीतने का दावा किया था। उनकी 2012 से 2017 तक की सरकार अराजकता की भेंट चढ़ गई थी। गुंडा माफिया हावी थे। पिछले छह सालों से उत्तर प्रदेश में न्यूनतम अपराध है। इसीलिए भारी संख्या में लोग यहां निवेश के लिए लालायित हैं। सरकार लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार अपने प्रदेश में ही दिलाने के लिए प्रयास कर रही है।बिजली 24 घंटे जिला मुख्यालयों को, 20 घंटे तहसील मुख्यालय और 18 घंटे गांव में बिजली देने का निर्देश है। पहले की सरकार में केवल चार जिलों में बिजली पहुंचती थी, रामपुर, इटावा, अमेठी और रायबरेली। यह सरकार सभी को बराबर से बिजली दे रही है चाहे वह गोरखपुर हो, बनारस हो या आजमगढ़। संगठन के माध्यम से आम जनता के बीच योजनाओं को पहुंचाने के लिए आजमगढ़ में अल्पकालीन विस्तारकों की बैठक हो रही है।

सपा के काम पर बीजेपी लगा रही ठप्पा: अखिलेश

कसा तंज

- अखिलेश बोले चौबीस घंटा भी नहीं बीता कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे दो बार धंस चुका है
- भाजपा सरकार के कारनामों की सजा भुगत रही है जनता

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपाराज में उत्तर प्रदेश में विकास का विनाश ही होता रहा है। खुद कोई विकासकार्य करने के बजाय भाजपा सरकार ने या तो समाजवादी सरकार के कामों पर अपना ठप्पा लगाया या फिर उन्हें बर्बाद करने का काम किया। लेकिन उसने जो भी किया, उसमें घोटाला जरूर मिलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि चौबीस घंटा भी नहीं बीता कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे दो बार धंस चुका है। इस सड़क के लोकार्पण के बाद ही इसके धंसने की खबर थी। यहां दुर्घटना भी हो चुकी है।

सुलतानपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे धंस गया है। यही स्थिति बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे की भी है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे हो या बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे दोनों की गुणवत्ता मानकों के विपरीत है और ये यात्रा के लिए खतरनाक बनी हुई है। इनकी गुणवत्ता और रखरखाव की जांच होनी चाहिए। तभी घोटाले और भ्रष्टाचार की सच्चाई का पता चल पाएगा। अखिलेश यादव ने कहा मुख्यमंत्री इनका श्रेय ले रहे थे, अब इस भ्रष्टाचार का श्रेय कौन लेगा। एक्सप्रेस-वे के घोटाले की कड़ी में भाजपा राज में वृक्षारोपण का घोटाला भी सामने आ रहा है। पिछले वर्ष 31 करोड़ वृक्ष लगाने का सरकारी दावा था। इस वर्ष 35 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य घोषित है। भाजपा सरकार के 6 साल में 132 करोड़ वृक्ष लगाये जाने का दावा है। अखिलेश ने सवाल उठाते हुए कहा कि यह है कि इतने पेड़ कहां लगे हैं? कितने क्षेत्रफल में वृक्षारोपण हुआ है? भाजपाई पारदर्शिता की बाते बहुत करते हैं उन्हें यह बताने में क्यों संकोच है कि कहां-कहां कितने पेड़ लगा दिए गए? लगे हाथ ये भी बता दें कि उनके शासन काल में कितने पेड़ काटे गए हैं?

सच तो यह है कि भाजपा सरकार की नीयत में ही बुनियादी खोट है। इसके परिणाम स्वरूप जनहित में वह एक भी योजना कार्यान्वित नहीं कर पाई है। उसका सारा ध्यान सत्ता में काबिज रहने के लिए चुनाव और योजनाओं में घपला करने पर ही रहता है। भाजपा सरकार के कारनामों की सजा जनता भुगत रही है। आगे चुनाव में इसकी सजा भाजपा भुगतेगी। अब भाजपाराज की आखिरी गिनती शुरू हो गई है।

अतिथि बन आए जगन्नाथ स्वामी और विराजे लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में

लखनऊ । करोना काल के पश्चात शुरू हुआ मंदिर निर्माण के कार्य को 2 वर्ष पूर्ण होने एवं नई पदाधिकारियों की समिति द्वारा इन 2 वर्ष की प्रगति का लेखा जोखा मंदिर में उपस्थित भक्तों को बताया गया। इन 2 वर्षों में मंदिर में धर्म ध्वज की स्थापना, यज्ञशाला स्थापना, गौशाला स्थापना, अन्नपूर्णा सेवा प्रारंभ एवं अन्य धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का नियमित संचालन के विषय में सभी को अवगत कराया गया। इसी उपलक्ष पर पुरी से जगन्नाथ यात्रा के लिए चलकर आए जगन्नाथ स्वामी जी, सुभद्रा और बलदाऊ की प्रतिमाओं की उपस्थिति भी अतिथि के रूप में मंदिर में हुई। सौभाग्य की बात यह रही की अतिथि के रूप में जगन्नाथजी को लाने वाले श्री अनूप मिश्रा निवासी चौक द्वारा उन जगन्नाथ स्वामी जी के विग्रहों को तत्काल मंदिर में स्थापित करने की घोषणा कर दी गई।

अखिलेश बोले, भाजपा को टमाटर का लाल रंग देख आती है समाजवादियों की याद

कार्यवाही

- महंगे टमाटर की सुरक्षा के लिए दो `बाउंसर तैनात करने के मामले में पुलिस ने सब्जी विक्रेता व उसके बेटे को किया गिरफ्तार

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने टमाटर कीमत में बढ़ोतरी के बीच राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर मंगलवार को तंज किया कि भाजपा को टमाटर का लाल रंग देखते ही समाजवादियों की याद आती है। अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, भाजपा टमाटर को देखकर इसलिए परेशान है क्योंकि टमाटर का रंग 'लाल होता है और लाल देखते ही उन्हें समाजवादियों की याद आती है। अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट में एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें वाराणसी के टमाटर मामले को लेकर राजनीतिक विश्लेषण किया गया है। अखिलेश यादव के ट्वीट पर पलटवार करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कहा कि रंगो की सियासत करने वाले लोगों को हर चीज में राजनीति दिखती है और वे उसी चश्मे से देखते हैं। सपा के बारे में लोगों की धारणा और कहावत सुनाते हुए पाठक ने कहा, ''जिस गाड़ी पर सपा का झंडा-उस पर बैठा गुंडा, जैसी कहावत अभी भी लोग दोहराते हैं। हाल में वस्तुओं की कीमतों में हुई वृद्धि को लेकर सपा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साध रही है। वाराणसी में गत दिनों समाजवादी पार्टी (सपा) के एक कार्यकर्ता द्वारा महंगे टमाटर की सुरक्षा के लिए दो 'बाउंसर तैनात करने के मामले में पुलिस ने एक सब्जी विक्रेता और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने दो नई सुपर क्रिटिकल इकाइयां स्थापित करने के सरकार के निर्णय आवश्यकता बताया

लखनऊ। ओबरा में 800 - 800 मेगावॉट क्षमता की सुपर क्रिटिकल इकाइयां स्थापित करने का निर्णय समय की महती आवश्यकता- ओबरा डी का प्रबन्धन और कार्मिक उत्पादन निगम के रखे जाने की मांग विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने प्रदेश सरकार द्वारा ओबरा में 800 - 800 मेगावाट क्षमता की दो नई सुपर क्रिटिकल इकाइयां स्थापित करने के प्रदेश सरकार के निर्णय को समय की महती आवश्यकता बताया है। संघर्ष समिति ने कहा है कि ओबरा विस्तार की परियोजना होने के कारण तकनीकी दृष्टि से इसका स्वामित्व उत्पादन निगम के पास होना चाहिए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मा योगी आदित्यनाथ जी से अनुरोध किया है कि संयुक्त उपक्रम में स्थापित की जाने वाली ओबरा डी परियोजना चूंकि ओबरा ताप विद्युत परियोजना का ही विस्तार है।

भारी बारिश के चलते जिलों मे रेड अलर्ट जारी

अलर्ट

- राजधानी में शाम छे बजे के बाद से मौसम बदलना शुरू हुआ शाम को कुछ जगहों पर छिटपुट बारिश भी हुई

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

इन दिनो पूरा प्रदेश भारी बारिश की चपेट में है। कुछ जिलों में हल्की तो कहीं पर भारी बारिश की संभावनाएं जताई गई हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ ने आज मंगलवार की सुबह अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के द्वारा बिजनौर, मुरादाबाद के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहां के जिला प्रशासन के लिए जारी एडवाइजरी में अत्यधिक भारी बारिश के दौरान लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम करने को कहा गया है। उत्तराखंड से सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों में आरेंज अलर्ट व पूर्वी उत्तर प्रदेश के इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, बाराबंकी, लखनऊ, सीतापुर, कन्नौज, मैनपुरी, एटा, कासगंज, गौतमबुद्ध नगर, अमरोहा, बुलंदशहर, संभल समेत अन्य इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। फिलहाल प्रदेश में अत्यधिक भारी बरसात के आसार जताए जा रहे है।

दिन भर धूप व बरसात के चलते उमस जोरो पर

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार की दिन में हल्की बारिश बारिश के साथ कई जगहों पर तेज धूप रही तो कुछ जगहों पर बादलों की आवाजाही लगी रही। धूप होने की वजह से मौसम में भारी उमस रही। शाम छे बजे के बाद से मौसम बदलना शुरू हुआ। शाम को कुछ जगहों पर छिटपुट बारिश भी हुई।

भारती फाउंडेशन ने 20 लाख बच्चों के जीवन को किया प्रभावित

मुहिम

- फाउंडेशन बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा और समग्र विकास के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कर रहा कार्य

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

भारती फाउंडेशन, भारती एंटरप्राइजेज की लोकोपकारी संस्था, यह गर्व से घोषित करती है कि अपने शैक्षणिक प्रोगामों द्वारा ज्यादातर ग्रामीण भारत के 20 लाख से अधिक अल्प-सुविधाप्राप्त बच्चों के जीवन को सार्थक रूप से प्रभावित किया 7 फाउंडेशन बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा और समग्र विकास के अवसर उपलब्ध कराने के लिए गहन रूप से कार्य कर रहा है। भारती फाउंडेशन का प्राथमिक उद्देश्य बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के साथ उन्हें सकारात्मकता और सद्भावना के नैतिक मूल्यों का समावेश कराती है। यह अपने प्रमुख कार्यक्रम, सत्य भारती स्कूल, और सरकार के साथ सत्य भारती क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम और लार्ज स्केल इनिशिएटिव के माध्यम से सरकार के साथ जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। ये विलक्षण प्रोग्राम स्कूलों को जीवंत शिक्षण स्थानों में बदल देते हैं, जिससे बच्चों को शैक्षणिक, पाठ्येतर गतिविधियों और जीवन कौशल में समग्र रूप से विकसित होने में सक्षम बनाया जाता है। इस उपलब्धि पर चर्चा करते हुए, भारती फाउंडेशन की चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, ममता सैकिया ने कहा, भारती फाउंडेशन में, हम शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण भारत में बच्चों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नसबंदी से दूर भाग रहे पुरुष, फैमिली प्लानिंग महिलाओं के भरोसे

लखनऊ । परिवार नियोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार जागरूकता अभियान चलाता है। इसकी जिम्मेदारी ज्यादातर आशा कार्यकर्ताओं को दी गई है। इस अभियान में हर साल करीब दो हजार कार्यकर्ता घर-घर जाकर जागरूक करते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी काउंसलिंग की जाती है। इसका नतीजा जहां महिलाओं में सकारात्मक दिखता है, वहीं पुरुषों में इसका उलट है। इस वर्ष 2022-23 के आंकड़ों में स्वास्थ्य विभाग पिछले साल 2021-22 के भी आंकड़े को नहीं छू पाया है, हलांकि महिलाओं में नसबंदी कराने का आंकड़ा बढ़ा है, जो स्वास्थ्य विभाग के लिए राहत देने वाला है। इसको लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि पुरुष नसबंदी के बाद किसी भी तरह की शारीरिक या यौन कमजोरी नहीं आती है।

आम महोत्सव में अवध शिल्प ग्राम तक आने-जाने हेतु चलेंगी बसें

फैसला

- रंगीन किस्मों के प्रति रूझान बढ़ाने तथा गुणवत्तायुक्त उत्पादन तकनीकी हस्तान्तरण को बढ़ावा मिलेगा

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक डॉ आर के तोमर ने बताया कि अवैध शिल्प ग्राम में 14से 16 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे उप्र आम महोत्सव-2023 में तीन दिवसीय बागवानी और खाद्य प्रसंस्करण की गोष्ठी का भी आयोजन होगा। पहला दिन विपणन और निर्यात पर दूसरा दिन खेती के नवाचारों और जैविक खेती पर, तथा तीसरे दिन खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से सम्बन्धित संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। तोमर ने आम महोत्सव के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आम महोत्सव के आयोजन से आम की विभिन्न किस्मों को प्रजातीय संरक्षण मिलेगा तथा आम के बागवानों में उन्नत एवं रंगीन किस्मों के प्रति रूझान बढ़ाने तथा गुणवत्तायुक्त उत्पादन तकनीकी हस्तान्तरण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ-साथ जनमानस द्वारा आम की विविधता को देखकर ज्ञानार्जन के साथ-साथ हार्टी टूरिज्म के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। बताया कि आम महोत्सव में आम की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन किया जायेगा, जिसमें राज्यों के आम उत्पादकों को अपनी आम की विभिन्न किस्मों को प्रदर्शनी में लाने के लिए प्रोत्साहित होंगें।

लखनऊ एयरपोर्ट पर एक करोड़ का सोना पकड़ा

फैसला

- अपराधियों में दो बिहार के गोपालगंज, एक मऊ, एक संतकबीर नगर और एक फतेहपुर से था

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ एयरपोर्ट पर पिछले एक महीने के अंदर दूसरी बार सोने की तस्करी करने वाला गिरोह पकड़ा गया। मंगलवार को दो लोगों को करीब 1 किलो 754 ग्राम सोने के साथ पकड़ा गया। मौजूदा समय मार्केट में इसकी कीमत करीब 1 करोड़ 9 लाख रुपए है। दुबई से आनी वाली फ्लाइट में सोना लाया जा रहा रहा था। दोनों ही अपराधी बिहार के है। इसमें एक दरभंगा और दूसरा सीवान का रहने वाला है। इससे पहले 22 जून को पांच लोग अवैध सोने की तस्करी करते हुए पकड़े गए थे। उनके पास से 4.09 किलोग्राम सोना मिला था। दुबई से आने वाली फ्लाइट आईएक्स-194 में चार यात्री पकड़े थे। मार्केट में इसकी कीमत करीब 2.49 करोड़ रुपए थी। अपराधियों में दो बिहार के गोपालगंज, एक मऊ, एक संतकबीर नगर और एक फतेहपुर से था। अधिकारियों के मुताबिक इंडिया में ज्यादातर सोना सऊदी, मस्कट, दुबई, बैंकाक से आ रहा है। हालही में कुछ सोना पकड़ा गया जो ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की रिफाइनरी का था। तस्कर ज्यादातर सोना मयम्मार के रास्ते बांग्लादेश होते हुए सड़क मार्ग से लेकर आ रहे हैं। यह सोना यूपी से होकर दूसरे राज्यों तक जाता है। अधिकारियों का कहना है कि इतनी कड़ी चौकसी के बावजूद महज 10 से 15 फीसदी सोना ही पकड़ में आता है।

विधायक ने सीएम से व्यापारियों को राहत दिए जाने के संबंध में भेंट की

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने इंदिरा नगर व राजाजीपुरम में चलाए जा रहे सीलिंग अभियान के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट कर व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया। इंदिरा नगर और राजाजीपुरम क्षेत्र मे आवासीय कॉलोनी में व्यवसाय कर रहे 1000 से अधिक लोगों को आवास विकास के द्वारा नोटिस प्रदान की गई है। जिसका व्यापारी विरोध कर रहे हैं और उनमें प्रशासन के प्रति अत्यधिक रोष है और व्यापारी विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। व्यापारियों ने पंकज सिंह से उनके लखनऊ 5ए कालिदास आवास पर भेंटकर समस्या के निस्तारण में सहयोग की मांग की। इसके उपरांत पंकज सिंह ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उनको समस्या से अवगत कराया की जनता की आवश्यकता के अनुसार सरकार को भू उपयोग नियमावली मे राहत देने के लिए आग्रह किया।

डीएम ने श्रमिकों को लाभान्वित कराने के लिए दिए निर्देश

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री सूर्य पाल गंगवार द्वारा जिला स्तरीय श्रम बन्धु की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम सहायक श्रमायुक्त, लखनऊ द्वारा इस वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा दिये गये कार्यो पर प्रकाश डाला गया तथा उनके द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह जून 2023 तक जनपद लखनऊ में कुल 337 अधिष्ठानों का पंजीयन एवं कुल रुपये 91,18,04,303.00 उपकर संग्रह प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने बताया की श्रम विभाग के अन्तर्गत उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है जिनका लाभ प्राप्त करने के लिए निर्माण प्रक्रियों एवं कार्यदायी संस्थाओं में कार्य करने वाले निर्माण श्रमिकों को पंजीकृत होना आवश्यक होता है, इस हेतु उन्होंने बैठक में उपिस्थत सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य में लगे हुए श्रमिकों का पंजीयन कराने की भी अपील की। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि पंजीयन जन सेवा केन्द्र द्वारा कराया जा सकता है। पंजीयन के साथ-साथ योजनाओं का हितलाभ लेने के लिए निर्माण श्रमिक का नवीनीकरण भी आवश्यक है। उपरोक्त बैठक में जिलाधिकारी ने श्रम विभाग को सभी लेबर अड्डों पर पंजीयन कैम्प लगाकर सभी पात्र श्रमिकों का पंजीयन करने हेतु आदेशित किया गया साथ ही उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी ट्रेड / श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष / सदस्यों को भी श्रम विभाग से समन्वय स्थापित कर लेबर अड्डों पर पंजीयन, योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक संख्या में पात्र श्रमिकों का उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अपील की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों को भी योजनाओं का निस्तारण कर ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को लाभान्वित कराने हेतु आदेशित किया गया।

बैठक में उपस्थित निर्माण कार्य से सम्बन्धित सभी कार्यदायी संस्थाओं को शत-प्रतिशत अधिष्ठान पंजीयन एवं लेबर सेस / उपकर जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती रिया केजरीवाल, सहायक श्रमायुक्त, शिप्रा चतुर्वेदी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं ट्रेड यूनियन से श्री प्रमोद पटेल, श्री चन्द्रशेखर एवं अन्य सदस्य के साथ सभी कार्यदायी संस्थाओं के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

यूपी में बिना बताए ड्यूटी से गायब हैं 742 डॉक्टर

फैसला

- स्वास्थ्य विभाग ने शासन को भेजी लिस्ट, नौकरी से बर्खास्त करने की तैयारी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

यूपी में बड़ी संख्या में सरकारी डॉक्टर मनमानी कर रहे हैं। प्रदेश में 742 चिकित्सक बिना बताए ड्यूटी से लंबे समय से गायब हैं। हालांकि अब इनके खिलाफ नरम रुख नही कड़ी कार्रवाई की तैयारी हैं। घोर लापरवाही के दायरे में आने वाले सभी 742 डॉक्टरों को जल्द बर्खास्त किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशालय की ओर से शासन को पत्र भेजकर इन पर कार्रवाई की सिफारिश की गई है। बड़ी बात यह हैं कि इस लिस्ट में 5 साल से गैरहाजिर चल रहे डॉक्टरों के नाम हैं, लेकिन्ह सबसे ज्यादा संख्या एक या दो वर्ष से गायब चल रहे चिकित्सकों की हैं। फिलहाल अब इन्हें बाहर किए जाने के बाद खाली हुए पदों पर नई भर्ती करने की बात कही जा रही हैं। दरअसल, विभाग पहले से ही चिकित्सकों की कमी से झेल रहा है। 19 हजार 700 पदों के सापेक्ष सिर्फ 11 हजार पद ही भरे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशक (प्रशासन) डॉ. राजा गणपति आर ने बताया कि 742 डॉक्टरों की सूची शासन को भेज दी गई है। इन डॉक्टरों को तीन-तीन बार नोटिस जारी किए गए। उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में अब इन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। ज्यादातर डॉक्टर बिना जानकारी दिए नौकरी छोड़कर प्राइवेट अस्पतालों में चले गए हैं।

यूपी विधानसभा अन्य राज्यों से बेहतर

सराहना

- डॉक्टरो के शिष्टमंडल ने देखी विधानसभा, की सराहना
- विधानसभा के सभी 403 विधायक हमारे अपने: सतीश महाना

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

देश में अपनी अनूठी पहचान बना रही उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज डाक्टरों के एक शिष्टमंडल ने अपने भ्रमण के दौरान इसकी बनावट और इसके बदलते स्वरूप की जमकर सराहना की। इस मौके पर डाक्टरों ने कहा, यहां आने के बाद यूपी विधानसभा के प्रति हम सबकी पूरी तरह से धारणा बदल गयी है। अब हम गर्व से कह सकते हैं कि यूपी विधानसभा अन्य राज्यों से बेहतर है। कार्यक्रम के संयोजक डा. ऋषि शुक्ला ने कहा, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने जब जानकारी दी कि उनकी विधानसभा में एक से बढ़कर एक शिक्षित विधायक है। डाक्टर, इंजीनियर, एमबीए, पीएचडी, विधि स्नातकों के अलावा प्रशासनिक सेवा से जुडे रहे विधायक भी हैं,तो बड़ा अचरज हुआ। इसके बाद राजनीति के प्रति जो अब तक मन में जो भाव और धारणा थी, वह यहां आने के बाद पूरी तरह बदल गई। विधानसभा को अब तक टीवी पर देखा था पर यहां आने के बाद जब इसके इतिहास और इसके आधुनिक स्वरूप को देखा तो हम सब को बेहद गर्व का अनुभव हुआ है कि विधानसभा में ऐतिहासिकता के साथ तकनीक का सम्मिश्रण है। व्यावसायिक व्यस्तता के कारण हम लोग अब तक यह समझते थे कि विधानसभा अध्यक्ष एक दल विशेष का होता है लेकिन यहां देखा कि सतीश महाना के हर एक दल के विधायक से आत्मीय सम्बन्ध हैं। श्री महाना ने बताया कि विधानसभा प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों की विधानसभा है और 403 विधायक हमारे अपने हैं। डॉ. बृजमोहन ने कहा कि उत्तर प्रदेश रिसर्च सोसाइटी फार स्टडी आफ डायबटीज ने एक रिसर्च किया है जिसके आधार पर डायबटीज के बढते असर को रोका जा सकता है। इसमें सरकार के सहयोग की आवश्यकता है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस रिपोर्ट के आधार पर उन्हें राज्य सरकार की तरफ से सोसाइटी को सहयोग का आश्वासन दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इसपर प्रपोजल की मांग की है।इस अवसर पर कानपुर से आई डा. संगीता शुक्ला ने कहा, उन्होंने यहां पर हेलीकाप्टर राइडिंग करने के साथ ही लाइट एंड साउंड सिस्टम देखा। सेल्फी प्वाइंट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सेल्फी फोटो भी खिचवाई। डाक्टरों के इस दल में सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव, सचिव डॉ. अनुज महेश्वरी, डॉ. एके तिवारी, पूर्व सचिव डॉ. नरसिंह वर्मा वाराणसी से आए पदमश्री डॉ. कमलाकर त्रिपाठी, डॉ. अनुभा वर्मा, डॉ. साजिद अंसारी, गोरखपुर के डॉ. आलोक गुप्ता,नोएडा के डॉ. सौरभ श्रीवास्तव और डॉ. शरद वर्मा शामिल थे।

जानकीपुरम पीएचसी में बना प्रसव कक्ष, विधायक ने किया लोकार्पण

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जानकीपुरम में नवनिर्मित प्रसव कक्ष का आज क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने लोकार्पण किया। विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि से बने इस प्रसव कक्ष से प्रसूताओं को सुविधा होगी।

लोकार्पण के बाद उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए विधायक डा. बोरा ने कहा कि केन्द्र व राज्य की सरकारें स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरन्तर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गये प्रबंधों के कारण ही दुनिया के मुकाबले भारत में लोग सुरक्षित रहे। संक्रामक बीमारियों पर रोक लगी है और व्यवस्थाएं पटरी पर आ रही हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जानकीपुरम के प्रभारी डॉ. नीरज, बाल एवं महिला चिकित्सालय अलीगंज के प्रभारी डॉ. सोमनाथ सिंह के साथ ही भाजपा उत्तर मंडल-5 के अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डेय, पार्षद प्रतिनिधि श्री सौरभ तिवारी, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं समेत स्थानीय जन उपस्थित रहे।

बलरामपुर चिकित्सालय के ओपीडी में हुई गोष्ठी

आयोजन

- पूरे विश्व की 16 प्रतिशत आबादी भारत में निवास करती हैं हमारा प्रदेश देश में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

बुधवार को बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ के ओपीडी ब्लॉक के भूतल पर विश्व जनसंख्या दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि समूचे विश्व में लगातार बढ़ती जनसंख्या गहन चिंता का विषय है वैश्विक स्तर पर इस विषय को संबोधित किए जाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया जाता है। 11 जुलाई 1987 को विश्व की जनसंख्या 5 खरब थी और इस विषय पर वैश्विक समाज को जागरुक किए जाने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन 11 जुलाई 1989 से प्रारंभ किया गया है।

पूरे विश्व की 16 प्रतिशत आबादी भारत में निवास करती हैं हमारा प्रदेश देश में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ डॉक्टर एशकेश सिंह के द्वारा गोष्ठी का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अतुल मेहरोत्रा चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हिमांशु चतुर्वेदी समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने हेतु बलरामपुर चिकित्सालय की नर्सिंग कर्मचारी कर्मचारी एवं नर्सिंग छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां भी दी गई जिसमें मुख्य रूप से बताया गया कि परिवार नियोजन आम जनमानस के मध्य पहुंचाया जाए वर्ष दर वर्ष बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने हेतु परिवार नियोजन कार्यक्रम के उपाय साधनों को जनमानस द्वारा अधिक से अधिक अपनाया जाता है तो जनसंख्या नियंत्रण होगी और संसाधनों में बढ़ोतरी होगी जिसका अधिक से अधिक लाभ जनता को मिल सकेगा संसाधनों के संचित उपयोग से प्रत्येक नागरिक को अपने विकास का अवसर प्राप्त होगा जो प्रदेश की भी तरक्की में सहायक होगा। सकल प्रजनन दर ने 0.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करते हुए पूर्व में 2.7 से अब वर्तमान में 2.4 प्रतिशत रह गई है इसमें शहरी में 1.9 एवं ग्रामीण में 2.5 है जिसे आगामी वर्षों में 2.1 तक लाने का लक्ष्य रखा गया है।

बिना पार्किंग व्यवस्था के खुलते जा रहे हैं शॉपिंग मॉल

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

गोंडा जनपद में समय समय पर अवैध निर्माण,विना पार्किंग के दुकाने, शापिंग माल निर्माण सहित जाम की खबरों को प्रकाशित किया जाता रहा है परंतु लगातार खबरें और शिकायत अधिकारियों के अनदेखा का शिकार होकर ठंडे बस्ते में चला जाता रहा है जो नगर क्षेत्रों में जाम का एक कारण यह भी है।

वहीं लोगों में चर्चा का विषय है कि नगर क्षेत्र में पूर्व में रहे अधिकारियों के संज्ञान न लेने से विना पार्किंग के बड़े-बड़े दुकान तथा शॉपिंग मॉल खुल गए हैं परंतु इनके खुलेने व निर्माण के दौरान अधिकारियों द्वारा पार्किंग संबंधित ध्यान न देने देना भी बड़ा कारण बताया जा रहा है। नगर क्षेत्र में गुड्डू मल चौराहे पर हाल ही में बनकर तैयार हुआ सिंध बेकर्स नामक दुकान में कई दुकानें तैयार है परंतु पार्किंग व्यवस्था रामभरोसे है अधिकारी भी जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। यही हाल लखनऊ से बलरामपुर को जाने वाली नेशनल हाईवे पर बने वी2 शॉपिंग मॉल गुरु नानक चौराहे का है जहां पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण गाड़ियां रोड पर खड़े रहते है,बताते चलें कि यहां भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है और सारी गाड़ियां रोड पर ही खड़ी कर दी जाती है जिससे लखनऊ -बलरामपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर जाम का सामना जनता को करना पड़ता है। अधिकारियों के

संज्ञान में होने के बावजूद भी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि वी2 शॉपिंग मॉल की पार्किंग बगल पेट्रोल पंप पर है, जवाब भी ऐसा जो लगता है सांठगांठ की है,पेट्रोल पंप का अपना एरिया होता है, पार्किंग कैसे हो सकता है सोचने वाली बात है। जनपद गोंडा में जल्द ही जिलाधिकारी नेहा शर्मा व नवांगत नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर ने कार्यभार संभाला है।अब देखना है कि इस खबर का संज्ञान लेकर कुछ कार्यवाही होगी और नगर की जनता को जाम से निजात मिलेगा या मामला फिर से ठंडे बस्ते में चला जाएगा व नगर क्षेत्र में अनियमितता हावी रहेगी। जबकि पूर्व के जिलाधिकारी द्वारा जाम को देखते हुए गुरु नानक चौराहे से (महिला अस्पताल गेट) गुड्डूमल चौराहे तक नो पार्किंग जोन एवं वनवे करने का निर्देश दिया था, जो कुछ अधिकारियों के अनदेखी के चलते हवा-हवाई साबित हो गया नगर की जनता अब तेजतर्रार जिला अधिकारी नेहा शर्मा की तरफ विश्वास से निहार रही है कि नगर में अवैध निर्माणों पर कार्यवाही तथा पूर्व के अधिकारियों को भ्रमित कर जो शॉपिंग माल व दुकाने विना पार्किंग के निर्माण हो गई उन पर कार्रवाई होगी।जाम के झाम से नगर की जनता को छुटकारा मिलेगा या जनता का विश्वास टूटेगा।

एनसीसी कैडेटों ने आग पर नियंत्रण पाने का सीखा तरीका

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

नंदिनी नगर नवाबगंज गोंडा में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भारतीय सेना के प्रशिक्षण के साथ ही साथ अन्य जागरूकता के कार्यक्रमों से विषम परिस्थितियों में धैर्य पूर्वक अपने आप को सुरक्षित रखना सिखाया जा रहा है इसके अंतर्गत फायर ब्रिगेड गोंडा की तरफ से आए हुए प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रामचरित्र त्रिपाठी एवं फायरमैन अखिलेश कुमार ,ईशान कुमार ने फायर ब्रिगेड के उपकरणों के साथ सुरक्षा हेतु जागरूकता एवं अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के उपाय बताएं एवं समस्त उपकरणों के विषय में जानकारी दी। सड़क सुरक्षा के अंतर्गत यातायात के नियमों का पालन करने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने की जिम्मेदारी एनसीसी कैडेटों की है ।इस विषय पर व्याख्यान के माध्यम से जागरूक किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर ने आए हुए पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अग्नि सुरक्षा के बारे में छात्रों के साथ छात्राओं को जानना बहुत जरूरी है क्योंकि गैस आदि का सिलेंडर रसोई घर में ही होता है। सैनिक प्रशिक्षण के अतिरिक्त कैडेटों को जागरूक करना हमारा परम उद्देश्य है। कैंप एजूटेंट मेजर राजेश द्विवेदी एवं ट्रेनिंग ऑफिसर मेजर राजाराम ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया।

घटिया सामग्री लगाने वाले ठेकेदार पर जिला अधिकारी ने दर्ज कराया मुकदमा

- दीवार गिरा कर पुनः कराया निर्माण

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

प्राथमिक विद्यालय के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ठेकेदार एवं अवर अभियंता पर मुकदमा दर्ज करा कर की कार्यवाही किया है। निर्माणधींन दीवाल को गिराने का आदेश दिया है। विकास खण्ड छपिया के तेज पुर ग्राम सभा गांव वालों की मांग को लेकर प्राथमिक विद्यालय बनाने का प्रस्ताव पास हुआ था। विद्यालय का निर्माण भी चल रहा था। इस बीच लोगो को जानकारी हुई कि ठेकेदार के द्धारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है ,जिस की शिकायत जिला अधिकारी से किया। जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने विद्यालय निर्माण के मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल संबंधित ठेकेदार एवं अवर अभियंता यूपी सिडको के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा के कार्यवाही किया। बाद में अवर अभियंता यूपी सिडको अतुल मिश्र ने मौके पर जाकर मामले की जांच किया। जांच में घटिया सामग्री का प्रयोग होना की बात सही निकली इस पर निर्माणाधीन दीवार को गिरवाकर पुनः पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण कराया। और लापरवाह ठेकेदार को मौके पर कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यवाही करने की चेतावनी दिया है।

एसपी आकाश तोमर का तबादला, भेजे गए पीएसी बरेली

सेनानायक अंकित मित्तल को मिली गोण्डा की कमान

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिले में करीब एक वर्ष से ज्यादा समय व्यतीत होने पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर का तबादला कर दिया गया उनकी जगह अब जिले की कमान अंकित मित्तल को सौंपी गई है। आपको बता दें कि 8वीं पी0ए0सी0 वाहिनी में तैनात रहे अंकित मित्तल को हटाकर गोण्डा भेजा गया है तो उनकी जगह आई पी एस अधिकारी आकाश तोमर को इसी पद पर बरेली भेजा गया है। सूत्रो की मानें तो गोंडा पुलिस की बेलगाम कार्यशैली से एसपी आकाश तोमर की कार्यप्रणाली गंभीर सवालिया घेरे में रह चुकी है और इसकी शिकायत शासन तक पहुंची थी।

झाड़ियों में मिला युवक शव, हत्या की आशंका

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तरबगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर के शव को सड़क के किनारे गड्ढे और झाड़ी में लाकर फेक दिया गया। सुबह लाश मिलने पर हड़कम्प मच गया। उस के सर और आँख में चोट का निशान मिला है।

सोमवार को तरब गंज थाना क्षेत्र के पुरैनी निवासी विक्रम उर्फ़ बडकऊ पुत्र देवेंद्र सिंह गांव के ही साथी अशोक के साथ धान की रोपाई करने चंदसुहा गांव गया था।

मंगलवार की सुबह राहगीरो को गांव चंदसुहा गांव के बाहर स्व0 फतेह बहादुर सिंह स्मारक विद्यालय के पास बैरागी पुरवा-पकड़ी बाजार मार्ग के किनारे गड्ढे मिली। उस की बाइक भी वही पर पड़ी हुई थी।

मृतक के पिता ने बताया कि सोमवार के दिन अशोक कुमार और गांव के ही एक महिला उस को धान की रोपाई और ससुराल जाने की बात कह कर गई थी। देर रात्रि तक जब घर लौट कर नही आया तो उस को परिजनों ने खोजबीन करने लगें। इस के बाद भी उस का कही पता नही चल सका। अशोक को फोन मिलाने पर उस का नम्बर बन्द बता रहा था। पुलिस ने इस मामले में महिला और अशोक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सांसद के करीबी पर जानलेवा हमला, तहरीर पर मुकदमा दर्ज

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



मोतीगंज थाना क्षेत्र के तरगांव निवासी त्रिवेणी दूबे पर हुआ जान लेवा हमला मुकदमा दर्ज।श्री दूबे गोण्डा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के बेहद करीबी माने जाते हैं तथा भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य हैं।त्रिवेणी दूबे की पत्नी अनीता दूबे ने पुलिस को तहरीर दी है जिसमें बताया है कि उनके पति शनिवार की शाम बाइक से क्षेत्र के इमलिया गांव में निमंत्रण में गए थे। वहां से लौटते समय मोतीगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भमैचा के पास कुछ लोगों ने जबरन उन्हें रोक लिया और लाठी व हॉकी से जानलेवा हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया।बताते चलें की मोतीगंज थाना क्षेत्र के तरगांव निवासी त्रिवेणी दूबे भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य हैं। वह गोण्डा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के बेहद करीबी माने जाते हैं। त्रिवेणी की पत्नी अनीता दूबे ने पुलिस को तहरीर दी है जिसमें बताया है कि उनके पति शनिवार की शाम बाइक से क्षेत्र के इमलिया गांव में निमंत्रण में गए थे। वहां से लौटते समय मोतीगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भमैचा के पास कुछ लोगों ने जबरन उन्हें रोक लिया और लाठी व हॉकी से जानलेवा हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया।वहीं आरोप है कि तरगांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मस्तराम तिवारी ने त्रिवेणी पर तमंचे से फायर झोंक दिया,लेकिन वह बाल-बाल बच गए। गोली चलने की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़े तो हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। त्रिवेणी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उधर हमले के आरोपी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तरगांव मस्तराम तिवारी का कहना है कि वह घटना के समय बाहर गए थे। उन्हें चुनावी रंजिश में फंसाया गया है। आरोप निराधार हैं।घटना के संबंध में त्रिवेणी की पत्नी अनीता दूबे द्वारा दी गई तहरीर पर मस्तराम तिवारी उर्फ भरतराम, दीपक, विवेक व अयोध्या के खिलाफ जानलेवा हमला समेत विभिन्न 504, 506 तथा 307 धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है लेकिन आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी करने में मोतीगंज पुलिस बचती नजर आ रही है।सूत्रों की मानें तो जहां त्रिवेणी गोण्डा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के करीबी हैं, वहीं मस्तराम तिवारी की गिनती कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबियों में होती है। यही वजह है कि पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद साइलेंट मोड पर है, क्योंकि पैरवी दोनों तरफ से मजबूत है।

खबरें एक नजर में

परसपुर सीएचसी के नाक के नीचे अवैध पैथालाजी व नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित

गोंडा, समृद्धि न्यूज। परसपुर सीएचसी के नाक के नीचे धड़ल्ले से ग्रामीण इलाकों के लोग इन दिनों प्रतिदिन मरीज अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर व नर्सिंग होम के जाल में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। जांच के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूली जाती है जिससे गरीब मरीज जांच में पैसे गवा देता है और दवाइयां खरीदने के लिए उनके पास पैसे नहीं बचते हैं। आरोप है कि आए दिन अस्पताल में हंगामा होता है लेकिन डॉक्टर कुछ नहीं करते हैं मरीजों को शांत करा देते हैं। मरीजों को जांच के बाद अस्पताल में सभी को एक ही दवाइयां दी जाती हैं। इस अवैध पैथोलॉजी के कारोबार में समाज के नामी-गिरामी लोग भी शामिल हैं। लिहाजा इनके खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करने से कतराती है।परसपुर थाना क्षेत्र में मरीजों की जिदगी पूरी तरह भगवान के रहमो-करम पर निर्भर है।वहीं तो दूसरी तरफ झोलाछाप की वजह से मरीजों की जान सांसत में है.एक तरफ जहां परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल-बेहाल है। वही परसपुर सीएससी के नाक के नीचे अवैध क्लीनिक व अवैध पैथोलॉजी व अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहे हैं. अल्ट्रासाउंड एक्स-रे का टेक्नीशियन नहीं है केवल राम भरोसे अस्पताल में सीख कर एक्सरे किया जा रहा है। इनके पास कोई डिग्री नहीं है और मरीजों का शोषण किया जा रहा है। परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर प्राइवेट पैथोलॉजी सेंटर में जांच के लिए भेजते हैं न केवल डॉक्टर बल्कि पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड तक के मामले में भी परसपुर क्षेत्र में फर्जीवाड़े का खेल चल रहा है। सूत्रों की मानें तो अधिकतर पैथोलॉजी इंटर, बीए पास या अनपढ़ द्वारा चलाई जा रही है। जो वर्षों बाद डीएमएलटी में डिप्लोमा कर लेते हैं। जबकि इतनी योग्यता रखने वाला व्यक्ति का पैथालैब में सिर्फ सहयोगी का ही काम कर सकता है।

नवविवाहित दम्पत्तियों से परिवार नियोजन पर हुआ संवाद, चलाया गया 'आशीर्वाद' अभियान

गोंडा, समृद्धि न्यूज। नव विवाहित दंपति विशेष रूप से जिनका विवाह एक साल के अंदर हुआ हो ऐसे लोगों से परिवार नियोजन पर संवाद करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से आर्शीवाद अभियान चलाया गया है। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले के 330 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से ग्राम प्रधानों द्वारा नव विवाहित दंपतियों को शगुन किट का वितरण कर

अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर नव दंपति को गर्भावस्था के दौरान होने वाले संभावित खतरों से बचाव के लिए सावधानी बरतने और जांच कराने की सलाह दी गयी। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाली (एचआरपी) गर्भवती की पहचान कर उनका प्रबंधन और फॉलोअप किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने बताया कि प्रदेश में 25-35 प्रतिशत आबादी युवा वर्ग की है। इस वर्ग को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और पोषण की जानकारी देने की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस अभियान का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के *जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमरनाथ* ने बताया कि आशीर्वाद अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में नव विवाहित दंपति की सूची तैयार किया है, साथ ही उन्हें शगुन किट मिली है या नहीं इसकी भी जानकारी दर्ज की गयी है। अब 11-31 जुलाई के मध्य इन दंपति का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर गर्भावस्था एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर शगुन किट प्रदान की जाएगी।

इलाज के दौरान वृद्ध की मौत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत पूरेशिवा बख्तावर जै जै राम पुरवा निवासी 60वर्षियअनूप तिवारी को फरसे से मारकर आठ जून को मरणासन्न कर दिया गया था। एक माह तक इलाज चलने के दौरान जिला अस्पताल में सोमवार की देर शाम को मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक अनूप के लड़के देव प्रकाश तिवारी ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर उस के घर पर धार दार हथियार से हमला कर दिया गया था जिस में उस के पिता अनूप तिवारी को ज्यादा चोट आई थी। लखनऊ में सर का ऑपरेशन हुआ था। होश न आने की वजह से डॉक्टर ने कोमा में बता कर जवाब दे दिया था। वहाँ से दुबारा जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता अनूप तिवारी को बचाने के दौरान उनके लड़के देव कुमार बहु ममता को भी चोट आई थी। पुलिस ने मार पीट का मुकदमा। दर्ज किया था।

डीजे को लेकर विवाद, दबंगों ने दूल्हे समेत कई को पीटा

- दबंगों ने डीजे बंद करने के लिए बनाया था दबाव, विरोध करने पर शादी में आए मेहमानों की पिटाई की
- पांच लोग घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के बसीरगंज मोहल्ले में शादी से पूर्व आयोजित रतजगा कार्यक्रम में रात को डीजे बज रहा था। जिसका पड़ोस के दबंगों ने विरोध करते हुए मारपीट शुरू कर दी हमले में दूल्हा समेत पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर के मोहल्ला बशीरगंज निकट कल्लू आरा मशीन निवासी पेंटर पुत्र अब्दुल हक का विवाह बुधवार को होना है। विवाह से पूर्व सोमवार रात में रतजगा कार्यक्रम पेंटर के यहां आयोजित हुआ। जिसमें रात 10 बजे डीजे बज रहा था। मेहमान डीजे पर डांस कर रहे थे। तभी मोहल्ले के दबंगों ने डीजे बंद करने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर शादी में आए मेहमानों की पिटाई की। बचाने दौड़े दूल्हे पेंटर को पीटा। दबंगों की मारपीट में दूल्हा समेत पांच लोग घायल हो गए।आसपास के लोगों की मदद से झगड़ा शांत कराया गया। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली नगर के बशीरगंज चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि डीजे बजने को लेकर विवाद और मारपीट हुआ था। उन्होंने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

बारिश के दौरान शुरू हुआ बवाल

रात में आयोजित रतजगा कार्यक्रम के दौरान बारिश हो रही थी। बारिश के दौरान ही दबंगों ने डीजे बजाने को लेकर मारपीट की। जिससे वैवाहिक कार्यक्रम भगदड़ मच गई।

जनसंख्या स्थिरता के लिए विधायक व डीएम ने रवाना किया जागरूकता वाहन

- कलेक्ट्रेट में दिखायी हरी झण्डी, उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित होंगे स्वास्थकर्मी

बहराइच समृद्धि न्यूज विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई तथा 11 से 27 जुलाई तक जनपद में आयोजित होने वाले जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के दौरान जनसंख्या नियन्त्रण के लिए जनसामान्य में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर जन-जागरूकता वाहनों को रवाना किया। जागरूकता वाहन पखवाड़ा अवधि में जनपद के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को जनसंख्या स्थिरता के लिए जागरूक करेंगे तथा विभागीय प्रचार सामग्री का वितरण भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, डीपीएम सरजू खान, डीएचइआईओ बृजेश सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तेजवापुर अभिषेक अग्निहोत्री सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

मोबियस फाउण्डेशन की ओर आयोजित हुआ शिविर

विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि बालार्क चिकित्सालय परिसर में मोबियस फाउण्डेशन की ओर शिविर आयोजित किया गया है। डॉ सिंह ने यह भी बताया कि जनसंख्या नियन्त्रण पखवाड़ा अन्तर्गत परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आशा, एएनएम,आशा संगिनी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

डॉ सतीश कुमार सिंह सीएमओ

लाल निशान के करीब पहुंची घाघरा नदी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में स्थित नदियों में पानी बढ़ने लगा है। मंगलवार को भी तीन बैराजों से 2.63 लाख पानी डिस्चार्ज किया गया है। यह पानी देर शाम तक घाघरा नदी में पहुंच जाएगा। ऐसे में घाघरा नदी खतरे के निशान को नदी छू सकती है। नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश प्रतिदिन बैराजों में पहुंच रहा है। इसके बाद बैराजों से पानी छोड़ा जा रहा है। जिले के जरवल रोड में स्थित घाघरा नदी पर बने एल्गिन ब्रिज पर नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। जल स्तर बढ़ने से घाघरा नदी लाल निशान की ओर बढ़ रही है। मंगलवार सुबह 8-00 बजे घाघरा नदी में शारदा बैराज से 138707 क्यूसेक, गिरजा बैराज से 123073 क्यूसेक व सरयू बैराज से 1236 क्यूसेक समेत कुल 263016 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। पानी छोड़े जाने के बाद से घाघरा नदी अब खतरे का लाल निशान छूने की ओर आगे बढ़ रही है। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता शोभित कुशवाहा ने बताया कि अभी बाढ़ की कोई स्थिति नहीं है। नदियों में पानी छोड़ा जा रहा है। पानी एल्गिन ब्रिज पर खतरे के निशान से अभी काफी नीचे है। नदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।

सुरक्षा बाड़ में उतरे करंट से किसान की मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज। सिसई हैदर गांव निवासी किसान मंगलवार सुबह खेत में नेट सही कर रहा था, तभी वह तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही करंट लगने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाली देहात अंतर्गत सिसई हैदर गांव निवासी बाबूराम पुत्र श्री राम किसान थे। मंगलवार को बारिश होने पर सुबह बाबूराम अपने खेत में धान रोपाई के लिए मेड़बंदी कर रहे थे। बगल में एक किसान के खेत में फसल की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग करवा कर उसमे करंट दौड़ाया गया था। अंजाने में किसान ने तार को पकड़ लिया। करंट लगने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि किसान की मौत करंट लगने से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

झमाझम बारिश ने दी गर्मी से राहत, फसलों को मिली संजीवनी

- शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में मानसून की दस्तक देने से लोगों को राहत मिली है। लगातार गर्मी झेल रहे लोगों को अब झमाझम बारिश ने निजात दी है। इससे खरीफ फसलों को संजीवनी मिली है। वहीं शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। अगले 48 घंटे में तेज बारिश की संभावना बनी हुई है।तराई में कई दिनों से आसमान में बादल छाते रहे। लेकिन काले बादल बारिश में तब्दील नहीं हो रहे थे। इससे उसम भी बढ़ी हुई थी। मंगलवार की दोपहर झमाझम बारिश शुरू हुई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। मानसून के दस्तक देने के साथ ही शहर में भी जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। शहर के कई मोहल्लों में मुख्य रास्तों पर बारिश का पानी भर गया है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। मौसम जानकर के अनुसार तराई में पूरी तरह से मानसून सक्रिय हो चुका है। मानसूनी बारिश का क्रम जारी रहने की उम्मीद है।

मेडिकल कॉलेज परिसर में सरकारी डाक्टर कर रहे प्राइवेट प्रैक्टिस

- यह सब देखना मेरी जिम्मेदारी नहीं, प्रिंसिपल से बात कीजिए : सीएमएस

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक हर संभव प्रयास करने के साथ-साथ पानी की तरह संबंधित विभागों को रुपया उपलब्ध करवा रहे हैं वही डॉक्टर अपने कार्यों से विरत होकर अपनी जेब भरने की आकांक्षाओं को अमलीजामा पहनाते हुए मेडिकल कॉलेज परिसर में ही प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त बताए जाते हैं। स्वयं मरीजों का कहना है कि यहां के ज्यादातर डॉक्टरों के दलाल मरीजों से डॉक्टर के घर पर दिखाने की बात की जाती है। जहां पर मरीजों से फीस,जांच व दवा के नाम पर अच्छी खासी रकम भी वसूली जाती है।

जनपद के प्रतिष्ठित फिजिशियन डॉक्टर प्रभाकर मिश्रा को लेकर भी मरीजों द्वारा यह बताया गया कि वह अस्पताल परिसर में बैठकर ही अपनी प्राइवेट क्लीनिक चलाते हैं। जहां पर प्रति व्यक्त 500 रूपए की वसूली की जाती है। डॉ प्रभाकर इतने चलाक डॉक्टर है कि पत्रकारों के मोबाइल ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा रखा है।यह डॉक्टर बहराइच के कैसरगंज क्षेत्र के रहने वाले बताए जाते हैं।बताया जाता है कि इनके पिता श्रीधर अध्यापक थे।ऐसी अवस्था में इनके जिले में तैनाती को लेकर भी समय-समय पर सवाल पैदा होते रहे हैं।लेकिन देखना यह भी होगा कि इनका मतदाता पहचान पत्र कहां से बना हुआ है इनकी पैदाइश भी गांव नौगाइयां,कैसरगंज की बताई जा रही है जो कि कैसरगंज से लगभग 3 किलोमीटर बताया जाता है।सूत्रों की माने तो डॉक्टर प्रभाकर के भाई का साला लकी इनके प्राइवेट क्लीनिक का काम देखता है जो की पूर्व में मिलिट्री में कार्यरत बताए जाते हैं।कुछ पत्रकारों का भी कहना है कि वो पत्रकारों को भी रोकने का काम करता रहता है। बताते हैं कि डॉक्टर साहब अपने रिश्तेदारों के फोन पर भी अपने बिजनेस से समझौता नहीं करते हैं। जिनसे उनके भाई का साला रुपया वसूलने का भरसक प्रयास करता है।कई बार लोगों से उसकी नोकझोंक होने की भी बात बताई जाती है। जब रिश्तेदारों द्वारा डॉक्टर प्रभाकर के मेदांता में भर्ती व शादी की बात बताई जाती है तो वे उन्हें भी जल्दी पहचानने की कोशिश नहीं करते। ऐसे में सरकार से नान प्रैक्टिस अलाउंस लेने वाले डॉक्टरों द्वारा मेडिकल कालेज परिसर में बैठ कर लूट खोरी करने के बाद भी क्या उन्हें पद से बर्खास्त नहीं किया जाना चाहिए? जो परोक्ष रूप से आम लोगों के समक्ष सरकार की क्षवि को भी खुलेआम धूमिल करने का कुत्सित प्रयास भी कर रहें हैं।मालूम हो कि पूर्व जिला अधिकारी माला श्रीवास्तव के साहसिक प्रयास से कई डॉक्टरों की चूलें हिला दी गई थीं। बताया जाता है कि एक बार फिर जनपद में महिला जिलाधिकारी के पदार्पण होते ही डॉक्टरों में सुगबुगाहट देखी जा रही है कि कहीं वर्तमान जिला अधिकारी द्वारा भी माला श्रीवास्तव का अनुसरण न कर लिया जाए। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा डॉक्टर प्रभाकर के मेडिकल परिसर आवास पर चल रहे क्लीनिक पर छापा भी मारा गया था।लेकिन उस दिन वहां पर कोई नहीं मिला था। और बाद में पहले की तरह फिर से अपने प्राइवेट क्लीनिक पर लगातार देखे जा रहे हैं। इस संदर्भ में जब सीएमएस से बात की गई तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह सब देखना हमारा काम नहीं है न ही मेरी जिम्मेदारी है।आपको जो भी बात करना हो प्रिंसिपल से कीजिए और फोन को काट दिया। दोबारा फोन करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

गड्ढों में तब्दील हो रही सड़कें राहगीर परेशान

टूटी सड़कों पर चलने को मजबूर कांवड़ यात्री, जिम्मेदार बेखबर

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

सरकार ने कच्चे रास्तों को पक्का करने की बहुत सी घोषणाएं की है जिन पर विभागीय अधिकारी काम करने का दावा करते हैं लेकिन जो सड़कें पहले से ही पक्की है और वह गड्ढे में तब्दील हो रही है उनकी तरफ ना तो सरकार के नुमाइंदों का ध्यान जा रहा है ना ही विभाग के कार्यालयों में बैठे उच्चाधिकारियों का।

सड़कों की मरम्मत के लिए प्रतिवर्ष लाखों का बजट विभाग से आता है लेकिन सड़कों की हालत देखकर ऐसा लगता है यह बजट मात्र फाइलों में ही सिमट जाता है। सरकार का गड्ढा मुक्त सड़कों का अभियान भी दम तोड़ता नजर आ रहा है लोक निर्माण की लापरवाही के चलते

...तो योगी सरकार में भी गड्ढों से होकर गुजरेंगे कांवड़िए

सावन की कांवड़ यात्रा में हर साल शिवालयों को जाने वाले मार्गों के गड्ढे भरे जाते हैं। इस बार तो योगी सरकार ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने का फरमान सुना दिया था ताकि आम लोगों और कांवड़ियों को शिवालयों तक जाने में परेशानी न हो। इसका कुछ असर तो दिख रहा है, लेकिन कांवड़ियों के गुजरने वाली सड़कें पूरी तरह गड्ढामुक्त नहीं हैं। मतलब, इस बार भी कांवड़िए कंकड़ पत्थर, गंदगी, कूड़े के ढेर के अलावा गड्ढों से होकर गुजरने को मजबूर हैं।

लालगंज कस्बे के बीच से गुजरने वाली रायबरेली कानपुर मार्ग गड्ढों में तब्दील होता दिखाई दे रहा है गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों और स्कूली बच्चों को जान का जोखिम बना रहता है आए दिन कोई न कोई दुर्घटनाएं होती रहती हैं विभागीय अधिकारी सड़क के गड्ढों को भरवाने तक की जहमत नही है स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रोड से रोजाना सैकड़ों हल्के व भारी वाहन गुजरते हैं सड़क में गड्ढे होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है विभाग की लापरवाही के चलते हम लोग परेशान हैं सड़कों की मरम्मत के नाम से जो पैसा आता है उसकी जांच की जाए और यदि सड़क में व्याप्त गड्ढों को जल्द नहीं भरा गया तो हम लोग प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

दबंगों ने दलित परिवार पर किया जानलेवा हमला

- दबंगों द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल
- आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज होकर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जमीनी विवाद के चलते आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने दलित के परिवार के ऊपर घर में घुसकर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला दबंगों के हमले में बुजुर्ग मां व बेटी गंभीर रूप से हुई घायल दबंगों द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का किया घेराव मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरपुर गांव का है जहां जमीनी विवाद के चलते 2 दिन पहले आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने दलित परिवार पर घर में घुसकर कुल्हाड़ी व फरसे से हमला बोल दिया हमले में घायल मां बेटी जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच में संघर्ष कर रही हैं, वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से नाराज होकर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार उमरपुर गांव की रहने वाली गीता देवी ने बताया कि गांव के दबंग वंश बहादुर सिंह धर्मेंद्र सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक भू माफियाओं ने घर में घुसकर धारदार हथियार से मेरी मां और बहन पर हमला कर दिया था आज मेरी मां और बहन जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन नामजद आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ था लेकिन आरोपी खुलेआम गांव में घूम कर धमकी दे रहे हैं घायल की बेटी गीता देवी ने आज पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

खबरें एक नजर में

भाविप के 60वें स्थापना दिवस पर कराया जरूरतमंदों को भोज

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज। भारत विकास परिषद शाखा कोंच ने मंगलवार को अपना 60वां स्थापना दिवस दरिद्र नारायण सेवा समिति के भवन में जरूरतमंदों के बीच मनाया। इस अवसर पर तमाम जरूरतमंद लोगों को संस्था की ओर से भोजन भी कराया गया। भाविप शाखा कोंच के उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य सीताराम प्रजापति की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संस्थापक सदस्य गजराज सिंह सेंगर तथा मुख्य वक्ता संस्था के संस्थापक कोषाध्यक्ष इंजी. राजीव कुमार रेजा रहे। शिक्षाविद श्रीकांत गुप्त ने बताया कि भारत विकास परिषद के केंद्रीय कार्यालय द्वारा देश के कई शहरों में विकलांग हॉस्पिटल चलाए जा रहे हैं। कढोरेलाल यादव बाबूजी ने कहा कि ऐसे अवसरों पर भूखों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इंजी. राजीव रेजा ने भारत विकास परिषद की स्थापना से लेकर आज तक के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था की तमाम शाखाएं देश विदेश में कार्य कर रहीं हैं। अध्यक्षता कर रहे सीताराम प्रजापति ने संस्था के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश के कृत कार्यों की जानकारी दी। संचालन सचिव रवींद्र सिंह निरंजन ने किया। इस दौरान प्रह्लाद सोनी, ब्रजबल्लभ सिंह सेंगर, दिनेश सोनी घुरा, प्रदीप अग्रवाल साक्षी, राजीव अग्रवाल, शैलेंद्र सर्राफ़, रामसिंह यादव, नरेंद्रमोहन सोनी, अजीज शाह आदि उपस्थित रहे।

शराब पिलाकर पति से जमीन नाम करा लेने की पत्नी ने पुलिस से शिकायत की

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज। शराब पिलाकर पति से जमीन नाम करा लेने की पुलिस से शिकायत करते हुए परेशान पत्नि ने संबंधित लोगों के खिलाफकार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरगुबां बुजुर्ग निवासी महिला गयावती पत्नि सुरेश चंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत 20 मार्च 2023 को ग्राम अमीटा निवासी रामप्रकाश और भदारी निवासी घनश्याम घर से उसके पति को अपने साथ ले गए और मौजा शहपुरा में पति के नाम स्थित आराजी नंबर 51 रकबा 0.737 हेक्टेयर में से 1/2 भाग का बैनामा जबरन अपने नाम करा लिया और पति से 2 लाख 40 हजार रुपये भी हड़प लिए हैं। महिला ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर उसने बाहर रह रहे अपने बेटे को बुलाया और फ़िर उक्त लोगों के पास गयी तो उक्त लोगों ने उसे धमकी देकर भगा दिया। उक्त मामले को लेकर पुलिस फ़िलहाल जांच कर रही है।

पानी गिरने पर महिला को पीटा, पुलिस से की शिकायत

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज। पानी गिरने पर एक महिला को पड़ोसी महिला ने मारपीट कर घायल कर दिया। कांशीराम कॉलनी निवासी महिला वंदना पत्नि चरण सिंह ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सोमवार की देर शाम करीब 7 बजे वह पानी भर रही थी इसी दौरान बाल्टी में से जरा सा पानी गिर गया तो पड़ोसी महिला रीना ने गाली गलौज कर उसे मारापीटा। मारपीट से बचने के लिए वह भागकर अपने क्वार्टर में आ गयी तो रीना उसके क्वार्टर में घुस आई और उसने दाँतों से उसके गाल पर बुरी तरह काट लिया जिससे वह घायल हो गयी। शोरशराबा सुनकर आस पड़ोस के लोगों के मौके पर आ जाने के बाद रीना जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गयी। उक्त घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। घटना सही पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बारिश के पानी में वन विभाग कार्यालय बना तालाब

कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज। बीते एक पखवाड़े से हर रोज हो रही भारी बारिश आम आदमी के साथ-साथ सरकारी संस्थानों के लिए भी बड़ी मुसीबत का सबब बन गई है। ब्लॉक कार्यालय से सटा वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर इस बारिश के पानी से तालाब में तब्दील हो गया है जिसमें बंदर उछल कूद कर वाटर पार्क जैसा मजा ले रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में हाल ही में शामिल हुआ नगर से सटा बाहरी इलाका विकास की मुख्य धारा में आने से वंचित रहा है। यहां सबसे बड़ी समस्या ड्रेनेज सिस्टम का नहीं होना है जिसके चलते थोड़ी सी ही बारिश में कई इलाकों में जलभराव की विकट समस्या नमूदार हो जाती है। पिछले कमोवेश एक पखवाड़े से जारी मूसलाधार बारिश से इन इलाकों का आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सरकारी संस्थान भी इससे अछूते नहीं बचे हैं। ब्लॉक कार्यालय से सटे वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय की भी यही स्थिति है। पूरा कार्यालय परिसर बारिश के पानी से तालाब बना हुआ है। जल निकासी का कोई माकूल इंतजाम नहीं होने से पानी वहां भरा रहता है और पेड़ों पर रहने वाले बंदर वहां वाटर पार्क का लुत्फउठा रहे हैं। बार-बार पेड़ों पर चढ़ कर वहां से पानी में जंप करते बंदर दिन भर वहां किलोल करते रहते हैं, ऐसे में वन विभाग के दफ्तर में लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।

जेआरएफ टॉपर कल्पना व साहित्यकार पुष्पा को मिला नैतिक गोल्ड सम्मान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा में टॉपर कल्पना अवस्थी और साहित्यकार पुष्पा श्रीवास्तव "शैली" को नैतिक गोल्ड मसाला कंपनी ने सम्मानित किया नैतिक गोल्ड मसाला कंपनी के द्वारा नैतिक गोल्ड सम्मान के लिए चयनित कल्पना अवस्थी ने जेआरएफ परीक्षा में 99.34 अंक प्राप्त किए है साथ ही छत्तीसगढ़ में विश्व हिंदी साहित्य सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित सम्मेलन में प्रदेश का नेतृत्व करने वाली वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा श्रीवास्तव "शैली" को भी कंपनी ने सम्मानित किया। कंपनी के सीईओ वीरेंद्र अग्रहरी ने बताया कि उनकी कंपनी के द्वारा व्यवसाय के साथ-साथ समाज में एक लक्ष्य लेकर उत्कृष्ट कार्य की ओर आगे बढ़ने वाली प्रतिभाओं को भी सहयोग किया जाता है जिससे ऐसी प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन हो सके और समाज को उनके माध्यम से सकारात्मक दिशा प्राप्त हो सके।

नवागत उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

नवागत उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को लालगंज तहसील पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया।

पदभार संभालने के उपरांत लालगंज एसडीएम रहे अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह एवं नायब तहसीलदार वेद प्रकाश ने नवागत एसडीएम मनोज कुमार सिंह को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। विदित हो कि 3 जुलाई 2022 से 10 जुलाई 2023 तक लालगंज एसडीएम रहे अजीत प्रताप सिंह का स्थानांतरण पीलीभीत जनपद के लिए हो गया है। उनके स्थान पर औरैया जिले के सदर एसडीएम रहे मनोज कुमार सिंह ने लालगंज तहसील का पदभार संभाला है।उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह अंबेडकर जनपद के रहने वाले हैं। वह 2001 से 2012 तक बहराइच जिले में नायब तहसीलदार के पद पर रहे। 2015 में वह तहसीलदार बने तथा बाराबंकी और अयोध्या जिले में तैनात रहे। 2021 में वह एसडीएम बने।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि शासन की मन्शा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु शत प्रतिशत प्रयास किया जाएगा, जिससे आम जनता को उनके कार्यों हेतु दोबारा दौड़ना ना पड़े। शासन की मंशा ही उनकी प्राथमिकता है। शासन की योजनाओं तथा कार्यक्रमों को प्राथमिकता से क्रियान्वित कराना मुख्य उद्देश्य रहेगा।जनकल्याणकारी नीतियों का समुचित क्रियान्वयन कराना एवं अधिकारियों को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय दिलाना एवं फरियादियों की समस्याओं का निराकरण ही उनकी विशेष प्राथमिकता होगी। नवागत उपजिलाधिकारी ने कहा कि कानून के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत मातहतों से उनका परिचय प्राप्त कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों एवं अन्य अधिवक्ताओं ने उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया।

युवा भाजपा नेता राकेश कुमार त्रिवेदी ने नवागंतुक एसडीएम से की शिष्टाचार भेंट

क्षेत्रीय तहसील में नवागत एसडीएम के चार्ज संभालते ही समाजसेवियों, व्यापारियों व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा सिलसिलेवार तरीके से शिष्टाचार भेंट करने व शुभकामनाएं संप्रेषित करने वालों का तांता लगा हुआ है।इसी कड़ी में मंगलवार को विधानसभा सरेनी के उदीयमान व चर्चित युवा भाजपा नेता राकेश कुमार त्रिवेदी ने नवागंतुक एसडीएम मनोज कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का लाभार्थी सम्मेलन संपन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का लाभार्थी सम्मेलन जिला कार्यालय अटल भवन में संपन्न हुआ जहां अल्पसंख्यक वर्ग के 500 लाभार्थियों ने भाजपा के सेवा सुशासन और कल्याण कारी योजनाओं में अपनी आस्था जताई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष मो नईम रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो शरीफ एवं जिला महामंत्री संदीप जैन व विनोद वलेचा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं माल्यार्पण कर किया।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ आमीर अहमद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, असरार अहमद प्रदेश कार्यालय प्रभारी, मो रफी लोकसभा प्रभारी, कमरुद्दीन रेलवे बोर्ड मेंबर, शफीक सलमानी सोशल मीडिया प्रभारी पधारे।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन मे भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व योजनाओं को बिना किसी भेदभाव के सभी को देने की बात कही। उन्होंने सभी से मोदी जी एवं योगी जी की बात को जन जन तक पहुंचाने के लिए आह्वान किया। समारोह को विशिष्ट अतिथि मो नईम एवं जिला अध्यक्ष रामदेव पाल ने भी संबोधित किया । समारोह का संचालन संदीप जैन ने किया। सभी वक्ताओं ने अल्पसंख्यक समुदाय से भारतीय जनता पार्टी का अधिक से अधिक समर्थक करने पर जोर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम परेड का मान - प्रणाम ग्रहण करते हुए परेड का निरीक्षण किया गया तथा अधिकारियों / कर्मचारियों को कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान एवं जनमानस से उचित व्यवहार, अपराधों की रोकथाम एवं समाज में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक हिदायतें दी गयी। इसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन के भोजनालय, बैरिकों की साफ-सफाई, परिवहन शाखा, कर्वाटर गार्द, गणना कार्यालय, अतिथि गृह, पुस्कालय, कैण्टीन, जिम हॉल तथा आवसीय परिसर में स्थित पार्क का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

चोरों ने पार किया लाखों का सामान पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जागते रहो पुलिस सो रही है पुलिस के रात्रि गश्त की पोल खोलते हुए बेखौफ चोरों ने सोने चांदी के जेवरात व नकदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के राजपत नगर मोहल्ले का है जहां की रहने वाली फूलमती पत्नी स्व ओमप्रकाश अपना इलाज कराने के लिए सोनीपत हरियाणा गई हुई थी इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात व नकदी समेत लगभग 3 लाख रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया और घटना को अंजाम देकर बेखौफ चोर आराम से मौके से फरार हो गए और पुलिस ताकती रह गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

भैंस चोरी कर भाग रहे चोरों का ग्रामीणों ने कार से किया पीछा

- पीछा कर रहे ग्रामीणों पर चोरो ने की फायरिंग
- पीछा कर रही कार को चोरों की लोडर ने टक्कर मारकर किया क्षतिग्रस्त
- ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में रात्रि पुलिस गश्त की उस वक्त पोल खुल गई जब भैंस चोरी कर भाग रहे लोडर का ग्रामीण कई किलोमीटर तक पीछा करते रहे और रास्ते में एक भी पिकेट नहीं मिली। चोरों के हौसले कितने बुलंद हैं इसका अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि पीछा कर रही कार को चोरों की लोडर ने टक्कर मार मार कर छतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान चोर फायरिंग भी करते रहे। ग्रामीणों के हौसले तब भी पस्त नहीं पड़े तो चोर लोडर छोड़कर फरार हो गए। हालांकि ग्रामीणों ने भाग रहे चोरों में से एक को पकड़ लिया है। मामला सरेनी थाना इलाके के बेनीमाधवगंज का है। यहां देर रात कुछ ग्रामीण बैठे बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान भैंस व गोवंश से लदी एक लोडर उधर से असामान्य गति से भागती नज़र आई। ग्रामीणों ने उसका पीछा किया तो लोडर सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। ग्रामीण फिर भी पीछे नहीं हटे और लोडर को ओवरटेक करके सामने आ गए। बदमाशों ने खुद को फंसता देखकर ग्रामीणों की कार में कई टक्कर मारकर उसे छतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने नीचे उतरकर जब लोडर को चारों तरफ से घेर लिया तो बदमाश भागने लगे। ग्रामीणों ने भाग रहे बदमाशों में से एक को पकड़कर डायल 112 की टीम को सौंप दिया। पुलिस बदमाश से पूंछताछ में जुट गई है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में 'आजाद हाउस' के सौजन्य से किया गया आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में 'आजाद हाउस' के सौजन्य से विश्व जनसंख्या दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बढ़ती आबादी से उत्पन्न गंभीर समस्याओं पर स्कूल के बच्चों के विचारों के साथ-साथ केमिस्ट्री प्रवक्ता रत्नेश मिश्रा जी ने बताया कि 11 जुलाई को दुनिया भर में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस विशेष दिन को मनाने का उद्देश्य बढ़ती आबादी से जुड़ी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। जनसंख्या वृद्धि की वजह से अशिक्षा, बेरोजगारी, भुखमरी और गरीबी बढ़ रही है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में बढ़ रही जनसंख्या लगभग सभी देशों के लिए मुसीबत बनी हुई है, वर्तमान आंकड़े बताते हैं कि भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में चीन से भी आगे है।

कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी ने स्कूल के बच्चों को बताया कि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न खतरे और इसे नियंत्रित करने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इसका नकारात्मक प्रभाव पर्यावरण पर तेजी से पड़ रहा है। पर्यावरण में हो रहे बदलाव को रोकना और लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना ही इसका प्रमुख उद्देश्य है।

टप्पेबाजों ने एटीएम बदलकर निकाले पचास हजार रुपए

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। एटीएम बदलकर टप्पेबाजों ने उड़ाए 50 हजार एटीएम में लगातार लोग टप्पेबाजों के शिकार होते रहते हैं और पुलिस बैंकों की चेकिंग तो जरूर करती है लेकिन फिर भी टप्पेबाजी की घटनाएं घट ही जाती है।

ताजा मामला महराजगंज कस्बे का है जहां आनंद नगर निवासी विशाल वैश्य यूको बैंक एटीएम से पैसे निकालने गए थे जहां एटीएम में पहले से ही मौजूद दो युवकों ने चकमा देकर एटीएम बदल दिया। विशाल जब तक हेरा फेरी को समझ पाता तब तक निर्मला देवी के खाते से रुपये 50हजार निकल चुके थे।

जाली करेंसी के साथ दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

- अभियुक्तों के पास से 99500 रुपये, कलर प्रिंटर, नोट छापने के जाली कागज बरामद

लालगंज रायबरेली रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लालगंज कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को 02 शातिर अभियुक्तों को नकली भारतीय करेंसी के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगणों के कब्जे से जाली करेंसी बरामद हुई है। आपको बता दें कि मंगलवार को लालगंज पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना बाल्हेश्वर मंदिर के पास से

दो अभियुक्त पियूष वर्मा पुत्र स्व0 सुरेश कुमार निवासी ग्राम नौरंग सिंह का पुरवा और विशाल रावत उर्फ ऋषभ पुत्र राजेश कुमार नि0 आफता नगर मुरईबाग थाना डलमऊ को भारतीय जाली करेंसी 99500, जाली नोट छापने के लिये कुल 90 कागज, एक 2000 रुपये का असली नोट व एक 100 रुपये का असली नोट और दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय थाना मे धारा 489क/489/489 /489घ पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

उदय प्रताप सिंह ने संभाला एफएसआई का पदभार

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज। लालबहादुर यादव का स्थानांतरण जीआरपी में होने के बाद से कोतवाली में रिक्त पड़े वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर नवागंतुक एसएसआई उदय प्रताप सिंह ने पदभार संभाल लिया है। वर्ष 2005 के अधिकारी उदय प्रताप जनपद मैनपुरी के मूल निवासी हैं। इससे पहले वह जनपद कानपुर में चौबेपुर, सचेंडी, काकादेव और वर्ष 2017 में जनपद झांसी में बड़ागांव पूंछ आदि जगहों पर तैनात रह चुके हैं। पिछले दिनों स्थानांतरित होकर जनपद जालौन आए उदय प्रताप को पुलिस कप्तान डॉ. ईराज राजा ने कोतवाली कोंच का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बना कर भेजा है। जनपद जालौन में यह उनकी पहली तैनाती है।

तबाही की बारिश

उत्तर भारत समेत देश के अन्य भागों में अप्रत्याशित रूप से लगातार होती बारिश ने हा-हाकार मचाया है। बरसात के मौसम में बारिश और जलधाराओं में उफान आना सामान्य बात है। लेकिन इस बार की अतिवृष्टि ने बताया है कि मनुष्य शक्तिशाली होने का भले ही दंभ भरता रहे लेकिन कुदरत के रौद्र के सामने वह बौना ही है। जगह-जगह बादल फटने, नदियों में बाढ़, पानी रोकने में नाकाम बांध और भूस्खलन की घटनाओं ने लोगों में भय पैदा किया है। देश का जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। पुलों के टूटने, बस्तियों में नौका चलाने, मकानों के भरभरा कर गिरने व कारों के बहने के वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों को दहशत से भर रहे हैं। कारोबार ठप हैं, स्कूल-कालेज बंद कर दिये गये हैं। फिर भी बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। कई राज्यों में रेड, ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश ने कोहराम मचाया है। करीब तीन-चार हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का प्राथमिक अनुमान लगाया गया है। हिमाचल में बाढ़, बादल फटने, जलधाराओं में उफान व भूस्खलन में सत्रह लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। जलधाराओं में उफान से नदियों के किनारे स्थित सड़कों, मकानों, होटलों व हाईवे को नुकसान पहुंचना स्वाभाविक है। हिमाचल व उत्तराखंड में सैकड़ों सड़कें तबाह हुई हैं। विद्युत व्यवस्था ठप होने और यातायात बाधित होने की भी खबरें हैं। हिमाचल में रावी, व्यास, सतलुज, चिनाब आदि नदियों में उफान से संकट गहरा हो रहा है। हरियाणा में हथनीकुंड बैराज में जरूरत से ज्यादा पानी जमा होने से करीब दो लाख क्यूसिक पानी छोड़े जाने से दिल्ली पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में युद्ध स्तर पर बचाव के प्रयास किये जाने की जरूरत है। अभी भी रुक-रुक कर होने वाली बारिश को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में हालात चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।निस्संदेह, आज पूरी दुनिया में मौसम के चरम से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। मौसम की तल्खी को देखकर लगता है कि प्रकृति के खिलाफ मानव की क्रूरता का कुदरत बदला ले रही है। जलधाराओं के मार्ग में लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने नदियों के प्रवाह को आक्रामक बना दिया है। पहाड़ हमारी जरूरत हैं, हमारी प्राणवायु के संरक्षक हैं लेकिन वे सिर्फ इंसानी विलासिता और सैर-सपाटे के स्थान नहीं हैं। वे बड़ी विकास परियोजना व बड़े बांधों का बोझ उठाने लायक भी नहीं हैं। कहा जाता है कि बड़े बांधों के इलाकों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ती हैं। इंसान ने विकास व पर्यटन तथा बस्तियों का जितना बोझ पहाड़ों पर लाद दिया है, वो इनकी क्षमता से अधिक है। पहाड़ों में विकास का आधार प्रकृति के साथ सामंजस्य होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर देश के महानगर व शहर अनियोजित विकास का त्रास झेल रहे हैं। थोड़ी सी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। बारिश के पानी के जो परंपरागत रास्ते थे, उन पर कब्जा करके हमने कंक्रीट के जंगल उगा दिये हैं। दूसरी ओर इस तरह की अतिवृष्टि आधारभूत ढांचे की पोल भी खोलती है। बड़े शहरों में सड़कों में जलभराव, रेलवे लाइन का पानी में डूबना व अंडरपास का जलमग्न होना अनियोजित विकास का ही परिणाम है। बारिश में हमारे आधारभूत ढांचे की गुणवत्ता सामने आ जाती है। जिसके चलते सड़कों के धंसने और ट्रैफिक जाम की घटनाएं बारिश में सामने आती हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिस मानसून का हम पलक-पांवड़े बिछा कर स्वागत करते थे, जो बारिश कभी आनंद का प्रतीक होती थी, वह अब डराने क्यों लगी हैं। कहीं न कहीं हमारे नगर नियोजक, प्रशासक, इंजीनियर व नीति नियंता भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर विकास योजनाओं को मूर्त रूप देने में विफल रहे हैं। जाहिर बात है, यदि आधारभूत ढांचे का निर्माण पर्याप्त योजना व दूरदर्शी सोच के अभाव में किया जाएगा, तो अतिवृष्टि से लोगों का मुश्किलों में फंसना स्वाभाविक ही है।

लोकतंत्र की जगह शोकतंत्र

पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में जानलेवा हिंसा की खबरें बेहद चिंताजनक है। लोकतंत्र में मतों की गिनती होनी चाहिए, लेकिन ये चुनाव शोकतंत्र में तब्दील हो गए हैं, जहां मतों की जगह शवों की गिनती हो रही है। ये पहली बार नहीं है जब प. बंगाल में चुनावों के दौरान हिंसा हुई हो। इससे पहले 2013 के पंचायत चुनाव में 13 और फिर 2018 के पंचायत चुनावों में भी मतदान के दिन 14 लोगों की हिंसा की वजह से मौत हो गई थी। यही हालात लोकसभा और विधानसभा चुनावों में रहे। 2019 के लोकसभा चुनावों में 9 और 2021 के विधानसभा चुनावों में 16 मौतें प.बंगाल में हुई थीं।

हिंसा के इस इतिहास को देखते हुए ये भी कहा जाने लगा कि प. बंगाल में चुनाव में हिंसा अब जानी-पहचानी बात है। ऐसी धारणा का बनना निश्चित ही लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। अगर किसी राज्य में चुनाव के दौरान हिंसा की आशंका हो, तो पहले से समूचे प्रशासनिक तंत्र और केंद्र व राज्य सरकार को मिलकर शांतिपूर्ण चुनाव के लिए प्रतिबद्ध होकर उस आशंका को गलत साबित करने में जुट जाना चाहिए। लोकतंत्र किसी एक के भरोसे नहीं चल सकता। इसमें वाकई सबका साथ चाहिए। प.बंगाल में इस साथ की बहुत कमी दिखाई दी।

8 जून को पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से माहौल बिगड़ता दिख रहा था। मतदान के दिन ही 18 लोगों की मौत हो गई और जून से लेकर अब तक कुल 37 लोग मारे जा चुके हैं। हिंसा की आशंका देखते हुए ही कलकत्ता हाईकोर्ट ने छह जुलाई को कहा था कि 11 जुलाई को मतदान का नतीजा घोषित होने के बाद भी दस दिनों तक केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान राज्य में तैनात रहेंगे। लेकिन उच्च अदालत के निर्देश के बावजूद सुरक्षा इंतजामों में कहीं कोई बड़ी चूक हुई है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। दुख इस बात का है कि हालात का तार्किक विश्लेषण करने की जगह एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरु हो चुका है। लाशों पर राजनैतिक रोटी सेंकना किसे कहते हैं, प.बंगाल के हालात इस वक्त इसका जीता-जागता नमूना दिखा रहे हैं। चुनाव आयोग पर सवाल उठे तो राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने जवाब दिया कि कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है, आयोग का काम पूरी व्यवस्था को संभालना है। उनका यह भी कहना है कि केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान अगर कुछ पहले राज्य में पहुंच गए होते तो हिंसा पर अंकुश लगाया जा सकता था।

शनिवार दोपहर तक केंद्रीय बलों की 660 कंपनियां ही राज्य में पहुंची। जबकि कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आयोग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से 822 कंपनियों की मांग की थी। वैसे इससे पहले चुनाव आयोग ने केवल 22 कंपनियां ही मांगी थी। फिर यह खींचतान राज्य में चली कि चुनाव केंद्रीय बलों की निगरानी में होने चाहिए या नहीं। हाईकोर्ट के निर्देश के खिलाफ ममता सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। जहां उनकी अपील को खारिज करते हुए सर्वोच्च अदालत ने हाईकोर्ट के निर्देश को बरकरार रखते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा था कि श्चुनाव कराना हिंसा के लिए लाइसेंस नहीं हो सकता और हाईकोर्ट ने पहले हुई हिंसा की घटनाओं को देखा है... चुनाव के साथ हिंसा नहीं हो सकती।

अगर लोग अपने नामांकन ही नहीं दाखिल कर पा रहे हैं और उन्हें नामांकन करने जाते समय मार दिया जा रहा है तो मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कहां रह गए? इसके बाद राज्य चुनाव आयोग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से और आठ सौ कंपनियां भेजने का अनुरोध किया। लेकिन उसमें से आखिर तक 660 कंपनियां ही यहां पहुंचीं। इस समूचे घटनाक्रम को देखते हुए लगता है कि भविष्य में क्या होने वाला है, इसका अनुमान होते हुए भी महज राजनैतिक वर्चस्व दिखाने के लिए लोगों की सुरक्षा से समझौता किया गया। अब जबकि 30 से अधिक मौतें हो चुकी हैं, तमाम राजनैतिक दल एक-दूसरे पर उंगली उठाने लगे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर राज्य में लोकतंत्र की बहाली के लिए हस्तक्षेप की मांग की है। भाजपा की राज्य ईकाई ने राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग तक कर दी है। जिसे देखकर लगता है कि भाजपा मौके पर चौका लगाने की फिराक में ही बैठी है। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में तो दो महीने से अधिक समय से हिंसा चल रही है, वहां न शांति बहाली की कोशिश भाजपा की ओर से हो रही है, न राष्ट्रपति शासन लगाने जैसी कोई मांग हुई, क्योंकि राज्य में भाजपा की ही सरकार है। मगर प.बंगाल में सत्तारुढ़ टीएमसी के हाथों से शक्ति छीनने का यह माकूल अवसर भाजपा को दिख रहा है। इधर ममता बनर्जी भी इसके लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। उनका तर्क है कि मृतकों में सबसे अधिक टीएमसी के लोग हैं। अनुभवी राजनेता ममता बनर्जी को यह तो पता होगा ही कि जो सत्ता में रहता है, पहली जिम्मेदारी उसकी बनती है। दूसरी बात यह कि आग जब फैलती है तो अपने-पराए का भेद किए बिना सबको खाक करती जाती है। चुनाव के दौरान हुई हिंसा में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की मौत को ढाल की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

प.बंगाल में जब वामपंथी सरकार रही, तब भी चुनाव में हिंसा होती थी और अब तृणमूल कांग्रेस के लंबे शासन में भी हालात नहीं बदले हैं, तो इसका सीधा अर्थ यही है कि राज्य में राजनैतिक विभाजन इतना गहरा है कि जनता के साथ-साथ लोकतंत्र को चलाने वाली संस्थाएं भी इसमें बंट चुकी हैं। इसका एक ही तरीका है कि इसे एक या दूसरे की समस्या न मानकर समूचे लोकतंत्र की समस्या समझा जाए और उसी समग्रता के साथ उसका समाधान तलाशा जाए।

लाशों पर राजनैतिक रोटी सेंकना किसे कहते हैं, प.बंगाल के हालात इस वक्त इसका जीता-जागता नमूना दिखा रहे हैं। चुनाव आयोग पर सवाल उठे तो राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने जवाब दिया कि कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है, आयोग का काम पूरी व्यवस्था को संभालना है। उनका यह भी कहना है कि केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान अगर कुछ पहले राज्य में पहुंच गए होते तो हिंसा पर अंकुश लगाया जा सकता था।
शनिवार दोपहर तक केंद्रीय बलों की 660 कंपनियां ही राज्य में पहुंची। जबकि कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आयोग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से 822 कंपनियों की मांग की थी। वैसे इससे पहले चुनाव आयोग ने केवल 22 कंपनियां ही मांगी थी। फिर यह खींचतान राज्य में चली कि चुनाव केंद्रीय बलों की निगरानी में होने चाहिए या नहीं। हाईकोर्ट के निर्देश के खिलाफ ममता सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। जहां उनकी अपील को खारिज करते हुए सर्वोच्च अदालत ने हाईकोर्ट के निर्देश को बरकरार रखते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा था कि श्चुनाव कराना हिंसा के लिए लाइसेंस नहीं हो सकता और हाईकोर्ट ने पहले हुई हिंसा की घटनाओं को देखा है... चुनाव के साथ हिंसा नहीं हो सकती। अगर लोग अपने नामांकन ही नहीं दाखिल कर पा रहे हैं और उन्हें नामांकन करने जाते समय मार दिया जा रहा है तो मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कहां रह गए? इसके बाद राज्य चुनाव आयोग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से और आठ सौ कंपनियां भेजने का अनुरोध किया। लेकिन उसमें से आखिर तक 660 कंपनियां ही यहां पहुंचीं। इस समूचे घटनाक्रम को देखते हुए लगता है कि भविष्य में क्या होने वाला है, इसका अनुमान होते हुए भी महज राजनैतिक वर्चस्व दिखाने के लिए लोगों की सुरक्षा से समझौता किया गया। अब जबकि 30 से अधिक मौतें हो चुकी हैं, तमाम राजनैतिक दल एक-दूसरे पर उंगली उठाने लगे हैं।

विचार

राज्यपाल की भूमिका पर विवाद

राज्यपालों की भूमिका के बारे में विवाद खड़े होना भारत में कोई नई बात नहीं है लेकिन अब जो नई बात हो रही है वह यह है कि कुछ राज्यपाल अब चुनी हुई सरकारों के उन प्रशासनिक कार्यों में भी दखल देने के प्रयास करने लगे हैं जिनकी जिम्मेदारी संविधानतः पूरी तरह किसी भी राज्य के मुख्यमन्त्री या उसके मन्त्रिमंडल की होती है। पहले विपक्षी दलों को यह आम शिकायत राज्यपालों से हुआ करती थी कि वे केन्द्र की विशेष राजनैतिक दल की सरकार के कहने पर संविधान के अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करते हैं। केन्द्र व राज्यों के सम्बन्धों के बारे में सरकारिया आयोग की सिफारिशों से लेकर समय-समय पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों से भी निदेशक तालिका बनी। परन्तु राज्यपालों की नियुक्ति विशुद्ध राजनैतिक होती है अतः इसका आंशिक हल वाजपेयी सरकार के तत्कालीन गृहमन्त्री श्री लालकृष्ण अडवानी ने यह निकाला कि किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने के बाद उस फैसले की तसदीक संसद के दोनों सदनों द्वारा भी करानी पड़ेगी जिसके न होने पर राष्ट्रपति शासन निरस्त हो जायेगा।

भारत के लोकतन्त्र के हित में यह बहुत महत्वपूर्ण फैसला था। मगर इससे पहले 80 व 90 के दशकों में भारत में यह बहस भी चली थी कि किसी प्रदेश में राज्यपाल की नियुक्ति करने से पहले केन्द्र वहां के मुख्यमन्त्री से भी सलाह-मशविरा करके उसे विश्वास में ले। इस मुद्दे पर केवल बहस होकर ही रह गई मगर कोई ठोस नतीजा नहीं निकला और बात आयी-गई हो गई। संवैधानिक रूप से राज्यपाल की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति महोदय का है मगर भारत की संसदीय प्रणाली में इसे व्यवहारिक रूप में लागू करने के नियम भी जानते हैं।

राज्यपालों का चुनाव केन्द्र सरकर द्वारा ही करके उन्हें नियुक्त करने की सलाह राष्ट्रपति को दी जाती है। बेशक राज्यपाल केवल राष्ट्रपति की प्रसन्नता के रहने तक ही अपने पद पर बना रह सकता है मगर वह भारत के संविधान के संरक्षक राष्ट्रपति का प्रतिनिधि होता है और किसी भी राज्य में संविधान का पालन होते देखना उसका दायित्व होता है। मगर उस स्थिति में क्या किया जा सकता है जब स्वयं राज्यपाल ही संविधान के दायरे से बाहर जाकर काम करने लगे और चुनी हुई सरकार के कार्यों में इस प्रकार अड़ंगा लगाने लगे कि उस जनता के वोट के अधिकार के कोई मायने ही न रहें जिसके बूते पर सरकार चुन कर आयी है। यहां सबसे महत्वपूर्ण यह है कि राज्यपाल विधानसभा का अंग नहीं होता जबकि राष्ट्रपति संसद के अंग होते हैं। अतः यह राज्यपाल के लिए जरूरी हो जाता है कि वह संविधान का शासन देखने की गरज से विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को अनिश्चितकाल तक अपने विचाराधीन न रखे। मगर तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि तो 2021 में इस राज्य के राज्यपाल निवास में जाने के बाद खुद को 'राजाधिराज' समझ रहे हैं और इस राज्य में अपनी समनान्तर सत्ता राजशाही की तरह ही चलाना चाहते हैं। हुजूर ने एक बार तो तमिलनाडु का नाम तक बदल दिया था। मगर विगत 8 जुलाई को इस राज्य की द्रमुक पार्टी के मुख्यमन्त्री श्री एम.के. स्टालिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सीधे पत्र लिख कर जो रवि की शिकायत की है वह स्वतन्त्र भारत के लोकतान्त्रिक इतिहास की अनोखी घटना है। उन्होंने राष्ट्रपति को लिखा है कि आर.एन. रवि राज्य की शान्ति के लिए एक खतरा बन चुके हैं। किसी संवैधानिक मुखिया के पद पर बैठे व्यक्ति के लिए यदि किसी राज्य की जनता द्वारा चुना हुआ मुख्यमन्त्री इस प्रकार के उदगार व्यक्त करता है तो यह संविधान की नजर से ही यह बहुत बड़ा प्रश्न है। स्टालिन ने आर.एन. रवि द्वारा किये गये कार्यों की शिकायत की पूरी फेहरिस्त राष्ट्रपति के पास भेजी है और कहा है कि वह राज्य में साम्प्रदायिकता भड़काने का काम कर रहे हैं। पाठकों को याद होगा कि श्री रवि ने पिछले दिनों किस तरह आधी रात को स्टालिन सरकार के एक मन्त्री को बर्खास्त करने के आदेश जारी कर दिये थे जबकि मुख्यमन्त्री स्टालिन ने इस बाबत उनसे कोई सिफारिश नहीं की थी हालांकि उस मन्त्री पर भ्रष्टाचार के आरोप केन्द्रीय जांच एजेंसियों ने लगाये गये थे और उसे गिरफ्तार करके न्यायालय के सामने पेश भी कर दिया था। यह सीधे मुख्यमन्त्री के कार्य क्षेत्र में अनाधिकार प्रवेश था जिसकी वजह से राज्यपाल महोदय को एक घंटे बाद ही अपना आदेश निलम्बित करना पड़ा था। राज्यपाल के औहदे पर बैठे व्यक्ति की 'नीयत' का बहुत महत्व होता है। इसी राज्य में दस वर्षों तक पंजाब के मुख्यमन्त्री रहे अकाली दल के श्री सुरजीत सिंह बरनाला भी राज्यपाल रहे और केन्द्र में अलग-अलग राजनैतिक दलों की सरकारें भी रहीं मगर चेन्नई में कभी पत्ते तक के खड़कने की आवाज नहीं सुनी गई। मगर जब से श्री रवि सिंहासन पर बैठे हैं हर महीने कोई न कोई नया विवाद चेन्नई से लेकर दिल्ली तक को खड़कता रहता है। राज्यपाल को विशेष अधिकार तभी संविधान देता है जब किसी राज्य की सरकार संविधान की शर्तों के दायरे में काम न कर रही हो अथवा वह बहुमत खो चुकी हो या उस राज्य में पूर्ण बहुमत की स्थायी सरकार बनना असंभव हो गया हो। उसे इस बात से कोई मतलब नहीं होता कि किस राजनैतिक दल की बहुमत की सरकार है क्योंकि राज्यपाल का पद पूर्ण रुपेण 'अराजनैतिक' होता है। इसी वजह से किसी भी राज्यपाल की कोई नीति तो होती ही नहीं है (क्योंकि नीति तो केवल चुनी हुई सरकार की ही होती है) बल्कि केवल 'नीयत' होती है। और यह नीयत हर परिस्थिति में संविधान के दायरे में रहते हुए ही होनी चाहिए। श्री रवि को संविधान सभा में राज्यपाल के पद के सृजन के बारे में चली लम्बी बहस को एक बार जरूर पढ़ लेना चाहिए और राज्य में संविधान के संरक्षक के प्रतिनिधि के गौरव को कायम रखना चाहिए।

साहित्य | झरोखा

नंगे अपने नंगेपन को...

दीपक सिंह

नंगे अपने नंगेपन को,
ऐसे नंगा करते हैं।

जैसे विवशता न पहचाने,
अपनों की छाती दलते है।।

सर्वे भवन्तु सुखिन- क्या जाने,
भक्ति गिद्ध से ही करते हैं।।

जिस धरती का अन्न है खाते,
गद्दारी सिद्ध उसी से करते हैं ।।

विवेकानंद की वाणी को,
छोड़ के दंगा करते हैं।।

नंगे अपने नंगेपन को,
ऐसे नंगा करते हैं।

यदा यदा ही
धर्मस्य के देश में,
वे ही संन्यासी मार गये।।

जाहिल अपने जाहिलपन में,
इसको उसको तार गये।

अब्दुल कलाम के आदर्शों को,
दिनभर गंदा करते हैं।।

नंगे अपने नंगेपन को,
ऐसे नंगा करते हैं।

जब मुंह खोले जब जब बोले
हर वक्त कुन्ठा सी लगती है।

ये धरती पर जीवित है कैसे,
हमीद की उत्कंठा सुलगती है।।

आजाद की आजादी को,
नंगा बस नंगा करते हैं।

नंगे अपने नंगेपन को,
ऐसे नंगा करते हैं।

राशिफल

मेषः- व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

वृषभः- मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

मिथुनः- लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

कर्कः- कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

सिंहः- आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

कन्याः- आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

तुलाः- व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

वृश्चिकः- आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

धनुः- आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

मकरः- आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

कुंभः- आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

मीनः- गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

वर्ल्ड कप : पाकिस्तान की नौटंकी

आदित्य नारायण

पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत की मेजबानी में होने वाले विश्वकप क्रिकेट के बायकाट की धमकी दी है। पाकिस्तान के खेल मंत्री अहसान मजारी ने कहा है कि भारत एशिया कप मैच न्यूट्रल वैल्यू पर खेलने की मांग को छोड़े वरना पाकिस्तान भी वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा। हालांकि तथ्य यह है कि पाकिस्तान को वनडे वर्ल्ड कप का बायकाट करना संभव नहीं होगा अन्यथा उसे बहुत नुक्सान झेलना पड़ेगा। बायकाट करने की स्थिति में पाकिस्तान क्रिकेट जगत से पूरी तरह से अलग-थलग हो जाएगा। पाकिस्तान वैसे भी इन दिनों अलग-थलग ही पड़ा हुआ है। वर्ल्ड कप नहीं खेलने की स्थिति में इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल उस पर प्रतिबंध भी लगा सकती है और पाकिस्तान में 2025 में होने वाली चौम्पियंस ट्राफी भी खटाई में पड़ सकती है। यह सर्वविदित है कि भारत के बिना किसी भी आईसीसी का कोई भी सफल आयोजन संभव नहीं है क्योंकि ऐसे आयोजनों में 80 फीसदी कमाई भारतीय दर्शकों से ही होती है। भारत-आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को छोड़कर अन्य देशों के क्रिकेट बोर्ड आईसीसी से मिलने वाले फंड पर ही निर्भर हैं। यह फंड आईसीसी सभी बोर्ड को बांटती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भी इसी फंड पर जिंदा है। अब सवाल यह है कि पाकिस्तान वर्ल्ड कप को लेकर नौटंकी क्यों कर रहा है। दरअसल पाकिस्तान की घरेलू राजनीति का ही परिणाम है। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार भारत का विरोध करके अपना वोट बैंक बनाना चाहती है। पाकिस्तान की सरकार कम से कम ऐसा दिखाना चाह रही है कि वह भारत से बदला लेना चाहती है। भारत और पाकिस्तान के बीच कई वर्षों से संबंध काफी कड़वे चल रहे हैं। द्विपक्षीय तनाव, लगातार युद्ध विराम उल्लंघन की घटनाएं और कश्मीर में पाक प्रायोजित आतंकवाद के कारण संबंधों में जहर घुलता गया। दोनों देशों के बीच क्रिकेट कूटनीति 1980 के दर्शक की है। दोनों देशों के संबंधों को मधुर बनाने के लिए क्रिकेट को एक उपकरण के रूप में उपयोग के लिए अधिकतर भारतीय नेताओं ने कई प्रयास किए लेकिन आतंकवादी घटनाओं ने सब कुछ विफल कर दिया।

भारत सरकार का स्पष्ट स्टैंड है कि आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। यह भी सत्य है कि भारत-पाकिस्तान क्रिकेट कूटनीति के चलते पूर्व में संबंधों की बर्फ भी कई बार घ्पिघली है लेकिन पाकिस्तान ने हमें लगातार जख्म दिये हैं जिससे भारत सरकार को कड़ा स्टैंड लेना पड़ा है। 2012 के बाद से दोनों देशों के बीच एक भी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली गई है। हालांकि दोनों देशों के बीच आईसीसी के बड़े टूर्नामेंटों में मुकाबले देखने को मिल जाते हैं। दोनों देशों के बीच क्रिकेट

संबंध पाकिस्तान की सियासत के चलते खराब हुए। दोनों देशों की आवाम क्रिकेट की दीवानी है। जब भी भारत और पाकिस्तान क्रिकेट में आमने-सामने होते हैं तो उसका एक अलग ही रोमांच होता है। भारत-पाक क्रिकेट मैच को एक खेल की तरह नहीं बल्कि राजनीतिक रूप से भी देखा जाता है। दोनों देशों की प्रतिद्वंद्विता क्रिकेट के मैदान से बाहर भी नजर आती है। पाकिस्तान के तानाशाह हुक्मरान जिया उल हक (जिया जालंधरी) से लेकर परवेज मुशर्रफ तक क्रिकेट कूटनीति के चश्मदीद रहे हैं। क्रिकेट विशेषज्ञ बताते हैं कि 1999 में भारत और पाध्किस्तान के बीच कारगिल युद्ध चल रहा था उन दिनों इंग्लैंड में विश्वकप क्रिकेट भी चल रहा था। तब माना जा रहा था कि भारत और पाकिस्तान का मैच रद्द करना पड़ेगा क्योंकि दोनों देशों की जंग के बीच खेलना आसान नहीं था। इसके बावजूद भारत और पाकिस्तान में क्रिकेट मैच हुआ और भारत और पाकिस्तान प्रेघ्मियों ने स्टेडियम में दोनों टीमों का जोरदार स्वागत किया। भारत-पाकिस्तान मैचों को देखने के लिए पाकिस्तान के लोग भारत आते रहे हैं और भारतीय पाकिस्तान जाते रहे हैं। यह बात जगजाहिर है कि भारत और पाकिस्तान की आवाम के बीच संबंध बने हुए हैं लेकिन पाकिस्तान के हुक्मरान ने हर वक्त आवाम में दूरियां पैदा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने हमें बहुत से जख्त दिए। मुम्बई के बम धमाके, 26/11 का मुम्बई हमला। लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर भारत की संसद पर हमला। उड़ी में भारतीय जवानों पर हमला और यहां तक कि जम्मू के रघुनाथ मंदिर से लेकर गुजरात के अक्षरधाम मंदिर तक निर्दोषों का खून बहाया गया। अंततः भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की वार्ता करने से इंकार घ्कर दिया। भारत सरकार ने महसूस किया कि ऐसी मुलाकातों का क्या फायदा। सुबह भी आते रहिए, शाम भी आते रहिए। दिल मिले या न मिले, हाथ मिलाते रहिए। भारत और पाकिस्तान का आवाम और क्रिकेटर दोनों देशों के संबंधों में मधुरता चाहते हैं। ऐसे में क्रिकेट संबंधों से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। भारत तो बस यही चाहता है कि पाकिस्तान सरहद पार से मौत के सौदागर न भेजे और बंदूकों के बल मौसम बदलने का ख्वाब न देखे। क्रिकेट कूटनीति का साधन हो सकता है विकल्प नहीं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

कटानग्रस्त गांव में पहुंचे डीएम, कटान पीड़ितों को मदद का दिया भरोसा

- पीएस करदहिया मानपुर से पीएस शंकरपुरवा में शिफ्ट होगे शिक्षक, नौनिहाल
- डीएम ने अफसरों संग जाना प्रभावितों से उनका दुख दर्द
- विस्थापित परिवारों को उपलब्ध कराए सभी जरूरी, मुकम्मल सुविधाएं : डीएम

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जिले में कटान प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर प्रभावितों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार दोपहर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के साथ तहसील सदर, ब्लॉक फूलबेहड़ के करदहिया मानपुर के मजरा अहिराना पहुंचे, जहां उन्होंने स्थलीय भ्रमण कर कटान की वस्तुस्थिति जानी, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनका दुख दर्द जाना। कहा कि शासन -प्रशासन हर सम्भव मदद प्रदान करने के लिए

प्रतिबद्ध है तथा जनपदवासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। भरोसा दिया कि हर संकट में शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा है। डीएम ने ग्रामवासियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने एवं राहत एवं बचाव संबंधी कार्य किए जाने का निर्देश दिया। वहीं विस्थापित परिवारों को सभी जरूरी, मुकम्मल सुविधाएं उपलब्ध कराए। कहा कि कटान प्रभावित क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामीणों को सेफ जोन में रखा जाए। डीएम के पूछने पर ईई जेपी सिंह ने बताया कि वर्तमान में नदी का प्रवाह 1.38 लाख क्यूसेक है। नदी के प्रवाह पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। आवश्यकतानुसार स्थानीय प्रशासन की मदद से ग्रामीणों को अलर्ट भी किया जाता है। डीएम ने बीएसए प्रवीण तिवारी को टेलीफोन के जरिए निर्देश दिए कि कटान के दृष्टिगत एहतियातन पीएस करदहिया मानपुर अहिराना से बच्चो, शिक्षको को निकटवर्ती पीएस शंकरपुरवा में शिफ्ट करवाए। वही पर पठन-पाठन संबंधी समस्त कार्यवाही संचालित कराएं। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को पर्याप्त, जरूरी एव मुकम्मल चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराएं।

इस दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, अधिशासी अभियंता शारदा नगर जेपी सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, बीडीओ पीयूष कुमार, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ चंद्रभान यादव सहित राजस्व, आपदा, ग्राम विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

भारत सरकार की टीम ने किया एचडब्लूसी अम्बूपुर का निरीक्षण

लखीमपुर-खीरी समृद्धि न्यूज।

प्रधान सीएचसी के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर अम्बूपर का भारत सरकार की टीम द्वारा भ्रमण कर मूल्यांकन किया गया। टीम डॉ तोमेश के नेतृत्व में एचडब्ल्यूसी पहुंची।

टीम द्वारा डीवीडीएमएस पोर्टल, ऑनलाइन मेडिसिन, इन्डेंट कैसे किया जाता है व किस तरह से मेडिसिन मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है, मेडिसिन के अच्छे रख रखाव सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर विकास शर्मा ने बताया कि पहले पोर्टल के माध्यम से मेडिसिन आनलाइन करते है फिर ड्रग हाऊस राजापुर खीरी से जा कर दावा लाते हैं। सीएचओ के द्वारा स्टॉक रजिस्टर मेनटेन किया जा रहा है और जो स्टॉक रजिस्टर में अंकित दावा है वही उनके पास उपलब्ध मिली। साफ सफाई व अच्छे से दवाओं के रख रखाव के चलते विकास शर्मा की प्रशंसा की गई। फरधान सीएससी अधीक्षक डॉ अमित बाजपाई व डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आरकेएसके सचिन गुप्ता उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

चोरी के माल सहित एक युवक गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। 11जुलाई 2023 को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चोरी के मामले में 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण करते हुए 02 अदद चोरी के एण्ड्राइड मोबाइल तथा 01 अदद तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित अभियुक्त अनुभव शुक्ला उर्फ राजा पुत्र कमल शुक्ला उम्र-21 वर्ष निवासी गढीरोड शिवपुरी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को बालूडीहा रुद्रपुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया है।इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 दिनेश कुमार कोतवाली सदर, हे0का0 नीरज सिंह, का0गौरव पाठक,का0 कौशिन्द्र कुमार,का0 शुभम राठी,का0 विकास कुमार मौजूद रहे।

जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते किसानों पर बरस रहा गायों का आतंक

मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज। विकास खण्ड मोहम्मदी की ग्रामपंचायत गुलौली में बने वृहद गौशाला में जम्मिदारों की अनदेखी, लापरवाही एवं समुचित व्यवस्था का न हो पाना आस पास के किसानों के लिए बना मुसीबत का सबब। बताते चलें पशुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होने से उनके रहने खाने कि कोई ठोस व्यवस्था नहीं जिस वजह से वह पशु गौशाला की जाली तोड़ कर अपना पेट भरने के लिए किसानों कि बोई फसलो को बना रहे अपना आहार जिससे अन्नदाता किसान परेशान किससे कहें अपनी फरियाद कोई नहीं है सुनने को तैयार आखिर क्या होगा इसका अंज़ाम।

संदिग्ध हालत में मिला बालक का शव

पहला, सीतापुर, समृद्धि न्यूज। थाना सदरपुर क्षेत्र के एक गांव में दस वर्षीय एक किशोर की अज्ञात कारणों से मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने कारणों का पता लगाने के लिए शव का पंचनामा कर अंत्यत परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया । मिली जानकारी अनुसार थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकबापुर निवासी पुष्कर 10वर्ष पुत्र बीरेश का शव खाद गोदाम के निकट अज्ञात कारणों से पड़ा पाया गया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने सदरपुर पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर अंत्य परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया इस संबंध मे थाना प्रभारी अजय कुमार रावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है अभी कारण स्पष्ट नही हो सका है । पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी । गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग अनेक तरह के कयास लगा रहे हैं ।

दहेज प्रताड़ना की शिकार विवाहिता ने पुलिस से लगायी गुहार

कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज। दहेज प्रताड़ना की शिकार एक विवाहिता ने पुलिस से ससुरालियों के खिलाफकार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा स्थित अपने मायके में रह रही प्रीति कुशवाहा ने मंगलवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी मई 2019 को रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खैराबर निवासी अक्षय पुत्र मनोज कुशवाहा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में बाइक व नगदी न लाने पर उसे प्रताडित कर रहे हैं। वह पति सहित सास ससुर के साथ काम धंधे के दौरान महाराष्ट्र में साथ रही, वहाँ भी उसे केरोसिन का तेल पिलाकर मारने की कोशिश की गयी और पति कई कई दिनों तक उसे बगैर कुछ बताए घर से बाहर रहता है। उसने अपने मायके वालों को बताया तो पंचायत लगायी गयी जिसमें शामिल प्रधान आदि की भी बात ससुरालीजनों ने नहीं मानी जिसके चलते वह मजबूरन अपने मायके में रह रही है। उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और उसकी झूठी शिकायतें भी कर रहे हैं। पीड़ित विवाहिता ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवती को बदनाम करने की मंशा से युवक ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल की

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

युवती के दूसरी जगह शादी करने से नाराज युवक ने युवती को बदनाम करने के उद्देश्य से उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़िता की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि नया रामनगर उरई निवासी दीपक कुमार उर्फ जीतू ने उनकी बेटी को बहला फसला लिया था और उसकी कुछ फोटो उसके पास थी। वह अपनी बेटी की शादी कर रही थी। बेटी भी शादी से खुश थी। लेकिन उक्त युवक बेटी पर दबाव बना रहा था। उन्होंने युवक व बेटी ने युवक को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह नहीं माना उल्टा उसने बेटी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जिससे बेटी की सामाजिक छवि खराब हुई है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उक्त संदर्भ में कोतवाल समीर सिंह ने बताया कि युवक मामले में को गिरफ्तार कर लिया गया है, उसे न्यायालय भेजा जा रहा है।

एबीवीपी लखीमपुर की नवीन इकाई का हुआ गठन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

एबीवीपी की लखीमपुर इकाई का गठन जिला प्रमुख धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में हुआ नवनिर्वाचित सदस्यों को संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई इस दौरान नगर अध्यक्ष नेहा पुरी को बनाया गया वहीं नगर मंत्री शिखर तिवारी को बनाया गया है।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम मैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख माधव चतुर्वेदी, विभाग संगठन मंत्री शिवानंद पांडे, विभाग संयोजक अमन गुप्ता, जिला संयोजक लक्ष्मी पांडे आदि की उपस्थिति में जिला प्रमुख धीरज श्रीवास्तव द्वारा लखीमपुर कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष नेहा पूरी, नगर मंत्री शिखर तिवारी को बनाया गया, सह मंत्री ऐश्वर्य सिंह, हर्ष तिवारी, प्रखर मिश्रा, सवितार गोस्वामी, शिवांगी पाठक, संजना गौतम एस एफ इस संयोजक नितिन अवस्थी सह संयोजक अमन भार्गव, पलक पाठक, एस एफ डी संयोजक अमन गौतम, सह संयोजक ऋषभ गुप्ता, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक अंजलि तिवारी, श्रुति अवस्थी, पीयूष दीक्षित, आंदोलन प्रमुख मानस ठाकुर सह प्रमुख देवेंद्र पाल, सोशल मीडिया प्रमुख सत्यांश मिश्रा सह प्रमुख कृष्णा गुप्ता, खेल आयाम अभय शुक्ला एवं कार्यकरणी सदस्य अभिषेक, नैंसी, रवि, जतिन, प्रबल,अभय, नम्रता, सुमन, पूजा को ज़िमेदारी दी गई।

इस दौरान जिला प्रमुख धीरज श्रीवास्तव ने परिषद की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि अभाविप एक मात्र ऐसा संगठन है जो देश, समाज

- नेहा पुरी को नगर अध्यक्ष व शिखर तिवारी को मंत्री पद की मिली जिम्मेदारी

एवं संस्कृति की चिंता सबसे पहले करती है। विभाग प्रमुख माधव चतुर्वेदी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक अनोखा संगठन है, जो छात्र राजनीति के साथ-साथ समाज हित एवं व्यक्ति निर्माण का भी कार्य करता है विभाग संगठन मंत्री शिवानंद पांडेय ने कहा की विद्यार्थी परिषद नित्य नए-नए आयामों के साथ वर्ष के प्रत्येक दिन कॉलेज कैंपस में सक्रिय रुप से दिखाई देने वाला एकमात्र संगठन है।

जिला संयोजक लक्ष्मी पांडेय ने सभी नवीन पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें कहा कि अब आपके कंधे के ऊपर देश, समाज और संस्कृति तीनों की जिम्मेदारी विद्यार्थी परिषद ने दे दी है। इस अवसर पर मुख्य रुप से प्रांत सह मंत्री हरप्रीत सिंह, प्रांत कार्यसमिति सदस्य अमन वर्मा कार्यकारिणी सदस्य साक्षी अवस्थी, दीपांशु वर्मा, सहसंयोजक विनीत अवस्थी, पीयूष दीक्षित, सक्षम यादव, प्रखर मिश्रा, उमंग तिवारी व सुधांशु प्रजापति आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विभाग लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करें : जिलाधिकारी

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ कर करेत्तर, राजस्व वसूली व वादों के निस्तारण की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा स्टाम्प रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत विभाग, खनन, विभाग आदि विभागों की कर करेत्तर की प्रगति की गहन समीक्षा के दौरान कहा कि संबंधित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए सभी मजिस्ट्रेट अपने कोर्ट में अवश्य

- 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित कराएं
- प्रत्येक माह दस बड़े बकायेदारों की लिस्ट तैयार कर करें कार्यवाही
- लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बैठे हैं यह भी सुनिश्चित करें कि 5 वर्ष से अधिक समय से लम्बित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह 10 बड़े बकायेदारों की सूची बनाते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही एवं धनराशि जमा न करने पर सम्पत्ति की नीलामी आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने गत वर्ष के सापेक्ष आबकारी विभाग की राजस्व वसूली कम होने पर आबकारी अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगा, साथ ही राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त व्यापार कर द्वारा कम राजस्व वसूली व बिना सूचनाएं के बैठक में प्रतिभाग करने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों का भी स्पष्टीकरण मांगा गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक मोती लाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सपा संस्थापक सदस्य इंद्रजीत को सपाजनों ने दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के जनसंपर्क कार्यालय में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया इस मौके पर सपा के संस्थापक पूर्व मंत्री इंद्रजीत सिंह यादव के देहांत पर शोक जताते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिला महासचिव जैनुल आब्दीन ने कहा कि इंद्रजीत भाई साहब ने हमेशा आदर्शों की राजनीति की है गरीबों अल्पसंख्यक को पिछडो की भलाई तथा उत्थान के लिए जो कार्य किया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। नगर अध्यक्ष अजीत यादव ने बताया कि राजनीतिक जीवन में इंद्रजीत सिंह ने नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव के साथ जो कार्य किया है उनकी मेहनत की बदौलत पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है।उन्होंने इद्रजीत सिंह यादव के बताए हुए रास्ते पर चलने का आव्हान किया। प्रमुख नेता मनोज चतुर्वेदी ने कहां कि समकालीन नेताओं में इंद्रजीत सिंह यादव ने जनपद में जो छाप छोड़ी है वह अविस्मरणीय इसीलिए उनको जिले का गांधी कहा जाता है। श्रद्धांजलि सभा में जिला सचिव कल्लु सिंह काशीखेड़ा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरमोहन सिंह ,वीरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ नेता मनोज चतुर्वेदी ,अमर सिंह दादी, फूल सिंह पाल,राकेश यादव पप्पू, जयवीर यादव, मनीला सिंह रोली, राजकुमार बाल्मीकि जमील अंसारी, तनवीर अंसारी, श्याम यादव सभासद, वीरसिंह बघेल, विश्वजीत गुप्ता, आनंद यादव, शिवम दाऊ, सज्जन महाराज, उमदेश यादव, कलीम गुड्डन दनिश, मनोज प्रजापति, उवैश पठान, युनूस खान, सैफ अली, दिनेश सभासद, आशु सभासद, रामसनेही धमना, पुन्नू सभासद, दीपू यादव, दिलीप यादव, लल्लू सभासद, तारिक मंसूरी, किशन शुक्ला, शेर खां, शाहिद मंसूरी, जब्बार मंसूरी, हानिफ मंसूरी, अंशु यादव राजू यादव, मोंटी यादव, सुमित सभासद, गुलाम कादिर, आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं श्रद्धांजलि दी।

25 हजार का ईनामियां बदमाश सहित चार शातिर गिरफ्तार

- तमंचार, कारतूस सहित चोरी की बाइक भी हुई बरामद

माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।

माधौगढ़ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे आरोपी को सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर बंगरा रोड के करमरा गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके ऊपर पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम भी घोषित किया था। इसके साथ ही माधौगढ़ पुलिस ने सघन तलाशी और जांच के दौरान भीम नगर तिराहे से एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

सुबह बंगरा मिहोना रोड पर करमरा गांव के पास सर्विलांस टीम के सहयोग से माधौगढ़ पुलिस ने लाल सिंह पाल पुत्र बनवारी निवासी जेवरा थाना पुरानी छावनी ग्वालियर को 315 बोर तमंचा और दो जिंदा

कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के ऊपर पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम घोषित किया था और यह गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। इसके खिलाफ माधौगढ़ कोतवाली में चोरी,आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। वहीं माधौगढ़ के भीम नगर तिराहे से चोरी की मोटरसाइकिल यूपी 92 3656 के साथ सुनील पुत्र नारायण निवासी रामहेतपुरा व सागर पुत्र राजेंद्र निवासी उमरी रोड माधौगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा गोहनी नहर पुलिया से छेड़खानी के आरोपी विवेक कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी गिरांदे के पुरा को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने सभी के खिलाफकार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। चारों शातिर बदमाशों की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार, सतेंद्र सिंह प्रभारी एसओजी, सर्विलांस सेल, वरिष्ठ उप निरीक्षक नन्हेंलाल, उप निरीक्षक बलराम शर्मा, उप निरीक्षक सुशील पारासर, उप निरीक्षक नरेश सिंह सहित हमराही पुलिस कर्मी शामिल रहे।

पूर्व मंत्री को सपाजनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री इंद्रजीत सिंह यादव एडवोकेट के निधन पर नगर के समाजवादी कार्यकर्ताओं की शिखर मधु श्रीवास्तव के आवास पर शोकसभा संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के संस्थापक सदस्य को श्रद्धांजलि दी गई। नगर के समाजवादियों ने सपा के संस्थापक सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष के राजनैतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नमन कर अश्रुपूरित आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें गांधीवादी नेता बताया।

इस मौके पर गजराज कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा, हरिश्चंद्र यादव, दीपू त्रिपाठी, रामदास यादव, थोपन यादव, रिंकू गुर्जर, विनय श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, शिखर मधु श्रीवास्तव, मोंटू मिश्रा, अरविंद यादव, जाकिर सिद्दीकी, नरसिंह यादव, शफीक रायन, नफीस सिद्दीकी, नफीस खान आदि मौजूद रहे।

लाखों रुपयों से बना ड्रीम प्रोजेक्ट अभी भी अधूरा

- नहीं शुरू हो सका ड्रीम प्रोजेक्ट
- डेढ़ माह पूर्व विधायक ने किया था उद्घाटन
- अभी तक बिजली का कनैक्शन नहीं

बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

देश के प्रधानमंत्री ने भले ही स्वच्छ भारत मिशन का सपना देखा हो किन्तु विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उनके इन सपनों पर पलीता लगा रहे हैं। बिसवां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में लाखों रुपया खर्च कर बनाया गया एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र आर आर सेन्टर का उद्घाटन 23 मई को क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी जी कर चुके हैं बावजूद इसके डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी 12ण्40 लाख की लागत से बनाया गया एकीकृत अपशिष्ट ठोस प्रबंधन केन्द्र आज भी नहीं शुरू नहीं हो सका है। अभी तक बिजली का कनैक्शन नहीं कराया जा सका है।और तो और कर्मचारियों की भर्तियां न होने से गांव से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों और कूड़े को सेंटर में न लें जाकर बिसवां . जहांगीराबाद मार्ग के किनारे डाला जा रहा है। केन्द्र में ताला लटक रहा है वह मात्र शोपीस बना हुआ है। उद्घाटन से पहले केन्द्र का खूब रंग रोगन किया गया था। कर्मचारियों ने क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी को बुलाकर धूमधाम से उद्घाटन भी करवा दिया था लेकिन उद्घाटन के डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो केन्द्र तक कूड़ा ले जाने के लिए पक्का रास्ता बना है ना ही कूड़ा डालने के लिए केन्द्र खोला जाता है।हां इतना जरूर हुआ है कि बजेहरा मार्ग पर तालाब के किनारे लोहे के इंगल के साथ केन्द्र जाने के लिए लगायी गयी पट्टियां चोर जरूर खोल ले गये हैं।

इतना ही नहीं केन्द्र के मुख्य गेट के किनारे शराब की बोतलों के कवरए प्लास्टिक गिलास तथा दालमोठएचिप्स और भुजिया के खाली पैकेट पड़े हुए हैं। कई जगहों पर लगी जारी टूटी हुई है जिससे यह साबित होता है कि अराजक तत्व परिसर का गलत उपयोग करते हैं।गांव से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे कूड़े को यहीं पर लाकर निस्तारित किया जाना है।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि अभी निस्तारण के लिये कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हो सकी है जल्द ही स्वयं सहायता समूहों से अनुबंध कर नियुक्तियां कर ली जायेंगी। लगभग एक दर्जन लोगों को नियुक्त होना है। जिसमें दो लोगों को अपशिष्ट के निस्तारण यसेक्रीफिक्रेशनद्ध के लिये रखा जायेगा।अभी बिजली का कनैक्शन नहीं हो पाया है इसलिए पानी की टंकी में पानी न होने से शौचालय और वाशबेसिन में पानी नहीं आ रहा है। झटपट पोर्टल पर अप्लाई कर जल्द ही बिजली का कनैक्शन कराया जायेगा। कूड़ा ढोने के लिए दो बंद ई.रिक्शा चल रहे हैं तथा गांव में दर्जनों जगहों पर लोहे के जालीदार कूड़ा दान लगवाये गये हैं। बावजूद इसके जागरूकता की कमी के कारण लोग गांव में इधर.उधर कूड़ा डाल रहे हैं जिन्हें जागरूक करने की जरूरत है। ऐसे में बिना कर्मचारियों के सरकार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट कैसे पूरा होगा यह समय ही बतायेगा।

विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर विहिप ने सौंपा ज्ञापन

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

नगर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है विभागीय अधिकारियों से लेकर प्रशासनिक लापरवाही के चलते आम जनमानस उमस भरी गर्मी को सहने के लिए मजबूर है। वहीं इसका सबसे बुरा असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ रहा है। विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन देकर मोबाइल ट्रांसफार्मर रखवाए जाने की मांग की है।

नगर में ट्रांसफार्मर फुंक जाने से कई मोहल्लों की बिजली सोमवार रात से बाधित है। चुर्खी रोड बालाजी मंदिर के पास 250 केवी का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। इससे मोहल्ला हरीपुरा, जोशियाना, दबगरान, चौधरयाना में बिजली आपूर्ति होती है। इसके साथ ही बगल में स्थित जल संस्थान का पंप भी इसी से चलता है। सोमवार को यह ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया था।

ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आसपास के घरों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ट्रांसफार्मर के पास स्थापित जल संस्थान का पंप भी बंद हो गया। पंप बंद होने के कारण आसपास के मोहल्लों की जलापूर्ति भी बंद हो गई। उमस भरी गर्मी में एक साथ बिजली पानी बंद होने के कारण लोग परेशान हो उठे। मंगलवार की सुबह से ही बिजली पानी बंद होने के कारण मोहल्ला हरीपुरा, दबगरान, जोशियाना, चुर्खीबाल, भवानीराम आदि के लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। उधर मोहल्ला दलालनपुरा, चिमनदुबे में भी बिजली न आने से लोग परेशान हुए। इसको लेकर विश्व हिंदू परिषद के आशीष द्विवेदी, मानवेंद्र परिहार की अगुवाई में युवाओं ने एक नायब तहसीलदार मुकेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में मोबाइल ट्रांसफार्मरों का पता नहीं चल रहा है। ट्रांसफॉर्मर फुंक जाने पर मोबाइल ट्रांसफॉर्मर बहुत उपयोगी साबित हो रहे थे। लेकिन अब उनका उपयोग होता नजर नहीं आ रहा है। बिजली न आने से उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने की मांग की है।

पेंशनर के साथ अपने माता-पिता जैसा व्यवहार करें

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

जिले की नवागत मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने जिला कोषागार का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।उन्होंने जिलाधिकारी नितीश कुमार के समक्ष अपनी ज्वाइनिंग प्रस्तुत की।मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती सिंह को अयोध्या मण्डल के अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन तथा अपर आयुक्त वित्त राजस्व परिषद अयोध्या मण्डल का अतिरिक्त चार्ज भी दिया गया है। श्रीमती सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात कोषागार पहुंचकर कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की।बैठक में मुख्य कोषाधिकारी ने कहा कि कोषागार में जो भी अधिकारी व कर्मचारी आये उनके साथ सर्वप्रथम आप उनका सम्मान करते हुये उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर उसके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करेंगे।जो भी अधिकारी व कर्मचारी कोषागार में आते है वह संतुष्ट होकर जायें,यही आपका सद्व्यवहार प्रदर्शित करेगा।उन्होंने कहा कि जो भी पेंशनर आते है,वे सीनियर सिटीजन होते है।उनके साथ अपने माता पिता की तरह उनका सर्वोच्च सम्मान के साथ व्यवहार करें।उनकी कठिनाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त करें।उनके खाते में निरन्तर पेंशन जाती रहे,इसके लिए जो भी कार्य हो,उसे प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए क्योंकि पेंशन ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है।हम सभी भी एक दिन सेवानिवृत्त होंगे।हम लोग जिस भी पद पर है,वह अस्थायी है और एक दिन सभी को सेवानिवृत्त होना है।उन्होंने कहा कि स्थापना अनुभाग यह सुनिश्चित करें कि पेंशन अनुभाग में आने वाले सभी पेंशनर के लिए बैठने का पर्याप्त व्यवस्था हो तथा पेंशनर जहां बैठे वहां पर स्वच्छ पानी की व्यवस्था के साथ साथ उचित प्रकाश एवं पंखे की व्यवस्था करायी जाय। मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती सिंह ने सभी कर्मचारियों से कहा कि किसी भी विभाग के बिलों पर अनावश्यक आपत्तियां न लगायी जाय,यदि कोई आपत्ति हो तो उस कार्यालय के सम्बंधित पटल सहायक को बुलाकर ससमय उसका निस्तारण करायें और निर्धारित समय में ही विभागों द्वारा प्रस्तुत बिलों को पास करें।उन्होंने कहा कि आप सभी काफी अनुभवी कर्मचारी है और सभी कार्यो में दक्ष है।हमारे पास कोषागार से सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी को कोई भी शिकायत नही आनी चाहिए। आप सभी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती सिंह बलिया जिले से स्थानान्तरित होकर आई है। भगवान श्री रामचन्द्र की जन्मभूमि अयोध्या धाम में कार्यभार ग्रहण करके अत्यंत ही अपने आत्मीय रूप से अभिभूत महसूस कर रही,क्योंकि वो मूल निवासी चित्रकूट की है। बैठक में मुख्य रूप से सहायक कोषाधिकारी गणेश दत्त पांडेय, सहायक कोषाधिकारी पेंशन दिनेश प्रकाश निगम,डबल लाक के प्रभारी अधिकारी अरूणिम वेद,वरिष्ठ सहायक अमरनाथ सिंह, अनूप पांडेय, विजय वर्मा, अधिष्ठान सहायक अनिल कुमार, राजेश कुमार, चीफ कैशियर अजय गुप्ता, दुर्गेश बिहारी, स्मृति श्रीवास्तव, प्रशान्त वर्मा, सुनीता साहू, धर्मराज, अनिल पाठक व प्रेमलाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरणों के वितरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, सरकार द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना का शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन करते हुए उपकरण हेतु दिव्यांगजनों के आवेदन पत्रो को https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन कराने के साथ ही साथ विभाग की अन्य योजनाओं यथा शल्य चिकित्सा योजना, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, यूडीआईडी कार्ड एवं दुकान संचालन योजना का प्रचार प्रसार किया जाना है । उक्त शिविर में दिव्यांगजन अपने पास उपलब्ध प्रमाण पत्रों यथा दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण-पत्र (गरीबी रेखा के नीचे)/निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं दो फोटो एवं मोबाइल नम्बर आदि के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण विकासखण्ड वार निम्नलिखित तिथियों में प्रातः 11.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक कराया जाएगा, जिसमें दिव्यांगजन सषक्तीकरण विभाग के कार्मिक उपलब्ध रहेगें। शिविर 13 जुलाई को विकास खण्ड बंकी में, 15 जुलाई को विकास खण्ड हरख में, 18 जुलाई को विकास खण्ड देवा में, 19 जुलाई को विकास खण्ड मसौली में, 20 जुलाई को विकास खण्ड फतेहपुर में, 22 जुलाई को विकास खण्ड निन्दूरा में, 25 जुलाई को विकास खण्ड सूरतगंज में, 26 जुलाई को विकास खण्ड रामनगर में, 27 जुलाई को विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर में, 01 अगस्त को विकास खण्ड पूरेदलई में, 02 अगस्त को विकास खण्ड दरियाबाद में, 03 अगस्त को विकास खण्ड बनीकोडर में, 05 अगस्त को विकास खण्ड सिद्धौर में, 08 अगस्त को विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में, 09 अगस्त को विकास खण्ड हैदरगढ़ में आयोजित किया जायेगा।

पैदल चलने लायक नही बचीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क

सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कोटवाधाम से सनांवा तक तक निर्माणाधीन सडक बसन्ता फूफू के मन्दिर के पास से संहजनी नहर पुल तक पैदल चलने लायक नहीं प्रतिदिन एक दो बाइक एंव सायकिल से आने जाने वाले लोग सडक दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं। वहीं ग्रामीण सडक की गुणवक्ता पर सवाल खड़े कर रहें हैं।उनका कहना है कि मानक के अनुसार सडक में गिटटी नहीं डलवायी जा रही है संहजनी से मरौचा गांव के मध्य गिटटी मे ईट के टुकड़ों सहित कुटाई करवा कर सडक बनायी गंयी है। सरकार करोड़ों रुपए खर्च करके सरयू नदी की तलहटी को पंहुच की प्रमुख सडक को सांसद उपेन्द्र सिंह ने स्वीकृत कराया था जिस पर समय से काम नहीं शुरू किया गया और अब बरसात में कीचड पानी में काम करवा रहें हैं। रानीपुरवा निवासी रामराज दिग्विजय सिंह आदि का कहना है उच्च अधिकारी सडक निर्माण में ध्यान दें और गुणवत्ता युक्त सडक का निर्माण करवायें।

कोटवाधाम में हजारों भक्तों ने चढ़ाया प्रसाद

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। मंगलवार को श्रीसमर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के साप्ताहिक मेला में हजारों सत्यनामी श्रद्धालुओं ने दर्शन पूंजन कर मनवांछित फलों की प्राप्ति एंव विश्वमानव कल्यांण की कामना किया है।मंगलवार के साप्ताहिक मेले में गोन्डा बहराइच बलरामपुर श्रावस्ती खीरी लखीमपुर सीतापुर उन्नाव रायबरेली अयोध्या आदि जनपदों से हजारों की संख्या में आये श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर में आचमन कर बड़े बाबा के समाधि पर चादर प्रसाद चढाकर अपने को कृतार्थ किया। तत्पश्चात बडी गददी के महन्त नीलेन्द्र बक्श दास नीरज भैय्या गुरु मां वंदना दास साहेब छोटी गद्दी के महंन्त विशाल दास साहेब से आर्शीवाद प्राप्त किया।

दलित उत्पीड़न रोकने में गम्भीर नही तहसील प्रशासन

रामनगर बाराबंकी। दलित उत्पीडन को रोकने के लिए तहसील प्रशासन गंभीर नही है। इसका उदाहरण तहसील रामनगर के अन्तर्गत भुण्ड मजरे ग्राम पंचायत जुरौन्डा मे दलित महिला शान्ती देवी संजू और प्रधान पति अवधेन्धु प्रताप सिह रिंकू के मध्य चल रहे दलित उत्पीडन के मामले को देखा जा सकता है। दलित महिला ने उत्पीड़न का आरोप लगाया, उसकी यूकेलिप्टस की लकड़ी अवैध रूप से कब्जे में ले ली गई, मामले में पुलिस एवं प्रशासन ने दलित महिला को न्याय नही दे सका। प्राप्त विवरण के अनुसार दिनांक 26 जून को जरौंडा के ग्राम प्रधान पति अवधेन्दु प्रताप सिह रिंकू ने दलित महिला शान्ती देवी और उनके पति राजकुमार के द्वारा कटवाये गये अपनी यूकेलिप्टस लकडी पर कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत दलित महिला उसी दिन स्थानीय चौकी पर जाकर लिखित रुप मे करती है। उसके दूसरे दिन कटे हुये लकडी के बोटो पर वह कब्जाकर पुलिस चौकी ले जाते है। वहा देर शाम हल्का लेखपाल सादे कागज पर सिपुर्दगी नाम लिख लेते है उसके बाद ग्राम प्रधान पति उक्त लकडी को ले जाकर ग्राम पंचायत भवन मे लगवा दी गई किंतु महिला को नही सौंपी गई। यह बात अलग है कि दलित महिला की कटी पडी हुई लकडी अधिकांश गायब हो चुकी है और कुछ पंचायत भवन मे है पीडित की शिकायत पर कागजी निस्तारण हो गया।जमीनी स्तर पर अभी तक निस्तारण नही हुआ।

किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हैदरगढ़ बाराबंकी। भारतीय किसान युनियन राष्ट्रीयतावादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह नेतृत्व में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर 5 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।
उपजिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन मे राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने बताया की लखनऊ -बनारस राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम सभा बारा के समीप मिनी टोलप्लाजा का संचालन कर अवैध वसूली की जा रही है जिस पर रोक लगाई जाए। टोल प्लाजा से 5 किलोमीटर की रेडियस में पड़ने वाले गांव को टोल से मुक्त दिलायी जाए इसके अलावा सड़क पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को संरक्षण प्रदान कर गांव आश्रय स्थल। पहुंचाया जाए ।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन लेने के बाद समस्या के निस्तारण हेतु पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है । इस मौके पर जिला महासचिव विधि चंद्र यादव, जिला प्रभारी रामकिशोर मौर्य , महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दयावती रेनू दुबे ,दिनेश, हरनाम सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

प्रधान व समर्थकों ने औसनेश्वर मंदिर में किया हंगामा, पुजारी से की हाथापाई

हैदरगढ़ बाराबंकी। तहसील मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर गोमती नदी के तट पर स्थित औसानेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने गए प्रधान व उनके समर्थकों ने गर्भगृह में घुसकर हंगामा किया। यही नहीं मंदिर के पुजारी के साथ भी हाथापाई की। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी ने मंगलवार को एसडीएम एवं कोतवाल से मिलकर लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। जिस पर दोनों अधिकारियों ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। अध्यक्ष ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार की शाम 8ः30 निर्धारित शेड्यूल के तहत मंदिर के कपाट बंद हो गए थे। रात लगभग नौ बजे शयन आरती की तैयारी को लेकर मंदिर के गर्भ गृह में सफाई का काम चल रहा था साथ ही शिवलिंग का श्रंगार किया जा रहा था।इसी समय थाना लोनीकटरा के पखरपुर गाँव निवासी अरुण शुक्ला अपने गुर्गो के साथ मंदिर परिसर में पहुंचे और मंदिर के कपाट खोलने के लिए दबाव डाला।सफाई के बाद आरती के लिए कपाट खुलते ही श्री शुक्ल व उनके समर्थकों ने गर्भ-गृह में शिवलिंग के समीप आकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया।मंदिर के पुजारी के साथ हाथापाई की। मंदिर समिति के सदस्यों को गालियां भी दी मंदिर के कपाट उनकी मर्जी से ना खोलने पर ताला तोड़ देने की एलानिया धमकी भी दी।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा कार्यक्रम के तहत दिया गया प्रशिक्षण

बाराबंकी। जिला ग्राम्य विकास संस्थान पर 6 दिवसीय वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा हेतु कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय/कम्पोजिट विद्यालय,उच्च प्राथमिक विद्यालय के अनुदेशक, शारीरिक शिक्षा की शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण का आयोजन संयुक्त रूप से बेसिक शिक्षा विभाग एवं जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बाराबंकी के सहयोग से चल रहा है। उक्त प्रशिक्षण में बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु अनेक हुनर को बताया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण है, जिसको प्राप्त करने के बाद ये विद्यालयों में जाकर बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षक ने बालिकाओं के आत्मरक्षा में होने वाली परेशानियों एवं समाधान हेतु अनेक उपाय सुझाये जा रहें है। इस प्रशिक्षण में विकास खण्ड रामनगर, निन्दूरा एवं बंकी के कुल 47 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप में ब्लैक बेल्ट परवीन अख्तर एवं सहायक श्री शिवम निगम द्वारा प्रतिभाग किया गया। संस्थान की जिला प्रशिक्षण अधिकारी गरिमा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षार्थियों को आवासीय प्रशिक्षण में शिक्षकों/शिक्षिकाओं हेतु छात्रावास ,भोजन, किट इत्यादि की सम्पूर्ण व्यवस्था का लाभ लेते हुए समस्त प्रतिभागियों को वार्ताकारों का पूर्ण उपयोग प्राप्त करते हुए आत्मरक्षा के गुणों को सीखने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण में जिला खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षिकों को प्रशिक्षण में मन को एकाग्र पर इस नये प्रशिक्षण को सफल बनाने की अपेक्षा की एवं पूर्ण अनुशासित रहते हुए प्रशिक्षण में प्रतिभागिता हेतु निर्देश दिये। प्रशिक्षण को सफल बनाने में संस्थान के सत्र प्रभारी श्री राम प्रसाद, महबूब आलम, श्री प्रभाकर भी सम्पूर्ण स्टाफ सहित सफल आयोजन हेतु धन्यवाद के पात्र रहे।

पुलिस मुठभेड़ में बिजली तारों के तीन चोर गिरफ्तार, दो बदमाश घायल

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

हाई टेंशन लाइन से तार चोरी कर रहे शातिर चोरो से पुलिस टीम की मुठभेड़ हो गयी।पुलिस से हुई मुठभेड़ मे दो घायल अभियुक्तो सहित कुल 3 बदमाशो को गिरफ्तार किया गया है।वही इस दौरान एक कांस्टेबल को भी चोट आई है।घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी ने पहुंचकर मौका मुआयना किया।जानकारी के अनुसार विगत दिनो मे हुई चोरी की घटनाओ को लेकर आज रात्रि क्राइम ब्रांच व थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान थाना जैदपुर क्षेत्रान्तर्गत बंगला बाजार के पास एक संदिग्ध क्वालिस गाड़ी दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा चेक करने का प्रयास किया गया तो वाहन सवार बदमाश हमलावर हो गये जिससे कांस्टेबल अंकित तोमर को चोटे आई है।बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये।बदमाशो की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग की जा रही थी कि तभी पुलिस को नजदीक देख कर बदमाशो द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग मे दो बदमाशो के पैर मे गोली लगने से घायल हो गये।घायल/गिरफ्तार अभियुक्तो रामजी यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी दाउतपुर थाना निगोहा जनपद लखनऊ व जय कुमार पुत्र राम प्रकाश लोध निवासी भरसवां थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ को उपचार हेतु सीएचसी जैदपुर मे भर्ती कराया गया है।अभियुक्तो द्वारा प्रयोग में लाई गई क्वालिस गाड़ी व 2 अदद तमंचा .315 बोर व कई जिंदा,खोखा कारतूस बरामद किये गये तथा चालक श्याम सुन्दर पुत्र अमरनाथ कश्यप निवासी पिपरास्माइल थाना कोडरी जनपद गोण्डा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।अन्य फरार दो बदमाशो की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है।आरम्भिक जांच से ज्ञात हुआ है कि अभियुक्त रामजी यादव पर लूट व चोरी के 5 अभियोग एवं अभियुक्त जय कुमार पर 4 अभियोग पंजीकृत है।घटनास्थल के पास बदमाशो द्वारा विद्युत हाई टेंशन के तार काटे गये थे जिनके बण्डल वही पड़े है, बदमाश विद्युत तारो के बण्डलों को ले जाने के प्रयास मे थे।

जाम के झाम से लोगों का चलना हुआ दूभर जिम्मेदार बने मुखदर्शक

सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़

- थाने चौराहे पर अबैध तरीके से होता है टैक्सी स्टैंड का संचालन

सहजनवा थाना चौराहे पर हमेशा जाम की समस्या से लोगो काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है आपको बता दें कि सहजनवा तहसील और सहजनवा थाने से महज कुछ ही दूरी पर सहजनवा चौराहा है।जहा आए दिन जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ता है।थाने चौराहे पर अबैध तरीके से टैक्सी स्टैंड का संचालन होता है जिसके वजह से और भी जाम लगता रहता ।वही थाने से गार्डो की भी डियूटी लगाई जाती है लेकिन ऑटो चालक गार्डो के बातों को नजर अंदाज कर के रोड पर ही सवारियां भरते नजर आते है।यहा जाम की समस्या जस की तस बनी है।इस जाम का प्रमुख कारण ऑटो चालक है।यह ऑटो चालक चौराहे पर अपनी ऑटो मनमानी तरीके से लगाकर सवारियां बैठाते और उतारते हैं जिस कारण दोनों तरफ जाम लग जाता है।वही जब कोई राहगीर इन ऑटो चालकों का विरोध करता है तो यह लोगों से उनसे मारपीट तक करने को उतारू हो जाते हैं। महज कुछ ही दूरी पर थाना है। बावजूद इसके इन ऑटो चालकों की मनमानी नहीं रुकती है। जिससे जरूरी काम से शहर जाने वाले और अन्य लोगों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।ऐसे में इस जाम की समस्या से सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चे और उनके अभिभावकों को होती हैं। ऐसे में संबंधित विभाग को इन ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए ताकि इस जाम की समस्या से आम लोगों को काफी हद तक राहत मिल सके।

डीएलएसए ने किया मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवां में मानसिक स्वास्थ्य के जागरूकता के प्रति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव श्रीमती नाजनीन बानो के द्वारा बताया गया आज के दौर में लोगो को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत होना पड़ेगा जिससे मानसिक बीमारी की रोकथाम की जा सकें। महोदया द्वारा शिविर में उपस्थित चिकित्सा विभाग की महिला कार्यकर्ताओं से कहा गया कि जब वह टीकाकरण एवं पोलिया ड्रॉप पिलाने घर-घर जायें तो बच्चों के परिवार वालों को मानसिक बीमारियों के लिए जागरूक करें एवं उनसे प्रश्न पूछे कि उनके बच्चे का विकास सामान्य तरीके से हो रहा है या कुछ परेशानी आ रही है, अगर बच्चों का विकास धीमी गति से हो रहा हो तो परिवार वाले बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के डॉक्टर को तुरन्त दिखायें जिससे समय से उनका उपचार किया जा सकें। डॉ0 राधेश्याम गौंड अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवां के द्वारा बताया गया कि आदमी को तनावमुक्त रहना चाहिए जिससे आदमी बहुत प्रकार की बीमारी विशेषकर मानसिक रोगो से मुक्त रह सकें।

50 लाख की अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

पुलिस लाइन शूज सभागार में मंगलवार को एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार युवक का किया खुलासा। एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा 01 नफर अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, 01 अदद डीसीएम ट्रक से 680 पेटी में कुल 6120 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (शराब की अनुमानित कीमत 50 लाख रूपये) बरामद। वही डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा मादक पदार्थ /अवैध शराब तस्करों की चेन ऑफ सप्लाई को नष्ट करने एवं जनपद सोनभद्र को इससे मुक्त करने हेतु चलाए जा रहे अभियान में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अचूक प्रभावी आसूचना संजाल से निरंतर मारक व सटीक कार्यवाही करते हुए ,अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ0 चारु द्विवेदी के निर्देशन में एसओजी, सर्विलांस और हाथीनाला की संयुक्त टीम ने आज दिनांक 11.07.2023 को मुखबिर की सूचना पर हाथीनाला तिराहा के पास से 01 अदद डीसीएम ट्रक संख्या ।क्र-45-क्र-9818 में लोड 680 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ÷इम्पीरियल ब्लू(सेल इन पंजाब) जिसकी कुल मात्रा 6120 लीटर है÷ की बरामदगी कर 01 अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया।

विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

- जिले के सभी ब्लॉकों में वाहन के माध्यम से लोगों को किया जाएगा जागरूक
- 11 जुलाई से 24 जुलाई तक चलाया गया जागरूकता पकवाड़ा

रावटसगंज स्थित सीएमओ ऑफिस से मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत जिले के सभी ब्लॉकों में जागरूकता अभियान में वाहन द्वारा पंपलेट बुकलेट वितरित करते हुए प्रचार पसार करने को को निकाले गए वाहन को हरी झंडी सीएमओ डॉ अश्वनी कुमार द्वारा दिखाया गया।

सीएमओ डॉ अश्वनी कुमार ने बताया कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का आयोजन होता है उसी क्रम में जिले के सभी ब्लॉकों में प्रचार प्रसार करने के लिए निकाले गए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और उस के माध्यम से सभी ब्लॉकों से गांव में बुकलेट पंपलेट वितरित करके लोगों को जागरुक करने का कार्य किया गया इस दौरान गर्व निरोधक साधन के चुनाव हेतु आवश्यक जानकारी दी गई खुशहाली का आधार पुरुष जिम्मेदार संबंधित विषयों पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी चट्टी चौराहों पर मौजूद लोगों को बताई गई डॉक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भ निरोधक साधन केकई विवरण दिया गया है जिसके तहत संबंधित लोग परामर्श सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध दिया जाता है इसके पूर्व में 7 जुलाई से 11 जुलाई तक पकवाड़ा चलाकर गांव में लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया गया है वही प्रत्येक ब्लॉक में 3/3 सारथी वाहन 4दिनों तक चलाया जाएगा। इस मौके पर डॉक्टर सूबेदार प्रसाद, डॉक्टर एस. के. वर्मा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी चतरा डॉक्टर कीर्ति आजाद बिंद,जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम.रिपुंजय श्रीवास्तव ,आलोक मिश्रा एवं समस्त स्टॉप।

बीजेपी सरकार में दलितों पर अत्याचार चरम पर है : अजय राय

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

दलित युवक की बेरहमी से पिटाई के बाद थूक कर चटवाने के मामले को लेकर मंगलवार को यूपी कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं काफिला बौवर गांव पहुचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया, पीड़ित की माँ और बहन को सम्मानित किया उन्हें गिफ्ट फल और मिठाईयां भी दिया। पीड़ित की माँ ने बताया कि पीड़ित राजेन्द्र प्रसाद को पुलिस ले गई है। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बीजेपी सरकार में दलितों पर अत्याचार चरम पर है। दलितों पर आए दिन ऐसी घटनाएं आम बात हो चुकी है। बीजेपी सरकार में गुंडई बढ़ गई है। मिर्जापुर में भी ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार से जनता त्रस्त है। पीड़ित परिवार का घर भी अभी कच्चा है। प्रधानमंत्री जी झूठे वादे करते है कि लोगो का मकान पक्का हो गया है। श्री राय ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों पर भी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की जरूरत है।कांग्रेस पार्टी दलितों के साथ अन्याय नही होने देगी। उनकी लड़ाई लड़ेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड, शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित चौबे, प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा, जगदीश मिश्रा, अरविंद सिंह, कन्हैया पांडेय, राजेश द्विवेदी,, नूरुद्दीन खान, विमला देवी, जितेंद्र पासवान, निगम मिश्र, राजबली पांडेय, बृजेश तिवारी, धीरज पांडेय, आशुतोष दुबे, अभिषेक चौबे, आशीष शुक्ल, हरिश्चंद्र सोनकर, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला कारागार में हुआ निरीक्षण, लगाया गया जागरूकता शिविर

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।निरीक्षण के दौरान सचिव श्री यादव द्वारा जेल में निरूद्ध सभी बन्दियों के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की गयी।इसमें विगत 11 जुलाई को कुल 1090 बन्दी संवासित पाए गए हैं जिनमें 50 महिला बन्दी व 6 बच्चे भी महिला बन्दियों के साथ संवासित है।निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में साफ सफाई अच्छी पायी गयी,बन्दियों के लिए सायंकाल हेतु भोजन तैयार किया जा रहा है।बन्दियों द्वारा बताया गया कि प्रातः कालीन नाश्ते में- गुड़,चना,चाय तथा भोजन में रोटी अरहर दाल,आलू और चौराई का साग दिया गया था।इस दौरान जिला कारागार में कोई बाहरी व्यक्ति नही पाया गया। सचिव श्री यादव द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों के बौद्धिक विकास हेतु उनको मोटिवेट किया जाय जिससे सभी बन्दी मानसिक तौर पर विकसित होकर देश विकास के मुख्य धारा में अपना योगदान प्रदान करें।निरीक्षण के बीच जिला कारागार में कोई ऐसा बन्दी नही पाया गया जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम हो।इसी क्रम में सचिव श्री यादव द्वारा महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया और जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी।इस दौरान सभी बन्दी स्वस्थ्य पाये गये।निरीक्षण के दौरान बन्दियों के किसी प्रकार की समस्या के बारें पूछा गया तो किसी बन्दी ने कोई भी शिकायत नही की।
निरीक्षण के बाद सचिव श्री यादव द्वारा जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर भी लगाया गया,जिसमें जेल में निरूद्ध बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान की गयी तथा बन्दियों को उनके अधिकारों के बारे अवगत कराया गया।इसके साथ ही साथ सभी बैरकों के बन्दियों को बुलाकर समझाया गया कि यदि कोई नया बन्दी जिला कारागार में आता है कि तो पैरवी के लिए उसके पास अधिवक्ता है या नही, इसकी विशेष जानकारी ली जाये।

दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेगी सरकार, आवेदन आमंत्रित

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर 2023 को ''विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा ''राज्य स्तरीय पुरस्कार'' हेतु 12 विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था की गयी है। पुरस्कार हेतु निम्नानुसार श्रेणियाँ निधारित हैं दक्ष दिव्यांग कर्मचारी स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार। प्रेरणा स्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार।

पूर्ति निरीक्षक ने बाढ़ क्षेत्र की राशन दुकानों का किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सुचारू रूप से राशन वितरण कराने के लिए पूर्ति निरीक्षक ने दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने कोटेदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक भी कार्ड धारक छूटना नहीं चाहिए। मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार ने बाढ़ क्षेत्र के ग्राम सनावां, तेलवारी,परसा, सिरौलीगुंग, शेषपुर टुटरु, आदि गांवों का भ्रमण कर राशन वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया।

भाजपा ने कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में दिया समरसता का संदेश

महोबा। समृद्धि न्यूज

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद महोबा के कुलपहाड़ नगर के श्री चिंतामणि आदर्श विद्यालय में मंडल की टिफिन बैठक में जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी द्वारा महा संपर्क अभियान की समीक्षा बैठक की गई सभी कार्यकर्ताओं को 90 90 90 20 24 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित 9 वर्ष पूर्ण होने पर अधिक से अधिक मिस्ड कॉल करवाने हेतु निर्देशित किया तथा बगैर समय गवांए जो 16 तारीख तक का समय निर्धारित है प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन कम से कम 500 लोगों को उक्त नंबर पर मिस्ड काल करने का लक्ष्य निर्धारित किया इसके बाद टिफिन सह भोज का आयोजन किया गया इस अवसर पर सांसद हमीरपुर महोबा कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल महोबा जिले के प्रभारी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन आफ इंडिया के डायरेक्टर रामनरेश तिवारी जिला अध्यक्ष भाजपा विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ कमलेश सक्सेना जिला पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लाखन सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी महेंद्र राजपूत जिला महामंत्री अवधेश गुप्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा पंकज तिवारी क्षेत्रीय मंत्री डॉ कौशल सोनी क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा आशीष शिवहरे ब्लाक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत चेयरमैन कुलपहाड़ वैभव अरजरिया पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि कुलपहाड़ अमित प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जैतपुर अरविंद नायक व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राहुल अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर मिश्रा सहित भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र प्रभारी मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक मोर्चा के अध्यक्ष भाजपा सभासद उपस्थित रहे कुशल संचालन मंडल महामंत्री दिनेश गोस्वामी द्वारा किया गया ।आए हुए सभी अतिथियों व मंडल के सभी पदाधिकारियों का बड़ी संख्या में उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का हृदय से धन्यवाद आभार प्रकट किया।

ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत ने किसानों को किया उन्नतशील बीजों का वितरण

बेलाताल महोबा। समृद्धि न्यूज

इस बार जुलाई माह में हुई पर्याप्त वर्षा के बाद किसान खेती की तैयारियों में जुट गए हैं। शिविर में किसानों को कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए इसके साथ ही उन्नतशील बीजों का वितरण किया गया। बीज पाकर किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विकास खंड सभागार में आयोजित कृषि गोष्ठी में किसानों को खेती से जुड़ी बारीकियां बताई गई। कृषि विशेषज्ञों ने कहा कि किसान मृदा परीक्षण कराने के बाद उन्नत किस्म के बीजों का प्रयोग करें जिससे उत्पादन में इजाफा होगा। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत ने कहा कि सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रही है। बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों को रुझान बढ़ रहा है। इस मौके पर उप कृषि निदेशक डॉ अभय प्रताप सिंह ने किसानों को किट वितरित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर जगदीश पटेल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वच्छ भारत मिशन में महोबा को मिला प्रथम स्थान

महोबा। समृद्धि न्यूज

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के लाभार्थियों को पहली व दूसरी किस्त के भुगतान में बेहतर कार्य करने सहित पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर जिले को प्रदेश में अव्वल स्थान हासिल हुआ है। जिला पंचायत राज अधिकारी को अपर निदेशक पंचायतीराज ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। सम्मान से जिले का नाम प्रदेश में रोशन हुआ है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना में सराहनीय कार्य पर जिले को पहला स्थान हासिल हुआ है। जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि स्वच्छ भ मिशन ग्रामीण के लाभार्थियों को पहली व दूसरी किस्त भुगतान करने व जिओ टेग सहित अन्य वित्तीय प्रगति पर जिले को सम्मानित किया गया है। लखनऊ आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के मिशन निदेशक प्रमोद कुमार उपाध्याय, प्रदेश के नोडल अधिकारी एसएन सिंह, अपर निदेशक प्रशासन राजकुमार की मौजूदगी में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीपीआरओ ने कहा कि जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में बेहतर कार्य हुए हैं। जिस पर सम्मानित किया गया है।

छात्र-छात्राओं को पुलिस ने दी विधिक जानकारी

इटावा। स्थानीय कस्बा चकरनगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पुलिस द्वारा छात्राओं को विधिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने विधिक जानकारी दिए जाने के लिए थाना पुलिस चकरनगर को धन्यवाद दिया। जानकारी के अनुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में थाना पुलिस चकरनगर द्वारा कानून संबंधित तमाम जानकारी वक्ताओं द्वारा दी गई। पुलिस ने बताया की 1090 जो नंबर होता है उससे बालिकाओं को बेहद सुविधा मुहैया होती है कभी भी आवश्यकता पड़ती है तो 1090 पर कॉल कर अपनी परेशानी बताई जा सकती है जिसके लिए शासन के द्वारा जो भी प्रदत सेवा होगी को तत्काल मुहैया कराई जाएगी। पुलिस ने बताया की यदि किसी के पिता किसी सेवा में है और उनकी मृत्यु हो जाती है तो उन्हें उसका लाभ कैसे मिलेगा इस संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

विश्व जनसंख्या दिवस पर कचहरी में गोष्ठी का आयोजन हुआ

इटावा। समाज उत्थान समिति एवं चम्बल घाटी बिनोवा भावे जनकल्याण संस्थान के सयुक्त तत्वाधान मे विश्व जनसंख्या दिवस पर कचहरी में गोष्ठी का आयोजन हुआ। डोर टू डोर जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभाव जैसे पीने का घटता पानी, गिरता जल स्तर, सकरा होता वन व घटती कृषि योग्य भूमि, बढ़ती बेरोजगारी, अशिक्षा, भुखमरी व कुपोषण, बढ़ता अपराध, घटते संसाधन, बढ़ती महंगाई, धोखेबाजी व मिलावट खोरी, प्रदूषित पर्यावरण , जल, ध्वनि व मृदा प्रदूषण, साफ सफाई का गिरता स्तर , बढ़ता ट्रेफिक जाम आदि से निजात पाने के लिए आबादी घटाओ खुशहाली पाओ के नारे पर जोर देते हुए अभिनव रजंन श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी व अरुण कुमार गौंड सिटी मजिस्ट्रेट को पम्पलेन्ट देकर शुरुआत की तथा कचहरी मे समापन डीबीए के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे को जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभाव पम्पलेटों को बाँट कर किया। विश्व जनसंख्या दिवस के संयोजक देवेन्द्र सिंह कुशवाह , आयोजक वरिष्ठ समाज सेवी हरीशंकर पटेल एवं बीरेन्द्र सिंह भदौरिया - अध्यक्ष- चम्बल घाटी विनोवा भावे जनकल्याण संस्थान के सयुक्त नेतृत्व मे आयोजित हुयी इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से सुनील तिवारी - मानव विकास समिति, केशव कुलश्रेष्ठ छात्र/ सामाजिक कार्यकर्ता ,राम चन्द्र शाक्य , राम प्रकाश चित्रवशीं एवं एडवोकेट- श्याम सुंदर दुबे , शोभा राम शाक्य एड, सन्तोष बाबू शुक्ला एड , गजेन्द्र सिंह भदौरिया एड ., सुरेश सविता एड., भोले चौहान एड. , बृजेन्द्र बहादुर , अनिल कुमार एड. रविन्द्र सिंह भदौरिया एड., मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ एडवोकेट आदि का सराहनीय योगदान रहा है।

खबरें एक नजर में

सरकार जनसंख्या नियंत्रण के लिए गंभीरः डां संतोष चौरसिया

महोबा। विश्व जनसंख्या पखवाड़ा के तहत बढ़ती जनसंख्या को देश के विकास के लिए बाधा बताते हुए छोटे परिवार के लाभ बताते हुए परिवार नियोजन के संसाधनों की जानकारी दी गई। लोगों को जागरूक करने के लिए सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मंगलवार को महिला जिला अस्पताल में नगर पालिका के चेयरमेन डॉ संतोष चौरसिया ने कहा कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण को लेकर गंभीर है। सीमित परिवार खुशहाली का माध्यम है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जुलाई से 31 जुलाई तक विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसमें लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक किया जाएगा। कहा कि मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर रखने में परिवार नियोजन महत्वपूर्ण है। बताया कि पखवाड़ा में एएनएम और आशाओं के द्वारा योग्य दंपत्तियों को वास्केट ऑफ च्वाइस, परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर महिला नसबंदी के बारे में जानकारी दी गई बताया गया कि लाभार्थी के खाता में दो हजार की धनराशि भेजी जाती है। पुरूष नसबंदी पर 300 रूपये दिए जाते है। यह सेवा सभी स्वास्थ्य सेवाओं में उपलब्ध है। इस मौके पर डॉ एस के वर्मा, डॉ रचना सिंह, फार्मासिस्ट संतोष कुशवाहा, आशा सोनी आदि मौजूद रहे।

लोक अदालत में होगा चेक बाउंस के मुकदमों का निस्तारण

इटावा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर 12 अगस्त को न्यायालय सभागार इटावा में धारा 138 एन आई एक्ट के तहत चेक बाउंस के मुकदमों का निस्तारण किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी ग्राम लवेदी में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक अश्वनी त्रिपाठी ने कही। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 12 अगस्त को न्यायालय सभागार इटावा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विनय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में एवं प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज श्वेता श्रीवास्तव के संयोजन में धारा 138 एन आई एक्ट के मामलों (यानी कि चेक बाउंस) को आपसी सुलह समझौते से निपटाया जाएगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिन लोगों के चेक बाउंस के मामले न्यायालय में विचाराधीन है वह संबंधित न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र देकर अपने मामलों को लोक अदालत के माध्यम से निपटा सकते हैं जिससे आपका धन समय दोनों बचेगा। उन्होंने लोगों से आव्हान किया कि आप लोग अधिक से अधिक लोगों को जिनके चेक बाउंस के मामले न्यायालयों में विचाराधीन हैं उन्हें जानकारी देकर उपरोक्त लोक अदालत में भेजें। इस अवसर पर चंद्रपुरा प्रधानपति जागरण कुमार, पूर्व प्रधान शिशुपाल सिंह, पूर्व प्रधान अवधेश सिंह, सोनेलाल ,अंकित, वीरेंद्र सिंह, सुषमा देवी, सुंदरलाल, राजवीर, विपिन कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

एडीएम ने की जिला बदर की कार्रवाई

इटावा। अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुए पुलिस द्वारा चार अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही कराई गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की संस्तुति के आधार पर अपर जिलाधिकारी ने चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू पुत्र गिरीश चंद्र निवासी कस्बा बसरेहर, सुरजीत पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम नरौली थाना सैफई, विनय पाल उर्फ पार्टी उर्फ अंशु पुत्र जयनारायण निवासी सती मोहल्ला मठिया के पास थाना कोतवाली इटावा, अनिल पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम नवादा खुर्द कला थाना लवेदी को अग्रिम 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया।

गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों की सम्पति को पुलिस ने किया जब्त

इटावा। पुलिस द्वारा उ.प्र. गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप कारित कर धन व संपति अर्जित करने वाले दो अपराधियों के विरुद्ध उ.प्र. गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि. के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए लगभग 29,75,588 रुपये कीमत की संपत्ति को जब्त किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद इटावा पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई।

कावड़ियों को राहत पहुंचाने के लिए किया गया यातायात मार्ग का डायवर्जन

इटावा। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि श्रावण मास चल रहा है। श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कॉवड़ लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। जनपद इटावा की सीमा में थाना चौबिया क्षेत्र से प्रवेश कर बसरेहर होते हुए फर्रूखाबाद अण्डर ब्रिज के नीचे से भरथना चौराहा होते हुए फर्रूखाबाद ओवर ब्रिज से बायें मुड़कर साबितगंज, तहसील चौराहा, बल्देव चौराहा से कुछ कावड़िये नीलकंठ मन्दिर जलाभिषेक करते हैं। सर्वविदित है कि अधिकतर कांवड़िये भिण्ड म.प्र. के होते हैं जो बल्देव चौराहा से रामगंज, पंचराहा, छैराहा, टीटी होते हुए उदी चौराहा से चम्बल पुल पार कर थाना फूप से होते हुए अपने गन्तव्य को प्रस्थान करते हैं साथ ही जनपद आगरा की ओर जाने वाले कांवड़ यात्री उदी चौराहा से दाहिनी ओर मुड़कर थाना बढ़पुरा, पछायगांव होते हुए थाना चित्राहाट, बाह से आगरा में प्रवेश करते हैं। कावड़ यात्रा के दौरान भारी वाहनों के आवागमन से कांवड़ियों के साथ दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है, जिसके दृष्टिगत जनपद इटावा में श्रावण मास के मध्य पड़ने वाले सोमवार को रविवार की प्रातः 8 बजे से सोमवार को सायं 8 बजे तक यातायात रूट का डायवर्जन किया गया है, जो इस प्रकार है फर्रूखाबाद की तरफ से आने वाले भारी वाहन जो बसरेहर, फर्रूखाबाद अण्डर ब्रिज होकर जाना चाहते हैं वह वाहन थाना चौबिया क्षेत्रान्तर्गत करीं पुलिया से सैफई हवाई पट्टी होते हुए आईटीआई चौराहा इटावा होकर अपने गन्तव्य को जायेंगे, इकदिल की तरफ से फर्रूखाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहन आईटीआई चौराहा से सैफई हवाई पट्टी, करीं पुलिया होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे, बस स्टैण्ड से रोडवेज की बसें जिन्हें फर्रूखाबाद की तरफ जाना है वह चौधरी पेट्रोल पम्प, एसएसपी चौराहा, आटीआई चौराहा से सैफई हवाई पट्टी, करीं पुलिया होते हुए अपनी गन्तव्य को जायेंगी, जो भारी वाहन मानिकपुर मोड़ से फर्रूखाबाद की तरफ जाना चाहते हैं वह वाहन पक्का बाग के नीचे से दाहिने मुड़कर बकेवर, भरथना होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे।

केके कालेज प्रबंध समिति साधारण सदस्यता खोलने की डीएम से मांग

इटावा। समृद्धि न्यूज

कुर्मी क्षत्रिय संघर्ष समिति पुरबिया टोला इटावा ने केके कालेज प्रबंध समिति की साधारण सभा केके क्लब की आम सदस्यता के लिए सदस्य बनाने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर गुहार लगाई। प्रतिनिधि मंडल ने शामिल पूर्व सभासद सचिन वर्मा ने बताया कि कुर्मी समाज के लोग केके कालेज प्रबंध समिति को चुनने के लिए केके क्लब की साधारण यानी आम सदस्यता जो नियम अनुसार रुपया 1000 देकर प्रतिवर्ष 1 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य होती है के लेने के इच्छुक है लेकिन केके कालेज के अध्यक्ष एव मंत्री अपनी तानाशाह नीति के कारण उपरोक्त सदस्यता कुर्मी समाज के आम लोगो को देने के इच्छुक नहीं है।इस संबंध ने इन लोगो से कई बार वार्ता की गई है परंतु ये लोग अपने परिवार एवम कुछ चाटुकार लोगो को बनाकर गुप चुप केके कालेज प्रबंध समिति का जेबी चुनाव कर कई वर्षो से महाविद्यालय में प्रबंध समिति के माध्यम से अलोकतांत्रिक कब्जा किए हुए है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नरेंद्र वर्मा ने बताया कि कुर्मी क्षत्रिय संघर्ष समिति का गठन समाज की धरोहरों को जैसे केके डिग्री कालेज,केके इंटर कालेज,लाला नानक चंद्र ट्रस्ट,कालेज एवम समाज की जमीन आदि को बचाने के लिए किया गया है,हमारे बुजुर्गो ने अपना एवम अपने परिवार का पेट काटकर इन संस्थाओं का निर्माण किया था। कुर्मी समाज के युवा बुजुर्गो के दिशा निर्देश में अपनी धरोहरों को बचाने के लिए संकल्पित है।प्रतिनिधि मंडल में पूर्व अध्यक्ष केके कालेज प्रबंध समिति पवन कुमार वर्मा, महेश प्रताप सिंह, अजय कुमार वर्मा, शैलेंद्र सिंह वर्मा, नरेंद्र वर्मा, स्वकीर्ति वर्मा, विनय वर्मा, प्रमेंद्र पटेल, नयन पटेल, मुकेश कुमार, देवीचरण वर्मा, श्रीकांत वर्मा, संतोष वर्मा, विपिन कुमार, पवन वर्मा, सुनील वर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने कुर्मी क्षत्रिय संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल की बात सुनकर ज्ञापन को आवश्यक कार्यवाही के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक के लिए भेज दिया।

सांसद ने जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनीं

इटावा। समृद्धि न्यूज

सांसद रामशंकर कठेरिया ने मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक इकदिल के पास जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनी। जन चौपाल में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जिसमें सांसद ने समस्या से संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर तुरंत कार्यवाही करने को आदेशित किया।

वार्ड नंबर 13 अवंतीबाई नगर की सभासद रूबी ने बताया कि ओवरब्रिज के ठीक सामने दक्षिण की तरफ एक श्मशान घाट स्थित है इसका आने जाने वाले रास्ते पर बहुत अतिक्रमण है। रास्ता कच्चा होने के कारण गड्ढे कीचड़ की समस्या कई वर्षो से चली आ रही है। श्मशान घाट तक खाली बिना देखरेख के पड़ी है जिस कारण लोग शवों का अंतिम संस्कार करने इटावा व अन्य जगह पर जाते हैं। शिकायत कर्ता महेंद्र सिंह व ब्रजेन्द्र ने बताया कि बजरिया के सामने लक्ष्मी मास्टर वाली गली में बारिश की वजह घरों में पानी भर जाता है। यह समस्या काफी पुरानी है। यह समस्या तालाब पर अतिक्रमण होने की वजह से हो रही है। वहीं सभासद सुनील राजपूत ने मांग की है कि हाइवे पुल की सर्विस रोड पर जलभराव की समस्या काफी वर्षो से बनी हुई है। जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिसको लेकर आए दिन कोई ना कोई नित्य गिरकर घायल होता है । अनिल चौधरी ने बुआपुर गाँव के सामने रेलवे की अंडरग्राउंड पुलिया बनाये जाने की मांग की है द्य इसी के साथ सैकड़ों समस्याओं के साथ ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं इटावा सांसद को बताई वही मौके पर उप जिलाधिकारी राघव विक्रम सिंह, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार आदि मौजूद विभिन्न विभागों से अधिकारियों को शिकायतें देकर जल्द से जल्द समाधान कराने का आदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, राज वर्धन सिंह भदौरिया, राम कुमार त्रिपाठी, प्रेम नारायण त्रिपाठी, डॉ. सुशील सम्राट, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी, नरेंद्र बरुआ, पूर्व चैयरमैन आशाराम गोयल, अजय भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

बढ़ती जनसंख्या का नकारात्मक प्रभाव पर्यावरण पर तेजी से पड़ रहाः बाजपेई

इटावा। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान इटावा द्वारा प्रायोजित कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ग्राम दतावली में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संस्थान के निदेशक हरि नारायण वाजपेई ने प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में विश्व की जनसंख्या 8 अरब से ज्यादा है, जिसका नकारात्मक प्रभाव दुनियाभर के पर्यावरण पर तेजी से पड़ रहा है। पर्यावरण में हो रहे तेजी से बदलाव रोकने और लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना इसका प्रमुख उद्देश्य है। इसके साथ ही दुनियाभर को इस बात के लिए प्रेरित करना है की एक दिन विश्व स्थाई जनसंख्या को प्राप्त कर सके और हमारी पृथ्वी और पर्यावरण को कोई भी नुकसान न हो। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान दतावली एवं इंदू, चंदन, सूर्य कुमार, अमन चतुर्वेदी, यश कश्यप ,जयशिव मिश्रा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बदमाशों ने महिला के कुंडल लुटे, पुलिस जांच में जुटी

इटावा। समृद्धि न्यूज

बकेवर लखना मार्ग पर बकेवर माइनर की पुलिया पर चंद्रपुरा जाने वाले संपर्क मार्ग पर बाइक सवारों द्वारा वन विभाग के पूर्व दरोगा की पत्नी के सुबह उस समय उनके कानों के कुंडल छीन लिए जब वह अपने घर से घूमने के लिए निकली थी कानों के कुंडल सुनने के बाद वह बेहोश होकर बंबा की पटरी पर गिर पड़ी। जानकारी के अनुसार बकेवर लखना मार्ग पर पुलिया के समीप लखना रेंज वन विभाग में तैनात रहे पूर्व फॉरेस्ट गार्ड बृजेश कुमार तिवारी की पत्नी श्रीमती कमलेश कुमारी सुबह 5 बजे के लगभग अपने से चंद्रपुरा संपर्क मार्ग पर घूमने निकली थी सभी सुधीर शुक्ला के बाग के समीप पीछे से बाइक सवारों ने दोनों कानों के कुंडल खींच कर लूट ले गए घटना की सूचना मिलने पर तत्काल थाना प्रभारी आरबी सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली वही थोड़ी देर बाद सीओ भरथना ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की पूछताछ की और आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जिसमें बाइक सवारों द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद भागते हुए दिखाई दिए वही लूटी महिला ने बताया कि उसके कुंडल लगभग 8 ग्राम भजन के थे कुंडल छीनने से कानों में दर्द हो रहा है वही दोपहर इटावा से पुलिस अधिकारियों की क्राइम टीम भी मौके पर घटना की जांच करने आई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज भी निकलवा कर उनकी जांच कर रहे हैं इसके लखना बकेवर दो पिज़्ज़ा हाउस के सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया लेकिन वही एक पिज़्ज़ा हाउस का कैमरा बंद मिला दूसरे पर जा उसका चालू था पुलिस प्रशासन लूट की घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार लुटेरों को पकड़ने का पूरा प्रयास कर रही है वहीं थाना प्रभारी आरबी सिंह ने बताया कि महिला के साथ जो कानों के कुंडल छीन कर लूट की घटना हुई है उसकी गंभीरता जांच की जा रही है तथा बाइक सवार लुटेरों को पकड़ने के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है तथा पकड़ने का पूरा प्रयास से से से किया जा रहा है वहीं नगर की जनता ने बताया कि कस्बा में तैनात कस्बा इंचार्ज सही तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन नहीं कर रहे हैं जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद है और पुलिस का उनको तनिक भी भय नहीं है और अपराधों को अंजाम दे रहे नगर की जनता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शीघ्र ही पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है।

आपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को दिलाई जायेगी सजाः डीएम

- जनपद में कानून का राज स्थापित हो इसके लिए अपराधियों पर त्वरित कार्यवाही करें-एसपी
- कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक में डीएम और एसपी ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक में डीएम- एसपी व अन्य अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

मंगलवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अभियोजन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि आपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि आपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत जनपद में 20 मुकदमे चिन्हित किये गये हैं। बताया कि जनपद में सत्र न्यायालय के गम्भीर अपराधो की कुल संख्या 6394 है। जून माह में 24 अपराधिक मामलो का निस्तारण हुआ है, जिसमें 10 लोगो को पैरवी कर सजा दिलाई गयी है। महिला अपराध से संबंधित प्रकरणो में कुल 945 मुकदमें लंबित हैं। 04 वादो का निस्तारण किया गया, इसमें 02 लोगो को सजा हुई है। जानकारी दी गयी कि 205 मुकदमें खाद्य के लंबित है। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य पदार्थों मे मिलावट समाज के प्रति जघन्य अपराध है। खाद्य पदार्थ में मिलावट वाले प्रकरणो की पैरवी कर सजा दिलाने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु प्रदेश सरकार सख्ती से पेश आ रही है। जनपद को भयमुक्त वातावरण देने हेतु अपराधियो को अंतिम दरवाजे तक ले जाना प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा है कि अपराध एवं अपराधियों से सख्ती से निपटने हेतु रणनीति तैयार कर ली गयी है। अपराधियों को अन्तिम दरवाजे तक ले जाने हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों पर विशेष ध्यान दिया जाये। मेडिकल में किसी प्रकार का विलम्ब नही होना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अधीक्षक कुवंर अनुपम सिंह ने कहा है कि थाना स्तर पर चार्टशीट पेंडिंग नही रहनी चाहिए। चार्टशीट समय से न्यायालय को प्रेषित की जाए। कहा है कि थाना एवं न्यायालय स्तर पर चार्टशीट की पेंडेंसी के सम्बंध में अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून का राज स्थापित हो इसके लिए अपराधियों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जॉइंट मजिस्ट्रेट, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

मंदिरों के निकट शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

- जिला आबकारी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव व कार्यकर्ता समृद्धि न्यूज

मानकों को ताख पर रखकर मंदिरों के आसपास खुले शराब के ठेकों को हटाए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी ने आबकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। मंगलवार को वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में जिला आबकारी कार्यालय पहुंचे सपाइयों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला आबकारी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। सपाइयों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक माह के अंदर मंदिरों के आसपास स्थापित शराब के ठेकों को अन्यत्र जगह स्थानांतरित ना किया गया, तो जनसमुदाय के साथ सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे और मंदिरों के आसपास स्थापित शराब के ठेकों को हटवाए जाने का कार्य करेंगे।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह यादव की अगुवाई में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आबकारी कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने आबकारी विभाग पर मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग द्वारा जगह-जगह शराब के ठेकों को स्थापित किया गया है। स्कूल कॉलेजों और मंदिरों के आसपास शराब के ठेके खुले हैं, जहां दिनभर शराब पीकर शराबी उत्पात मचाते रहते हैं। स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं और मंदिरों में जाने वाले पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता नवाब सिंह यादव ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित मोहल्ला मौसमपुर अल्हड़ में मानकों की अनदेखी कर बस्ती के बीच शराब ठेका स्थापित है। कहा कि यहीं निकट ही राधा रानी मन्दिर, सिद्धपीठ माता क्षेमकली देवी मंदिर व सिद्ध पीठ बाबा गौरीशंकर मन्दिर है। यहां मंदिरों में दर्शनार्थ स्थानीय लोगों समेत दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुजन सुबह शाम रोजाना आते जाते हैं। वर्तमान समय में सावन का माह चल रहा है। सावन माह में हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन इन मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में मंदिर के निकट शराब का ठेका होने से यहां शराबियों का भी जमघट लगा रहता है। यहां शराबी शराब पीकर उत्पात भी मचाते रहते हैं, जिससे मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए जाने वाली महिलाओं व युवतियों समेत अन्य श्रद्धालुजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्री यादव ने कहा कि मानकों के विपरीत मन्दिरों और स्कूल-कॉलेजों के आसपास स्थापित शराब के ठेकों को तत्काल हटवाकर अन्यत्र स्थानों पर स्थापित किया जाए। श्री यादव ने साफ तौर पर कहा कि यदि विभाग व प्रशासन द्वारा ऐसे शराब के ठेकों को नहीं हटाया गया तो वे जनसमुदाय के साथ सड़कों पर उतर कर मंदिरों व स्कूल कॉलेजों के आसपास स्थापित शराब के ठेकों को हटवाए जाने का कार्य करेंगे। प्रदर्शन के बाद सपाइयों ने जिला आबकारी अधिकारी को इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर अमित मिश्रा, सतेंद्र यादव, दरोगा कटियार, मनोज कठेरिया, पप्पन बाजपेई, सभासद वीरपाल, पूर्व सभासद अनुराग मिश्रा, धीरज यादव, कसान यादव, अरविंद कटियार, केके यादव, रामवीर कठेरिया समेत भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रशासन के साथ कुदरत ने भी जारी किया रेड अलर्ट

- मौसम के लिहाज से मुसीबत भरे हो सकते अगले तीन दिन
- प्रशासन सहित मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

अंशू पंडित

गुरसहायगंज, कन्नौज। अचानक बिगड़े मौसम के मिजाज ने जहां मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। तो वही जरा देर की बारिश में ही नगर सहित क्षेत्र के अधिकांश भागों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसके मद्देनजर प्रशासन ने अगले 3 दिनों तक रेड अलर्ट जारी किया है। मंगलवार की दोपहर बाद आसमान से मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। जिसने चारों ओर जलभराव और तबाही जैसे हालात उत्पन्न कर दिए। इससे जहां खेत में खड़ी किसानों की फसलें जलमग्न हो गई। तो वही गलियों सहित घरों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जरा देर की बारिश मैं उत्पन्न हुए भीषण हालातों को देखते हुए प्रशासन ने रेड अलर्ट जारी कर आगामी 3 दिनों तक लोगों से बेहद सावधानी बरतने की अपील की। तो वहीं मंगलवार की देर शाम आसमान से भी कुछ ऐसे ही संकेत मिले। आसमान में सुर्ख लाल बादल छाए रहे। जो रेड अलर्ट का संकेत दे रहे थे। जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है। कि प्रशासन के साथ-साथ मौसम ने भी जनता को रेड अलर्ट की घोषणा कर दी है। आगामी 3 दिन लोगों के लिए मौसम के लिहाज से बेहद परेशानी भरे हो सकते हैं। उधर मौसम विभाग ने भी 3 दिनों तक मूसलाधार बारिश तेज हवाओं के चलने की बात कही है। प्रशासन ने लोगों से ऐसे स्थानों पर ना जाने की अपील की है जहां आकाशीय बिजली गिरने सहित भीषण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने का खतरा हो। लोगों से सुरक्षित स्थान पर रहने की प्रशासन ने अपील की है।

पिकअप की टक्कर से महिला की मौत

बांदा। घर के बाहर मवेशी खोलने गई महिला को बेकाबू पिकअप वाहन ने पहले मवेशी को टक्कर मारा, इसके बाद महिला को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मवेशी भी जख्मी हो गया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के लामा गांव निवासी ज्योत्सना (45) पत्नी रामपाल वर्मा सोमवार की रात घर के बाहर बंधी भैंस को खोलने गई थी। इसी बीच बांदा से चिल्ला की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पहले मवेशी को टक्कर मार दी। इसके बाद ज्योत्सना को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने देखा तो आनन-फानन उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उपचार होने से पहले ही ज्योत्सना ने दम तोड़ दिया।

करंट लगने से युवक की मौत

बांदा। घरेलू केबिल टूटकर ऊपर गिर जाने से करंट की चपेट में आकर युवक झुलस गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहां डाक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को घर ले गए। चिल्ला थाना क्षेत्र के डिघवट गांव निवासी विनय (18) पुत्र स्व. रामगोपाल मंगलवार की सुबह घर से खेत की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह कमरे से बाहर निकला ही था कि खंभे से अचानक घरेलू केबिल टूटकर नीचे जा गिरी। इससे करंट की चपेट में आकर वह झुलस गया। मौके पर पहुंचे घरवालों ने लाठी डंडों की सहायता से उसे करंट से मुक्त कराया। उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता की 10 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। वह चार भाइयों में दूसरे नंबर का था।

मानव जीवन को सुखी, समृद्धि व संतुलित बनाये रखने के लिये वृक्षारोपण जरूरीः डीएम

- पर्यावरण संरक्षण एंव वृक्षारोपण के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया जाए
- जनपद में 41 लाख 54 हजार 100 वृक्षारोपण करने का है लक्ष्य

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र में पहुंचकर पाकड़ प्रजाति का वृक्ष रोपित करते हुए वृक्षारोपण का महत्व एवं आम जनमानस के जीवन शैली में वृक्षों की उपयोगिता के बारे में बताते हुए यहां मौजूद लोगों को जागरूक किया।

उन्होने कहा कि वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के साथ-साथ सामाजिक वानिकी के प्रोत्साहन हेतु नगर पालिका क्षेत्रों, मनरेगा द्वारा कराये जा रहे अमृत सरोवर, गौशाला आदि के आस-पास वृक्षारोपण कराया जाये, जिससे कि आस-पास का वातावरण हरा-भरा एंव सौन्दर्यीकृत हो सके। जिलाधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनपद में लगभग 41 लाख 54 हजार 100 वृक्षारोपण करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें ग्राम विकास विभाग को 1079777, कृषि विभाग को 215000, पर्यावरण विभाग को 153000, उद्यान विभाग को 133000, पंचायती राज विभाग को 138223, लोक निर्माण विभाग को 16000, नगर विकास विभाग को 23000, उच्च शिक्षा को 21000, बेसिक शिक्षा को 11000, जल शक्ति/ सिंचाई विभाग को 16000, रेशम विभाग को 22000 सहित अन्य विभागों को वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है। डीएम ने उक्त सभी विभागों को निर्देशित किया है कि अभियान चलाकर दिए गए लक्ष्य को पूरा करें। इस अवसर पर प्रभागीय वानिकी अधिकारी राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कारागार में बंदियों को कौशलपूर्ण प्रशिक्षण दिलाया जाए

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान बन्दियों को विधिक जानकारी देती जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार में स्थित बैरक, मेस, अस्पताल समेत सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जेल अधीक्षक एवं जेलर को आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने महिला बैरक में निरूद्ध महिला बंदी से निशुल्क विधिक सहायता दिलाने के बारे में जानकारी ली। महिला बंदियों को दिये जाने वाले कौशलपूर्ण प्रशिक्षण के बारे में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि महिला बंदियों को उक्त प्रकार का कोई कोई भी प्रशिक्षण जिला कारागार में नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में जेल अधीक्षक एवं जेलर को निर्देशित किया कि बंदियों को कौशलपूर्ण प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु उचित व्यवस्था कराये। सचिव ने बंदियों के भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी की। तथा बंदियों की व्यक्तिगत समस्याए व परिवार से बात करने की भी जानकारी ली। जेल चिकित्सक से मरीजों को दी जाने वाली दवाओं व जेल के बाहर इलाज करा रहे बंदियों के बारे में जाना। पुरुष व महिला बैरक, रसोईघर, अस्पताल आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। सचिव ने विचाराधीन बंदियो को प्ली-बारगेनिंग के कानून तथा उनके लाभ के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश के अनुरूप 18 जुलाई को महिलाओं के अधिकार प्री-अरेस्ट, पोस्ट अरेस्ट, सर्वाईकल कैंसर लक्षणों की पहचान रोकथाम एवं निदान के उपाय एवं परीक्षण तकनीक तथा पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पीसीपीएनडीटी एक्ट व अन्य चिकित्सा कानूनों के विषय पर जिला कारागार में शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में उक्त विषय के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी रखने वाले चिकित्सक उपलब्ध होगे। यदि किसी महिला बंदी में सर्वाइकल कैंसर जैसे लक्षण पाये जायेगे तो वही उनका निःशुल्क परीक्षण भी किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक एवं जेलर, डिप्टी जेलर तथा पराविधिक स्वयं सेवक कासिम मौजूद रहे।

घर व गलियों में भरा मूसलाधार बरसात का पानी

नगर की चकोर गली में हुआ जलभराव

अशोक नगर में जलभराव से होकर गुजरता युवक

अशोक नगर में घर के अंदर हुआ जलभराव

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

नगर के अधिकांश मोहल्लो की गलियां व घर बरसात होने पर जलमग्न हो गए। जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वही पालिका प्रशासन की बरसात से पूर्व कराई गई सफाई की तैयारियां भी धरी की धरी रह गई। घरों के भीतर व गलियों में जलभराव होने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि दुकानों व घरों में रखा सामान भी जलभराव से खराब हो गया। इससे लोगों को आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ा। मंगलवार को हुई मूसलाधार बरसात में नगर के मोहल्ला आजाद नगर, विजय नगर, चकोर रोड, अशोक नगर, किदवई नगर सहित अन्य मोहल्लों के घर व गलियां जलमग्न हो गई। गंदे नाले का पानी मोहल्लों में भरकर घरों में भर गया। जिससे लोगों को अपने निजी कार्यों के लिए गलियों व घरो में भरे दो से तीन फिट तक पानी से होकर निकलना पड़ा। लोग घरेलू सामान को ऊंचे स्थान पर रखने को मजबूर है। वही चकोर रोड के दुकानदारों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घरों व गलियों में भरे पानी का वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे पूर्व बरसात की आहट को लेकर पालिका प्रशासन के द्वारा नालियों की साफ सफाई करवाई गई थी। उसके बाद भी नगर के मोहल्लों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे पालिका प्रशासन द्वारा कराए गए सफाई कार्य की पोल खुल गई। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि पालिका प्रशासन की ओर से नालियों में जमा सिल्ट को नहीं उठाया जाता है। जबकि ऊपर का कूड़ा भर लिया जाता है। जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

- जलमग्न हुई गलियां, खुली पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल

मूसलाधार बारिश में मुश्ताक शाह के आश्रम की दीवार गिरी

भारी बारिश समधन में सूफी संत बाबा मुस्ताक शाह के आश्रम की गिरी दीवार को दिखाते बाबा मुस्ताक शाह

समधन, समृद्धि न्यूज़

पिछले कई दिनों से रोजाना झमाझम हों रही बारिश से आम जनमानस के लिए राहत भी और आफत भी लेकर आई बारिश खेतों में तैयार फसलों को बचाने के लिए दिन रात जुटा है किसान मक्का और मूंगफली की तैयार फसल खेतों में ही सड़ने लगी है। मंगलवार को समधन व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में दोपहर बाद मूसलाधार शुरू हुई बारिश से जहां एक तरफ आम जनमानस को गर्मी से राहत तों मिली लेकिन किसानों के लिए आफत वनकर हुई बारिश घरों में घुसा पानी किसानों की खेतों में मंक्का और मूंगफली अब तो सड़ने लगी है। इतना ही नहीं बल्कि किसानों की सुखाई जा रही मक्का पानी में भीगकर वहने लगीं बारिश के दौरान समधन में सूफी संत बाबा मुस्ताक शाह के आश्रम की करीब 70 फुट लंबी दीवार अचानक धराशाई हो गई। बाबा मुस्ताक शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि मूसलाधार बारिश हो रही थी और आसमान से बिजली की तेज तड़तड़ाहट की जैसे ही आवाज हुई वैसे ही दीवार धराशाई हो गई। यहां के तमाम लोग इस बात की चर्चा करते नजर आए कि कई बरसों के बाद इतना पानी आज इस बरसात में पहली बार गिरा है करीब डेढ़ घंटे हुई झमाझम बारिश इस बारिश से अब किसानों को चिंता सताने लगी है।

टूटे शौचालय की दीवाल गिरी, मलबे में दबकर छात्रा की मौत

मेरापुर, समृद्धि न्यूज। शौचालय की दीवाल के मलबे से दबकर छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में घायल छात्रा को उपचार हेतु स्वजन एंबुलेंस द्वारा सीएचसी ले गए। जहां से लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया लोहिया से सैफई जाते समय रास्ते में छात्रा मानसी की मौत हो गई।

मंगलवार दोपहर बाद मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव पिलखना निवासी रामचंद्र खटिक की 9 वर्षिय पुत्री मानसी गली से गुजर रही थी कि तभी अचानक पड़ोसी राजवीर के टूटे पडे शौचालय की दीवाल भरभराकर मानसी के ऊपर गिर गई। मानसी शौचालय की दीवाल के मलबे से दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। चीखपुकार की आवाज पर स्वजनों व ग्रामीणों ने जैसे तैसे शौचालय की दीवाल के मलबे को हटाकर छात्रा मानसी को बाहर निकाला। घायल छात्रा मानसी को स्वजन एंबुलेंस से उपचार हेतु सीएचसी नवाबगंज ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मानसी को लोहिया के लिए रेफर कर दिया लोहिया से मानसी को सैफई के लिए रेफर किया गया सैफई ले जाते समय छिबरामऊ पंहुचते ही छात्रा मानसी ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मानसी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा थी। प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि सन् 2013-2014 में पूर्व प्रधान द्वारा शौचालय बनवाया गया था।

जहानगंज थानाध्यक्ष व सिपाही लाइन हाजिर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बीती रात एसपी विकास कुमार ने थानाध्यक्ष जहानगंज मनोज भाटी व थाने में तैनात सिपाही सत्यनारायन को लाइन हाजिर कर दिया। बताते चले कि काफी समय से थाना जहानगंज पुलिस द्वारा उत्पीड़न किये जाने की शिकायतें आ रही थी। बीते दिन एक महिला ने शिकायत की थी कि उसके पति को जबरियन थाने में बिठाकर रखा है। इन्ही सबके चलते पुलिस अधीक्षक ने यह कार्यवाही है।

सातनपुर मंडी से बाहर निकाले जायें आवारा पशु

फर्रुखाबाद (सं.)। सातनपुर मंडी के अंदर आवारा पशुओं के झुण्डों द्वारा मंडी में लाने वाले किसानों की फसल को बरबाद कर देते है। इसी के चलते भाजपा नेता अशोक कटियार ने शिकायत की थी कि सातनपुर मण्डी में आवारा पशुओं की काफी तादात है। जिनसे किसानों द्वारा लायी गई फसल काफी नुकसान कर देते हैं। कृषि उत्पादन समिति के प्रभारी सचिव ने समस्त गार्ड कृषि उत्पादन मण्डी समिति को आदेशित किया है कि तत्काल प्रभाव से पकड़कर इन्हे गौशाला भेजा जाये। सुरक्षा पर लाखों रुपया खर्च होता है उसके बावजूद मण्डी के अंदर आवारा पशु घूमते दिखायी देते है। सातनतपुर मण्डी के अंदर आवारा पशुओं के विचरण पर तत्काल रोक लगायी जाये।

दहेज एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कायमगंज (सं.)। उ0नि0 अमित कुमार सिह ने अपने हमराहों के साथ मुखबिर की सूचना पर दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कायमगंज के मोहल्ला मदारपुर निवासी उमेश पुत्र रामसेवक धारा 498, 304 व 3/4 में वांछित चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली के उ0नि0 अमित कुमार ने अलीगंज रोड पुलिया के पास मझोला मोड़ की तरफ जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर उसे उस समय पकड़ लिया जब वह भागने की फिराक में था। तलाशी के दौरान उसके पास से 120 रुपये बरामद हुए।

बिजली घर के प्रांगण में बारात घर न बनाये जाने की मांग उपजिलाधिकारी से

▶ हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाने की अपील की

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सभासद

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बिजली घर के प्रांगण में बन रहा कल्याण मंडल (बारात घर) ना बनाएं जाने के संबंध में 12 नगर पंचायत के सभासदों ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

नवाबगंज नगर पंचायत द्वारा बनाया जा रहा कल्याण मंडल बारात घर 33/11 उप केंद्र नवाबगंज के प्रांगण में ना बनाए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा। सभासदों का कहना है की विद्युत उपकेंद्र में चारों तरफ लाइनें फैली हुई है। जिसके चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा और जनहानि हो सकती है। इसी को लेकर सभासदों ने डीएम से अपील की है कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा अवैध तरीके से स्व प्रेरणा प्रस्ताव पर कस्बे के कुछ लोगों के साइन कराकर गलत तरीके से प्रस्ताव भेजा है जो नितांत गलत है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से हो रहे कार्य को रुकवाने की अपील की है। जिसमें पूजा राठौर, ब्रजमोहन, ललित, कुलदीप कुमार, पवन सिंह, बबली देवी, रामवती, भूपेंद्र सिंह, राहुल यादव, आरती देवी, रंजीता बानो, पुष्पेंद्र यादव सभासदों ने उपरोक्त ज्ञापन डीएम की अनुपस्थिति में एसडीएम को सौंपा।

चौथी बार भी राशन की दुकान का नहीं हो पाया चयन, तीन समूहों के जमा कराये गये कागज

बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व ग्रामीण

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। चौथी बार भी बैठक में राशन की दुकान का चयन नहीं हो पाया। तीन महिला समूह के कागज उच्च अधिकारियों ने जमा कराये और जिला अधिकारी द्वारा राशन की दुकान का चयन करने का आश्वासन देकर बैठक को समाप्त कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव गदनपुर में कुछ माह पूर्व कोटेदार लज्जाराम ने राशन की दुकान का त्यागपत्र उच्च अधिकारियों को दिया था। तब से कोटे को पड़ोस गांव से संबद्ध कर दिया गया था। तीन बार कोटे के चयन को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार अन्य साथियों के साथ ग्राम प्रधान मंजू देवी की मौजूदगी में पंचायत घर के पास तीन बार बैठक बुलाई गई, लेकिन हर बार ग्रामीणों को समस्या बताकर बैठक आगे बढ़ा दी गयी। आज चौथी बार राशन की दुकान का चयन होना था। जिसमें तीन समूह के अध्यक्षों ने अपने-अपने समूह के नाम पर आवेदन किया। जिसमें जय मां वैष्णो देवी स्वयं सहायता समूह और जय हिंद स्वयं सहायता समूह और दुर्गे मां स्वयं सहायता समूह द्वारा आवेदन किया गया। बैठक में सुबह से ही समस्त ग्रामीण पहुंच गए थे। तहसीलदार ने थानाध्यक्ष को निर्देश देते कहा बैठक में सिर्फ समूह की सदस्य ही मौजूद रहेंगे, अन्य ग्रामीणों को बैठक से घर भेज दिया जाए। थानाध्यक्ष ने बैठक में आये ग्रामीणों को घर भेज दिया। नायब तहसीलदार कायमगंज अनवर हुसैन द्वारा तीन स्वयं सहायता समूह द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद जिला अधिकारी द्वारा राशन की दुकान के चयन की प्रक्रिया को लेकर बैठक को खत्म किया गया। नायब तहसीलदार ने बताया समूह की प्रक्रिया पूरी करके रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी। आगे की प्रक्रिया डीएम द्वारा पूरी की जाएगी। बैठक में एडीओ आईएसबी प्रशांत कुमार, एडीओ एजी ए0के0 सचान, प्रधान मंजू देवी सहित आदि मौजूद रहे। बैठक में सुरक्षा दृष्टि से थानाध्यक्ष बलराज भाटी व फोर्स मौजूद रहा।

सांसद ने फीता काटकर किया जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारंभ

▶ स्वस्थ व समृद्ध प्रदेश की परिकल्पना तभी होगी पूर्ण जब मां और बच्चा दोनों होंगे स्वस्थ

दंपति को शगुन किट देते सांसद मुकेश राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 11 जुलाई से विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को डॉ0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय (महिला) सहित जनपद के सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी, पीएचसी), सिविल अस्पताल लिजीगंज पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की शुरुआत हुई। डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय (महिला) में सांसद मुकेश राजपूत ने फीता काटकर पखवाड़े का शुभारंभ किया और नव दंपति को शगुन किट प्रदान की। उन्होंने इस अवसर पर लगाये गये परिवार नियोजन के स्टॉल का निरीक्षण कर इसके बारे में जानकारी भी ली। कार्यक्रम का संचालन यूपीटीएसयू से डीएफपीएस रिज़वान अली और पीएसआई इंडिया से अमित वाजपेई ने किया। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि जब बात परिवार नियोजन की आती है तो उसको निभाने की जिम्मेदारी महिलाओं पर डाल दी जाती है। पुरुष भी अपनी जिम्मेदारी को समझें और परिवार नियोजन में अपनी सक्रियता दिखाएं, तभी हम स्वस्थ समृद्ध प्रदेश की परिकल्पना कर सकते हैं। उन्होंने कहा मां और शिशु दोनों की सेहत का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने परिवार नियोजन पर बल दिया और कहा कि आज हम विश्व में चीन से भी आगे निकल गए हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 यूसी वर्मा ने कहा कि यह पखवाड़ा 31 जुलाई तक मनाया जाएगा। सीएमएस डॉ0 कैलाश दुल्हानी ने कहा कि परिवार को जितना सीमित रखोगे उतनी ही समृद्धि होगी। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी निष्ठा श्रीवास्तव, डॉ0 कृष्णा बोस, डीपीएम कंचन बाला, डीसीपीएम रणविजय प्रताप सिंह, जिला परिवार नियोजन परामर्श दाता विनोद कुमार आरबीएसके से अमित शाक्य सहित आशा कार्यकर्ता और दंपति मौजूद रहे।

खबरें चलते-चलते

उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक आज

फर्रुखाबाद (सं.)। जिला उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी के निर्देशानुसार सह महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने जारी विज्ञप्ति कर सूचित किया है कि 12 जुलाई शाम 4 बजे व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल के निवास खतराना में बैठक होगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

जन सूचना अधिकार के तहत न0पा0 ने दी जानकारी

फर्रुखाबाद (सं.)। अधिवक्ता शिवेंद्र मोहन मिश्रा ने जन सूचना अधिकार के तहत अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका से शहर में लगवाये गये नौ वॉटर कूलर व विकास कार्य हेतु सरकार से धनराशि की सूचना मांगी थी। जिसके तहत जन सूचना अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा अधिवक्ता शिवेंद्र मोहन मिश्रा को पत्र भेजकर अवगत करा दिया गया है कि नगर पालिका सीमा अन्तर्गत नौ वॉटर कूलर सुचारु रुप से कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2020-2023 तक विकास कार्य हेतु सरकार से 14वें व 15वें वित्त से कुल 825 कार्य कराये गये हैं। जिनके लिए धनराशि 570295924.00 आयी है।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आदेशानुसार कार्यालय खण्ड शिक्षाधिकारी नवाबगंज में बेसिक शिक्षा परिषद के जर्जर भवनों की नीलामी व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही क्रमशः प्रा0वि0 वेग, प्रा0वि0 रायपुर तथा प्रा0वि0 भगोरा की नीलामी होनी है। **प्रा0वि0 वेग (3 ACR)** की नीलामी 12/07/2023, **प्रा0वि0 रायपुर** (जर्जर भवन) की नीलामी 12/07/2023 व **प्रा0वि0 भगोरा** (जर्जर भवन) की नीलामी 13/07/2023 को होनी है। समस्त इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त नीलामी प्रक्रिया में नियमों व शर्तों के अधीन बोली में भाग ले सकते है।

संबंधित
प्र0अ0

पूजा कठेरिया बनीं सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष

पूजा कठेरिया का स्वागत करते जहान सिंह लोधी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की सहमति से महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने पूजा कठेरिया को महानगर अध्यक्ष महिला सभा का घोषित किया है। वह अपनी 7 दिन के अंदर महानगर कमेटी बनाकर घोषित करेंगी। पार्टी कार्यालय पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी व सुलक्षणा सिंह की अगुवाई में पूजा कठेरिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी, चन्द्रेश राजपूत, सुखराम पाल, लक्ष्मी राजपूत, बबली राजपूत, गीता राजपूत, जानवी आदि लोग मौजूद रहे।

भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते भारतीय किसान संघ के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर 11 सूत्रीय मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गयी आलू उत्पादन में जनपद अग्रणी है। जनपद में आलू आधारित उद्योग की स्थापना नहीं की जा रही है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी आलू आधारित उद्योग न लगना यह दुर्भाग्य है। आलू की घोर मंदी से उबरने के लिए सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की स्थायी नीति व आलू निर्यात करने की स्थायी नीति बनाकर प्रतिवर्ष आलू निर्यात करने के लिए लागू करें। कायमगंज में स्थापित चीनी मिल की मशीनें पुरानी होने के कारण जर्जर अवस्था में हैं। फसल की पेराई तेज गति से नहीं हो पाती। आधुनिक मशीनें लगवायी जायें। कृषकों के निजी नलकूपों को विद्युत बिल माफ किये जायें और मुफ्त बिजली देने की घोषणा की गयी उसे लागू किया जाये। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति दी जाये। शासनादेश के अनुसार वरिष्ठ नागरिक, किसानों के लिए प्रभावी कदम उठाये जायें। बरसात, ओलावृष्टि से नुकसान होने पर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाये आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश कुमार, शिवनंदन सिंह भदौरिया, महावीर सिंह श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

प्रधान की लापरवाही: वारिश का पानी घरों में घुसा

ज्ञापन सौंपने के बाद जानकारी देते ग्रामीण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष नितिन कुमार की अगुवाई में ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी कि ग्राम प्रधान द्वारा तालाब की खुदाई न कराने पर वारिश का पानी घरों में भरने लगा है। ग्राम रायपुर के ग्रामीणों ने प्रधान द्वारा तालाब की खुदाई न कराने को लेकर ज्ञापन सौंपकर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। वारिश का पानी गांव के लगभग 20 घरों में घुस गया है। जिससे निकलने बैठने में परेशानी हो रही है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। आसपास बिजली के खंभे लगे हैं जिनमें करंट आ रहा है। जिससे कोई अप्रिय घटना घट सकती है। ऐसे में वारिश का पानी इकट्ठा करने के लिए तालाब की खुदाई शीघ्र करायी जाये। लगातार प्रधान की लापरवाही के चलते ग्रामीणों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है और उल्टा प्रधान पति ग्रामीणों को धमका रहे हैं। इस मौके पर अशोक कुमार, जगदीश, सरिता, पूनम, गुड्डी, रागिनी, विनीता, सोनी, बृजेश, राज नरायन, सपना, प्रांशु मौजूद रहे।

जाम की झाम से नहीं मिल रही निजात, आये दिन फंसते हैं स्कूली वाहन

▶ जिम्मेदार कुछ भी बोलने को तैयार नहीं

आवास विकास तिरहे के पास जाम में फंसे वाहन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जाम की झाम से रोजाना लोग परेशान हो रहे है। स्कूल की छुट्टी के समय बड़े वाहनों का गुजरना एवं स्कूली वाहन के कारण शहर के मुख्य मार्गों पर रोजाना जाम लग रहा है।

यह नजारा मंगलवार को आवास विकास तिराहे पर देखने को मिला। दोपहर 1 बजे से 2 बजे के बीच जाम लग गया। कुछ वाहन अपनी साइड छोड़कर दूसरे साइडों में चले जाते है, जिस कारण जाम लगना स्वाभिक है। यातायात पुलिस रोजाना ऐसे लोगों का चालान भी काटती है। उसके बावजूद भी वाहन चालक जल्दी जाने के कारण अपनी साइड छोड़कर दूसरी साइड पर चले जाते है। जिस कारण जाम लग जाता है। दूसरे साइड में चले जाने के कारण टेंपों व ई-रिक्शा है, क्योंकि नियम तोड़ने में टेंपों -ई-रिक्शा चालक माहिर है। ई-रिक्शा चलाते समय कई नाबालिक दिख जाते है। इनके पास ड्राइविंग लाइसेंस तो नहीं होता पर अपनी साइड छोड़कर दूसरी साइड में जाने से नहीं मानते है। प्राइवेट स्कूल वाहन भी छुट्टी के दौरान बच्चों को छोड़ते है। उस समय जाम का नजारा मुख्य मार्ग पर रोजाना देखने को मिलता है। टाउन हाल से लेकर फतेहगढ़ तक जगह-जगह जाम होता है। जिस कारण बच्चे इस गर्मी व उमस में परेशान होते है। कभी-कभी इस जाम में एंबुलेंस भी फंसी रहती है। फुथपाथ को घेरना भी जाम का यह कारण है।

राजनीति में हर किसी के सुख-दुख में काम आने वाला व्यक्ति ही जनता का हितैषी: मोहन पाठक

▶ महात्मा गांधी हमारे आदर्श, हर कार्य शुरु करने से पहले उनकी प्रतिमा पर करूंगा श्रद्धासुमन अर्पित

गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते मोहन पाठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आउटरिच सिविक सोशल विभाग के प्रदेश जरनल सिक्रेटरी मोहन पाठक ने अपनी राजनीति का आधार महात्मा गांधी की तरह करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि समाज में रहकर हर अच्छे व्यक्ति की प्रशंसा करों, गलत व्यक्ति को सही रास्ता दिखाने की प्रेरणा दो, राजनीति कांटों भरा ताज है। उसके लिए जनता के प्रति समर्पित होता बहुत जरुरी है। उन्होंने अपना महात्मा गांधी को आदर्श मानते हुए संकल्प लिया कि हर कोई अच्छा कार्य शुरु करने से पहले हम अपने आदर्श महात्मा गांधी को माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए गांधीवादी तरीका अपनाने की जरुरत है। इससे जनता से संवाद होगा और लोग जुड़ेंगे। मोहन पाठक का मानना है कि समाज में हर किसी के दुख सुख बांटना ही सबसे बड़ी राजनीति है।

कार्यालय ग्राम पंचायत रम्पुरा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 03/07/2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रम्पुरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 04/07/2023 से 12/07/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/07/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र.स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	बाके लाल के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य	999000	2 प्रतिशत	500
2-	मसूदपुर पट्टी के बीच में पुलिया निर्माण कार्य	999000	2 प्रतिशत	500
3-	रुपपुर मंगलीपुर चौराहे से बाके लाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	999000	2 प्रतिशत	500
4-	मसूदपुर पट्टी में गुलाब के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य	999000		

नियम व शर्तें- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(रानीदेवी) प्रधान — (मो0 जीशान) सचिव

ग्राम पंचायत रम्पुरा विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।

महिला के साथ मारपीट करने पर पति पर मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। पति द्वारा मारपीट व यातनायें देने के मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलवाज नगर निनासी पुष्पा पत्नी रामसनेही ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसके पहले पति वेदराम उर्फ पप्पू की 17 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। उसने दूसरा विवाह रामसनेही उर्फ बाबा से किया है। पहले पति से एक लड़का है जिसका नाम नवनीत है। मेरा दूसरा पति रामसनेही अपराधी किस्म का है। जिसे पुलिस पहले गुण्डा घोषित कर चुकी है। उसके भय से मोहल्ले के लोग उसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते है। मेरे साथ मारपीट करता है और भूखा प्यासा रखकर काम कराता है। चिपटे से पिटाई कर जान माल की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

धारदार हथियार से अधेड़ की हत्या, क्षेत्र में सनसनी

- घर के आंगन में चारपाई पर पड़ा मिला शव
- मृतक की पुत्री को घटना की सुबह हुई जानकारी
- पुलिस अधीक्षक, एएसपी, सीओ व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच

रोते बिलखते मृतक के परिजन

मौके पर जांच करते पुलिस अधीक्षक व मौजूद फॉरेंसिक टीम

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव मीठापुर में घर के अंदर एक अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। घटना की जानकारी उस समय हुई जब मृतक की पुत्री सोकर उठी और उसने पिता का शव लहूलुहान चारपाई पर पड़ा देखा। इस पर उसने चीखपुकार शुरु कर दी। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की और सूचना उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर एसपी व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना क्षेत्र के ग्राम मीठापुर निवासी 42 वर्षीय धर्मेन्द्र कुमार पुत्र विजय लाल सोमवार की शाम को अपने खेत से हरी मिर्ची तोड़ कर अपने घर लाया था। उसके बाद लगभग 8: 30 बजे अपनी 16 वर्षीय पुत्री रवीना को गांव में ही दुकान से छोले देकर कहीं चला गया। उसके बाद पुत्री रवीना अपने अंदर कमरे में सो गई। मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे के आसपास पुत्री रवीना की जब आंख खुली तो उसने पिता धर्मेंद्र कुमार को चादर ओढ़े हुए चारपाई पर लेटे हुए देखा तो उसने उठाने के लिए पिता के सिर से जैसे ही चादर हटायी तो उनका शव लहूलुहान में था। यह देख रवीना ने चीखपुकार शुरु कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गये। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश राय, उप निरीक्षक कैलाश चंद्र ने जांच की और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। एएसपी डा0 संजय कुमार, सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय, फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच की। सूचना मिलने पर कुछ देर बाद एसपी विकास कुमार ने भी पहुंचकर जांच की। मृतक की पुत्री रवीना से पूछताछ करने पर उसने बताया कि मुझे कोई जानकारी नहीं है कि पिता किस समय घर आये और किस समय घटना घटित हुई। बताते चलें कि मृतक की पत्नी फूलश्री का धर्मेंद्र के साथ कुछ दिन पहले झगड़ा हो गया था। जिसकी शिकायत थाने में की थी। फूलश्री लगभग 5 दिन पहले अपने मायके की कहकर अपने घर से गई थी।

जिस पर रवीना ने फोन करके जब अपनी मामी से पूछा तो मामी संगीता ने बताया कि यहां पर नहीं आई है, लेकिन आज वह अपनी ससुराल में आ गई। मृतक धर्मेंद्र गांव में रहकर खेतीबाड़ी करता था। मृतक तीन भाई था। जिसमें सबसे बड़े भाई हरिराम की बीमारी से चलते पहले ही मृत्यु हो चुकी है, दूसरे भाई शिवचरण की मृत्यु भी लगभग 17 वर्ष पूर्व गोली लगने के कारण हुई थी। उन्हीं की पत्नी फूलश्री अपने देवर मृतक धर्मेंद्र के साथ में रहती थी। वहीं मृतक का एक भतीजा पुष्पेंद्र भी है जो कि पानीपत में नौकरी करता है। मृतक की पुत्री रवीना की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

लाइन सही करते समय सप्लाई चालू होने से लाइनमैन झुलसा

- विद्युत विभाग की लापरवाही से घटी घटना

अस्पताल में भर्ती लाइनमैन

कम्पिल, समृद्धि न्यूज। शटडाउन लेकर काम कर रहा लाइनमैन सप्लाई चालू हो जाने से झुलस गया। साथी ने ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए उसे लोहिया रेफर कर दिया। स्वजनों ने फीडर के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सिवारा स्थित पावर हाउस के शादनगर फीडर का शटडाउन लेकर तीस वर्षीय लाइनमैन सोनू पाल मंगलवार की दोपहर ग्रामीण की शिकायत पर बिजली न आने से शटडाउन लेकर गांव सिकंदरपुर अगू में लाइन सही कर रहा था। शटडाउन के बाद किसी ने पावर हाउस से आपूर्ति शुरू कर दी। जिससे पोल पर चढ़कर काम कर रहे सोनू के शरीर में आग लग गयी। जिससे वह गंभीर रूप से झुलसकर पोल से नीचे आ गिरा। साथी नन्हे ने आसपास मौजूद ग्रामीणों की सहायता से उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि पावर हाउस में शाम होते ही अराजकतत्वों का जमावड़ा लग जाता है। शटडाउन के बाद भी आपूर्ति कैसे चालू हो गयी। इसके बारे में कोई जानकारी नहीं हो सकी है। वहीं घटना के बाद विभाग का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी लाइनमैन के पास नहीं पहुंचा न ही उसे कोई मदद मिली।

गांजा सहित पांच तस्कर गिरफ्तार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। गांजे की तस्करी करने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लाखों रुपये कीमत का गांजा पुलिस ने बरामद कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल, उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव, उप निरीक्षक शिव कुमार यादव, कांस्टेबिल मनोज कुमार, कांस्टेबिल नवनीत कुमार, कांस्टेबिल चन्द्र प्रताप के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर पर दविश देकर घेरकर वाहन को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम गौरव पुत्र शीशराम निवासी ग्राम करीम नगर, पप्पू पुत्र दाताराम निवासी कटिया थाना कम्पिल, नरेश पुत्र राम चन्द्र निवासी कनेगी थाना घिरोर जनपद मैनपुरी, राजेश कुमार पुत्र राम चन्द्र निवासी ग्राम कनेगी थाना घिरोर जनपद मैनपुरी बताया। आरोपियों के पास से 4 किलो 176 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने बताया कि वह बेंचने के लिए बदायूं जा रहे थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि यह लोग काफी समय से इस धंधे में लिप्त थे।

करंट लगने से युवक की मौत, साढू घायल, भर्ती

रोते बिलखते मृतक के परिजन

- साढू के घर टीन शेड डालने के दौरान घटी घटना
- परिजनों ने अस्पताल में जीवित होने की बात कहकर जमकर काटा हंगामा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। साढू के घर टीनशेड डायने गये मिस्त्री को बिजली का करंट लग जाने से वह अचेत हो गया। उसे बचाने के चक्कर में साढू भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मिस्त्री को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके साढू का उपचार शुरु कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट क्षेत्र मोहल्ला बढ़पुर निवासी 40 वर्षीय भरत बाथम पुत्र रामप्रकाश टीन डालने का मिस्त्री था। मंगलवार को कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र नेकपुर चौरासी निवासी अपने साढू मुकेश बाथम के यहां टीन डालने गया था। टीन डालते समय अचानक टीनशेड में करंट उतर आया। जिसकी चपेट में भरत आ गया। भरत को चिपका देख मुकेश ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी चिपक गया। परिजनों ने किसी तरह बिजली बंद की और उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक ने भरत को मृत घोषित कर दिया, जबकि साढू मुकेश को भर्ती कर उपचार शुरु कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक मिस्त्री की मां कमला देवी व पत्नी रंजना आदि का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक का फाइल फोटो

अस्पताल में भर्ती घायल साढू

परिजनों ने बताया कि मृतक तीन पुत्र व एक पुत्री है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवाया।

अनुपम दुबे के गुर्गा समेत कई पर लूटपाट व मारपीट का मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। मुकदमा लिखवाये जाने की रंजिश में कार सवारों ने बाइक चालक की पत्नी से मारपीट कर लूटपाट की। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। छिबरामऊ के मोहल्ला बस्तीराम निवासी राजेश सिंह चौहान पुत्र नरेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर बताया कि वह 9 अप्रैल को अपनी पत्नी राधा रानी के साथ व्यक्तिगत काम से फर्रुखाबाद आ रहा था। समय करीब 11.00 बजे जैसे ही काली नदी के आगे पहुंचा, तभी कुख्यात अपराधी अनुपम दुबे का गुर्गा जावेद अहमद पुत्र अवतार अहमद निवासी मोहल्ला जिलापुरी छिबरामऊ कन्नौज ने पीछे से कार से आकर बाइक रुकवायी। उसके साथ दो और बदमाश कार से उतरे। तीनों के पास हथियार थे। उक्त लोग पीड़ित व उसकी पत्नी को खींचकर मारपीट करने लगे और कहने लगे कि तूने मुकदमा लिखवाने की हिम्मत कैसे की। आज तुम्हें जिन्दा नहीं छोड़ेंगे। उक्त लोगों ने असलाह दिखाकर धमकाया और हम लोगों को अमरुद की बाग की तरफ खींचने लगे। कुछ राहगीरों ने हिम्मत करके ललकारा, तो उक्त लोग पत्नी का मंगलसूत्र, चेन, कुंडल तोड़कर फर्रुखाबाद की तरफ भाग गए। मारपीट में मेरे व मेरी पत्नी के गंभीर चोटें आई। पैर की हड्डी टूट गई। डर की वजह से मैंने कहीं कोई शिकायत नहीं की, लेकिन पुनः जावेद आकर मुझे आये दिन धमकी दे रहा है कि छिबरामऊ छोड़कर चले जाओ नहीं तो तुम्हें बात तुम्हारे परिवार को बम से उड़ा दूंगा। शिकायत के आधार पर जहानगंज थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

खबरें चलते-चलते

मोबाइल छीनने में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

कमालगंज (सं.)। बाइक सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीनकर फरार हो गये। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम देवराजपुर निवासी आरिफसिद्दीकी पुत्र मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 6 मई को मैं अपने गांव देवराजपुर गौसपुर चौराहे पर घूम रहा था, तभी अचानक एक अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों ने मेरा मोबाइल छीनकर फरार हो गये। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

बच्चों के विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

कमालगंज (सं.)। बच्चों के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुर कर दी। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम अजीजलपुर निवासी रूबी बेगम पत्नी मुफीद खान ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 10 जुलाई को समय करीव 4:30 बजे मैं अपने दरवाजे पर बैठी थी, उसी समय भतीजे एवं भतीजी इकरा एवं मोहम्मद कैफ खेल रहे थे, तभी सगीर और सोहेब पुत्र समीद खान आये और भतीजे व भतीजी के साथ गाली-गलौज करने लगे। शोरगुल की आवाज सुनकर सोहेब की मां साविरा बेगम व मोहम्मद आलम, औवेस आ गये और उक्त लोग लाठी-डंडों से पीड़िता को मारने के लिए दौड़े तो पीड़िता अपने घर में घुस गयी। आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

पिता-पुत्र के विरुद्ध मारपीट का जवाबी मुकदमा दर्ज

मेरापुर (सं.)। थाना क्षेत्र के गांव भूड़नगरिया निवासी जयपाल सिंह पुत्र गेंदा सिंह ने अपने भतीजे ललित कुमार व उसके पुत्र विपिन कुमार के विरुद्ध मारपीट का जवाबी मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार जयपाल सिंह का उनके भतीजे ललित कुमार के बीच जमीनी विवाद को लेकर न्यायालय में मामला विचाराधीन है न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं इसके बाद भी 4 जुलाई 2023 की रात रात्रि 9.00 बजे ललित कुमार व उनके पुत्र विपिन कुमार मेरे दरवाजे के सामने आकर गाली-गलौज करने लगे जब मैंने व मेरे पुत्र आलोक ने विरोध किया तो विपिन कुमार व ललित कुमार हम लोगों के साथ लाठी-डंडों व ईट पत्थरों से मारपीट करने लगे। शोर-शराबे की आवाज सुनकर पड़ोसी ओम नंदन, आदेश कुमार आदि लोगों के मौके पर आ जाने पर उपरोक्त आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। मारपीट किए जाने से आलोक कुमार का सिर फट गया और जयपाल के शरीर में भी काफी चोटें आ गई। मेरापुर पुलिस ने एक सप्ताह बाद मारपीट गाल-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच संकिसा चौकी प्रभारी अच्छे लाल पाल के सौंप दी। गौरतलब है कि 7 जुलाई को ललित कुमार ने वादी जयपाल सिंह के पुत्र आलोक कुमार व सुखदेव के विरुद्ध मारपीट व गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था।

सहायक विकास अधिकारी ने दो पर दर्ज कराया मुकदमा

कमालगंज (सं.)। फर्जी हस्ताक्षर कर शौचालय लाभार्थियों के कागज जिला स्तर पर प्रस्तुत करने के मामले में पुलिस ने सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार खंड विकास में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी सुभाष चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि विकासखंड में कार्यरत प्रदीप कुमार एवं आशीष कश्यप खंड प्रेरक के द्वारा एसवीएम के अंतर्गत शौचालय विहीन पात्र लाभार्थियों को शौचालय की सुविधा से आच्छादित करने हेतु फर्जी दस्तावेज तैयार कर उस पर मेरे एवं खंड विकास अधिकारी आलोक आर्य एवं आलोक दुबे ग्राम विकास अधिकारी के हस्ताक्षर बनाकर कूट रचित दस्तावेज तैयार करके उस पर डिस्पैच नंबर भी फर्जी डाल दिया और कार्यालय पर आवंटन हेतु बिना किसी जानकारी के किसी प्रस्तुत किए गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

किशोरी को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

मेरापुर (सं.)। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव परिउली खरदाई निवासी चमन खां पुत्र जहीर खां को संकिसा चौकी प्रभारी अच्छे लाल पाल ने पखना चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गौरतलब है कि 8 जुलाई को मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ति ने उक्त आरोपित चमन खां व चमन खां के पिता जहीर खां के विरुद्ध किशोरी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने एवं गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस किशोरी को पहले ही बरामद कर चुकी है बरामदगी के बाद किशोरी का मेडिकल कराया गया। इस मामले में पुलिस अन्य विधिक कार्यवाही कर रही है।

चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उड़ाई नकदी व सामान

मोहम्मदाबाद (सं.)। अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर लाखों की नगदी व सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के ग्राम सिरपालपुर निवासी उपेन्द्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी बहोरिकपुर रोड पर दुकान है। वह सेल्समैन का भी कार्य करता है। 9 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोरों ने दुकान से 1 लाख 18 हजार रुपया चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

नौ वर्ष बाद हत्या के प्रयास के मामले में एक पर दोष सिद्ध, आज सुनायी जायेगी सजा

- साक्ष्य के अभाव में प्रेम सिंह, सुरेश सिंह, महेश सिंह को किया गया दोषमुक्त
- नौ वर्ष पूर्व 21 जून 2014 को घटी थी घटना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तमंचा से जान से मारने की नियत गोली मारने के मामले में अपर जिला जज विशेष ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने आरोपी रघुनन्दन पुत्र मुंशीलाल निवासी हरियलपुर कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 12 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

जानकारी के अनुसार विगत 9 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम हरियलपुर निवासी कुंवर सेन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 21 जून 2014 को मैं अपने घर पर मौजूद था। मेरे ताऊ के लड़के लेखपाल की पत्नी शाम को शौचक्रिया करने खेतों की तरफ गयी थी। वापस आते समय गांव के बाहर स्कूल के पास मेरे गांव के प्रेम सिंह पुत्र महेशचंद्र उर्मिला से विवाद करने लगे, तभी गांव के ही सुरेशचन्द्र, महेशचंद्र, रघुनाथ पुत्रगण मुंशीलाल भी आ गये और यह लोग भी गाली गलौज करने लगे। शोर सुनकर मैं व मेरा भाई कश्मीर हाथ मे टॉर्च लेकर पहुंच गए।

टार्च की रोशनी में इन सभी को पहचान लिया। उक्त लोगों को गाली देने से मना किया, तभी रघुनंदन ने अवैध तमंचा लेकर जान से मारने की नियत से गोली मार दी। उक्त सभी लोग फायर करते हुए खेतों की तरफ भाग गए।

कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रेम सिंह, सुरेश, महेश, रघुनंदन के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307, 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने सक्ष्य व गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सुनवाई पूर्ण होने के बाद बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अभिषेक सक्सेना, अखिलेश कुमार की कुशल पैरवी के आधार पर रघुनंदन को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 12 जुलाई बुधवार की तिथि नियत की गई है। वहीं साक्ष्य के आभाव में न्यायालय ने प्रेम सिंह, सुरेश सिंह, महेश सिंह को दोष मुक्त कर दिया गया।

नगर पंचायत गौशाला का डीएम ने किया निरीक्षण

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर किया निरीक्षण, साफ-सफाई के दिये निर्देश

नगर पंचायत गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत गौशाला का सोशल मीडिया पर आधा दर्जन पशुओं का तड़पते हुए वीडियो वायरल हुआ थाष। जिसमे कई गौवंश भूख से व्याकुल और तड़पते हुये दिखाई दिये थे। जिस पर संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी संजय सिंह ने मंगलवार को गौशाला का निरीक्षण किया। गौवंशों की संख्या के बारे मे जानकारी पर जिलाधिकारी ने बताया गौशाला पर तैनात कर्मचारियों के बताये अनुसार 280 पशु हैं। बाकी अभी गौशाला में गायों की गिनती करवायी जा रही है। वायरल वीडियो के बारे में उन्होंने कहा जांच में पता चला है ये वीडियो 8 माह पुराना है। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान 177 गोवंश बताए गए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में भूसा, दाना, हरा चारा ठीक मात्रा में पाया गया। जिलाधिकारी ने गौशाला में कीचड़, गन्दगी देख बेहतर साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

पुलिस ने चेकिंग कर वाहनों के काटे चालान, वसूला जुर्माना

वाहनों की चेकिंग करती पुलिस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर जिले के समस्त थाा व कोतवालियों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहनों के चालान कर उनसे जुर्माना वसूला गया। वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। लोग अपने-अपने वाहन इधर उधर से निकालते दिखायी दिये।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को जनपद में थाना पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बगैर कागजात, बगैर डीएल, बगैर हेलमेट के गाड़ी चलाने वालों के चालान काटे तथा जुर्माना वसूल किया। इस दौरान पुलिस ने तीन सवारी बैठालकर चलने वाले वाहन चालकों की भी खबर ली तथा उनसे पूछताछ कर आइंदा से तीन सवारी लेकर न चलने की हिदायत दी। पुलिस ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि वह यातायात के नियमों का पूरी तरह से पालन करें और गाड़ी के समस्त कागजात व सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। जिससे आप सुरक्षित रहें। पुलिस के इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही।

युवा कल्याण विभाग एवं खेल संघों के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में होगी खेल प्रतियोगितायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। युवा कल्याण विभाग एवं खेल संघों के समन्वय से सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगितायें करायेगी। प्रतियोगिता के आधार पर चयनित उदीयमान खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रशिक्षण देकर निखारा जायेगा। जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने जिला ओलम्पिक संघ के सचिव को जारी पत्र में कहा कि युवा कल्याण विभाग एवं खेल संघों के समन्वय से विभिन्न खेलों में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रतियोगितायें करायी जायेगी। जिन खेलों प्रतियोगितायें होना है उनमें एथलेटिक, बालीवाल, कबड्डी, कुश्ती, भारोत्तोलन, फुटबाल, बैडमिंटन एवं जूडो खेल शामिल है। क्रीड़ाधिकारी ने जिला ओलम्पिक संघ के सचिव से जनपद में उपरोक्त खेलों के मान्यता प्राप्त संघों के सचिवों की सूची खेलकूद कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि खेल संघों के सचिवों की सूची युवा कल्याण विभाग को भेजी जायेगी। शासन की मंशा के अनुरुप युवा कल्याण विभाग एवं संबंधित खेलों के सचिवों के समन्वय से खेल प्रतियोगितायें विकास खण्ड, मण्डल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगितायें आयोजित की जायेगी।

जानलेवा हमले में अनुपम दुबे तलब, गवाहों को नोटिस जारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जानलेवा हमला करने वालों लूट के मामले में बसपा नेता अनुपम दुबे को ईसी एक्ट न्यायालय में तलब किया गया। वहीं इस मुकदमे से संबंधित दोनों सिपाहियों को गवाह देने के लिए नोटिस जारी किया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ निकट मिलिट्री चौराहा के पास 4 अक्टूबर 1997 उस समय लगभग 7 बजे राम बारात निकलने के दौरान टीवी वीसीआर फ्रिज विक्रेता सरदार मंजीत सिंह के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर करने रंगदारी के मामले में नेम कुमार उर्फ बिलैया, अनुपम दुबे को आरोपी बनाया गया। इस मुकदमे में आरोपी नेम कुमार बिलैया पुलिस मुठभेड़ के दौरान मारा जा चुका है। इसी मुकदमे में आरोपी अनुपम दुबे को ईसी एक्ट के न्यायाधीश राकेश कुमार ने तलब किया है। वहीं इस मुकदमे में कांस्टेबिल दयाराम, कांस्टेबिल सहवीर सिंह गवाही के लिए नोटिस जारी किया गया है। मुकदमे में गवाहों ने दर्शाया था कि जिस समय घटना घटित हुई। वह मिलिट्री चौराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। गोली की आवाज सुनकर भागकर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि नेम कुमार व अनुपम दुबे घटना के बाद गाड़ी में बैठकर जा रहे थे।

सूचना

मेरे पासपोर्ट संख्या एल 2762418 में मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र सियाराम गुप्ता जन्मतिथि 6/07/1973 अंकित है, जबकि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में प्रार्थी का नाम मुकेश कुमार पुत्र सियाराम जन्मतिथि 01/01/1977 अंकित है, जो सही है। दोनों नाम प्रार्थी के ही है। **मुकेश कुमार पुत्र सियाराम निवासी राजीव नगर मोहम्मदाबाद व पोस्ट मोहम्मदाबाद तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद।**